वर्ष- 11 अंक-278
लखनऊ, मंगलवार 28 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राजनीति में उदासीनता लोकतंत्र के लिए खतरा : जेपी नड्डा 03

आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण : मुर्मु 12


# यूपी में आने लगा लाखों करोड़ का निवेश : योगी

**संबोधन**

- हमारा संकल्प था माफिया को मिट्टी में मिला कर रहेंगे
- आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी।

योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते थे और लगातार प्रयास करते थे। मगर, जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था, सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे। इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया। आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णानंद राय के साथ ही श्याम शंकर राय, रमेश राय, रमेश पटेल, मुन्ना यादव सहित अन्य लोगों को बर्बरता के साथ मारा गया था। तब प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। ये दोनों जब भी मिलते हैं तब अनर्थ होता है। हमें फिर से कोई अनर्थ नहीं होने देना है।

सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस को ये बताना चाहिए कि मुन्ना यादव, रमेश पटेल जिनकी मुख्तार जैसे माफिया ने हत्या की थी, क्या वो पिछड़ी जाति के नहीं थे। प्रयागराज में पूजा पाल के पति राजू पाल और जया पाल के पति उमेश पाल क्या पिछड़ी जाति के नहीं थे। उनका संकल्प भाजपा के जनप्रतिनिधियों को, गरीब के बेटों को मारने का था तो हमारा भी संकल्प था कि माफिया को मिट्टी में मिला कर रहेंगे।



## देश का सम्मान नरेन्द्र मोदी के कारण बढ़ा

**मऊ।** जिले की घोसी लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर के समर्थन में सोमवार को मोहम्मदाबाद क्षेत्र के रानीपुर में चुनावी जनसभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के 6 चरण पूरे हो चुके हैं। अंतिम और सातवें चरण में आज सभी मतदाताओं से अपील करने के लिए मुझे आना पड़ा है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। अब तक के 6 चरणों ने साबित कर दिया है कि अबकी बार 400 बार। योगी ने कहा कि कल पीएम मोदी का मार्गदर्शन आपको प्राप्त हुआ। पिछले 10 वर्षों में देश की तस्वीर बदलने का काम मोदी ने किया है। देश के अंदर शांतिपूर्ण वातावरण, देश का सम्मान नरेन्द्र मोदी के कारण बढ़ा है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं।

## औरंगजेब के जजिया कर की तरह कांग्रेस-सपा वरासत टैक्स लगाएगी : सीएम

**सोनभद्र।** सीएम योगी सोमवार को दुद्धी के रामलीला मैदान में एनडीए के घटक दल अपना दल एस की राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) लोकसभा सीट से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सुरक्षित) विधान सभा के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के समर्थन में आयोजित एक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा आएगी तो औरंगज़ेब की तरह हिंदुओं पर जजिया कर लगा देगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विपक्षी कह रहे हैं कि वो सत्ता में आयेंगे तो वरासत टैक्स लगायेंगे जो औरंगज़ेब द्वारा हिंदुओं पर लगाये गये जज़िया कर की तरह होगा। जजिया कर में कहा जाता था कि या तो टैक्स दो या फिर मुसलमान बन जाओ। आज कांग्रेस और सपा उसी रास्ते पर चल रहे हैं। ऐसा लगता है कि औरंगज़ेब की आत्मा इनके अंदर प्रवेश कर गई है। सपा और कांग्रेस कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनेगी तो अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को मुसलमानों में बांट देंगे। ऐसा कहकर वे बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं। बाबा साहब ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा आमजन को आश्वस्त करती है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण पर किसी को डकैती नहीं डालने देगी।

## धर्म के आधार पर आरक्षण देश की अखंडता के लिए चुनौती

**गोरखपुर।** धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों पर एक बार फिर हमला बोला है। इस मामले में कांग्रेस का इतिहास दागी बताते हुए तथा समाजवादी पार्टी को तुष्टिकरण की हद पार करने वाली पार्टी करार देते हुए योगी ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान की मूल भावना के विपरीत और पूरी तरह असंवैधानिक है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को अगर थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी। सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए घोसी संसदीय क्षेत्र रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिमों को आरक्षण देने को लेकर विपक्षी दलों में मची होड़ को खतरनाक बताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। इसके बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के उसके सहयोगी दलों में मुस्लिम आरक्षण देने की होड़ लगी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास तो इस मामले में बहुत ही दागी रहा है। केंद्र में यूपीए सरकार के समय कांग्रेस ने 2006 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र कमेटी गठित कर आरक्षण में ओबीसी का हिस्सा काट करके मुसलमानों को देने का कुत्सित प्रयास किया था।

# मोदी के रहते आरक्षण कोई समाप्त नहीं कर सकता : अमित शाह


**दावा**

- पीओके भारत का है, हम लेकर रहेंगे

**समृद्धि न्यूज, बलिया।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव आरक्षण के नाम पर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूँ कि जब तक नरेन्द्र मोदी हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को उठाना पड़ता है।

गृहमंत्री लालमणि ऋषि इंटर कॉलेज मैदान, हल्दीरामपुर, बेल्थरा रोड, बलिया में सलेमपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रवीन्द्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। अरे राहुल बाबा आपकी पार्टी एटम बम से डरती होगी, हम भाजपा वाले नहीं डरते। पीओके भारत का था, है और हम इसे लेकर रहेंगे। अमित शाह ने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन परिवारवादियों का गठबंधन है। उसके दलों के अध्यक्षों का लक्ष्य अपने बेटे-बेटी और भतीजों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है।



## चार जून को भाजपा व एनडीए की विजय सुनिश्चित

**कुशीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को मोदी की, भाजपा की व एनडीए की विजय सुनिश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम चुनाव हारे हैं। हार का ठीकरा भी खरगे साहब पर फूटेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार



**मेरठ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद बाराबंकी के जैदपुर थाना पुलिस ने सपा विधायक रफीक अंसारी को राजधानी लखनऊ से लौटते हुए गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट के आदेश वाजजूद भी सपा विधायक फ़रार चल रहे थे। आप को बता दें कि वर्ष 1995 में 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें 22 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी विधायक फ़रार चल रहे थे। गैर जमानती वारंट के बाद पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी लेकिन सफ़लता नहीं मिल रही थी, फ़िलहाल आज बाराबंकी के जैदपुर थाना पुलिस ने विधायक को गिरफ्तार कर लिया है।

### अफजाल के वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

**प्रयागराज।** राज्य सरकार के वकीलों ने एमपीएमएलए कोर्ट से मिली सजा को नाकाफी बताया। सजा को और बढ़ाने की मांग की। कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय ने भी सजा को बढ़ाने की मांग की। अफजाल के वकीलों ने इसका विरोध किया और जवाब दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट से मोहलत मांगी।

### बिभव को कोर्ट से बड़ा झटका, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है, अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में सोमवार को केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की कोर्ट में सुनवाई थी। इस दौरान मौके पर स्वाति भी कोर्ट में मौजूद रहीं।

### इरफान सोलंकी केस में तीन जून को होगा फैसला

**कानपुर।** सपा विधायक इरफ़न सोलंकी के खिलाफआगजनी मामले में सोमवार को एक बार फिर फैसला टल गया है। अब अगली सुनवाई 3 जून को होगी। वहीं, इरफ़न सोलंकी ने कोर्ट से निकलते वक्त मीडिया से कहा कि बस मैं जिंदा हूं।

### केदारनाथ यात्रा के टूटे पुराने रिकॉर्ड

**देहरादून।** केदारनाथ यात्रा शुरू हो चुकी है। प्रतिदिन बाबा के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। इस वर्ष बाबा केदार के दर्शनों के लिए उम्मीद से अधिक तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं और पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। इस बार 18 दिन में पांच लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। इस बार शुरुआत से लेकर अब तक हर दिन 30 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

# संविधान बचाने के लिये इंडिया गठबंधन का साथ दे बहुजन समाज : अखिलेश

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा और बसपा पर साठगांठ का आरोप लगाते हुए सोमवार को बहुजन समाज का आह्वान किया कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान की रक्षा के लिये लोकसभा चुनाव में वह इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का साथ दे। यादव ने गाजीपुर में आयोजित एक चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव जहां हमारे आपके भविष्य को बचाने का है।

वहीं, यह चुनाव संविधान को बचाने का भी है। यह संविधान ही है जो हमें सम्मान दिलाता है, जो हमारे अधिकारों की रक्षा करता है। इधर देखने को मिल रहा है कि भाजपा और बसपा ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखे हैं, इसलिए हम बहुजन समाज के लोगों से भी अपील करना चाहते हैं कि यह चुनाव बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने का भी है इसलिए हमारे इंडिया गठबंधन का साथ दीजिए।

# भाजपा 10 वर्षों में कैसे बन गई विश्व की सबसे अमीर पार्टी : प्रियंका

**एजेंसी, धर्मशाला।**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के चंबा और शाहपुर में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

प्रियंका ने सवाल करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर बार-बार बात करने वाली भाजपा पिछले 10 वर्षों में ही विश्व की सबसे अमीर पार्टी कैसे बन गई। कांग्रेस पार्टी भी देश में 55 साल सत्ता में रही, लेकिन उनकी पार्टी कभी इतनी अमीर नहीं बन पाई। प्रियंका ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चंदे के नाम पर हजारों करोड़ बना डाले। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को गुमराह कर जिस तरह की राजनीति की है उससे उनका सच जनता के सामने आ रहा है। प्रियंका ने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा ने जिस तरह देश के संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा है वह देश के लिए ठीक नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का धन बल के जरिए देश में सत्ता हासिल करना ही एकमात्र मकसद रह गया है।



**आरोप**

- भाजपा ने चंदे के नाम पर हजारों करोड़ बना डाले

## देश के गरीब और गरीब होते जा रहं : राहुल



**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के आरा, पाटलीपुत्र और पटना साहिब में आईएनडीआई गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश में सेना के लिए दो तरह की नौकरी हमारी सरकार में नहीं रहेगी। हमारी सरकार बनते ही 20 लाख युवाओं को नौकरी तुरंत दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ इधर-उधर की बातें करेंगे लेकिन मजदूरों के मुद्दों की बात नहीं करेंगे। देश के गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, अमीर और अमीर। देश में सिर्फ 25 से 30 लोग ही अमीर हैं, बाकी करोड़ों लोग गरीबी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। जातीय जनगणना पीएम मोदी ने नहीं करवाया। हमने जातीय गणना कराने की मांग की तो मोदी चुप हो गए। कहने लगे कि देश में कोई जाति ही नहीं है। केवल अमीर और गरीब दो ही जातियां हैं। राहुल ने सवाल किया कि यदि देश में जाति नहीं है तो आप (मोदी) अपनी जाति ओबीसी क्यों बताते हो।

# एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पीएम मोदी ने जताई प्रसन्नता



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय पैरा-एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे भारतीय पैरा-एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से मैं प्रसन्न हूं। केवल सात वर्षों में 34वें से 6वें स्थान पर पहुंचकर, उन्होंने 2024 चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रभावशाली 17 पदक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हमारे असाधारण एथलीटों और पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले सभी लोगों को बधाई।

# भारतीय सेना को मिली हाइड्रोजन से चलने वाली पहली बस



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली पहली बस मिल गई है। नई दिल्ली में सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सेना प्रमुख को यह बस आईओसीएल ने आज एक कार्यक्रम में सौंप दी। भारतीय सेना ने हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान खोजने की दिशा में दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए पहली हाइड्रोजन ईंधन बस को अपने बेड़े में शामिल किया है।

# हीट स्ट्रोक से हुई 60 से अधिक मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**इमरजेंसी विभाग में बढ़े मरीज**

देश के कई राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में पारा 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बुधवार तक यहां लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बढ़ता तापमान सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकता है। इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है इसलिए सभी लोगों को लू से बचाव को लेकर अलर्ट रहना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत नेशनल सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक एक मार्च से अबतक देश में हीटस्ट्रोक के 16 हजार से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए जबकि 60 से अधिक लोगों की मौत हुई है। उच्च तापमान का सेहत पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है। ये मस्तिष्क की समस्याओं से लेकर किडनी-लिवर फेलियर तक के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है।

## अगले तीन दिन तक गर्मी से कोई राहत नहीं, जारी रहेगी हीट वेब

देश के पहाड़ी इलाकों के साथ समूचे उत्तर भारत में अगले तीन दिन तक गर्मी का सितम यूं ही बरकरार रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के अलग अलग स्थानों पर अगले तीन दिन तक उष्ण लहर चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर और हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अलग -अलग स्थानों पर 30 मई को उष्ण लहर रहने की संभावना है।

# राजकोट गेम जोन हादसे में सात अधिकारी निलंबित

**एजेंसी, राजकोट।** गुजरात के राजकोट के कालावाड रोड पर स्थित टीआरपी गेम जोन हादसे में 28 लोगों की मौत के बाद प्रशासन का डंडा चला है। दो पुलिसकर्मियों समेत कुल सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले गेम जोन के संचालकों समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के लिए जिम्मेदार राजकोट महानगर पालिका के असिस्टेंट टाउन प्लानर गौतम डी जोशी, असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी, डिप्टी कार्यपालक इंजीनियर पारस एम कोठिया, राजकोट महानगर पालिका के फायर एंड इमरजेंसी सर्विसिस के स्टेशन ऑफिसर रोहित विगोरा, आर एंड बी विभाग के डिप्टी इंजीनियर एमआर सुमा को निलंबित किया गया है। इसके अलावा पुलिस विभाग के दो सीनियर पीआई एन आई राठौड और राजकोट तहसील पुलिस वी आर पटेल को निलंबित कर दिया गया है।

# पंजाब के कैबिनेट मंत्री का अश्लील वीडियो वायरल

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

**कांग्रेस अकाली दल व भाजपा ने घेरा**

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में एक और कैबिनेट मंत्री का अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि, पंजाब सरकार ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन अकाली दल नेता विक्रमजीत सिंह मजीठिया ने इसे कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह का वीडियो होने का दावा किया है। अकाली दल ने यह वीडियो पंजाब के राज्यपाल को सौंपा था।

सोमवार को अकाली नेता विक्रमजीत सिंह मजीठिया ने कहा कि बलकार सिंह आज भी सरकार में बैठकर अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं। इससे पहले भी पंजाब के एक और मंत्री लाल चंद कटारूचक्क का वीडियो वायरल हो चुका है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब के मंत्री ने 21 साल की लड़की को नौकरी देने का लालच देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। राज्यपाल इस मामले का संज्ञान लेकर बलकार सिंह को तुरंत बर्खास्त करें।

कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैहरा ने कहा कि वह लालचंद तथा बलकार सिंह जैसे चरित्रहीन मंत्रियों को बचाने के भगवंत माने के रवैये को लेकर हैरान व दुखी हैं। सुखपाल सिंह खैहरा ने कहा कि बलकार सिंह के वीडियो ने समूचे पंजाब को शर्मसार कर दिया है। खैहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर जल्द ही आगे की रणनीति बनाकर पीड़िता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ेगी।

# पुणे हिट एंड रन मामले में नाबालिग का ब्लड सैंपल बदलने वाले दो डॉक्टर गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।**

पुणे हिट एंड रन मामले के नाबालिग आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने वाले ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों अजय टावरे और श्रीहरि हरलोर को पुणे पुलिस ने सोमवार को सुबह गिरफ्तार किया है। इन दोनों डॉक्टरों ने इस काम के लिए आरोपित के पिता से तीन लाख रुपये लिए थे। इस मामले में पुणे के येरवड़ा पुलिस स्टेशन के दो अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि कल्याणीनगर पोर्शे कार से दो लोगों के कुचले जाने के बाद येरवड़ा पुलिस ने 18 मई की रात को नाबालिग आरोपित का ब्लड सैंपल लिया था।



इसके बाद आरोपित के पिता ने ससून अस्पताल के दोनों डॉक्टरों से संपर्क किया और बाद में आरोपित के ब्लड सैंपल को कचरे में फेंककर किसी अन्य शख्स के ब्लड सैंपल की जांच की गई, जिसमें अल्कोहल सेवन किए जाने की रिपोर्ट नहीं आई है। अमितेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटना के लगभग 20 घंटे बाद 19 मई को ही नाबालिग आरोपित का दूसरा ब्लड सैंपल लेकर उसके साथ पिता के सैंपल से डीएनए जांच करवाई गई। दूसरी बार के सैंपल से डीएनए रिपोर्ट से मैच कर रही है। इसलिए इस मामले

# 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे रेवन्ना

**एजेंसी, कर्नाटक।** कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से सासंद और जेडी-एस से निष्कासित नेता प्रज्जवल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों के बाद कर्नाटक की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। बता दें कि 27 अप्रैल को रेवन्ना विदेश चले गए थे। ठीक एक महीने बाद प्रज्ज्वल रेवन्ना का कहना है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे। रेवन्ना ने कहा 'मैं 31 मई की सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से एसआटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मैं जांच में एसआईटी की मदद करूंगा और खुद पर लगे आरोपों का जवाब दूंगा। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है।' हासन सासंद के अनुसार उन्हें भगवान, अपने समर्थकों और अपने परिवार की दुआओं पर पूरा भरोसा है। प्रज्ज्वल ने कहा 'मुझ पर भरोसा रखें, मैं एसआईटी के सामने पेश होकर इस मामले को समाप्त करने की पूरी कोशिश करूंगा।'

**दैवीय आपदा** — प्रकृति के कहर ने मचाई तबाई, आम जन जीवन प्रभावित

# बंगाल में चक्रवात रेमल से मरने वालों की संख्या हुई चार

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल के प्रभाव से मरने वालों की संख्या चार हो गई है। भारी बारिश से पेड़ उखड़कर बिजली के तारों पर गिर गए। तारों की मरम्मत करने के दौरान दो लोगों की बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। एक जर्जर इमारत की दीवार गिरने से एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

सुंदरबन मामलों के विभाग के मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा ने बताया कि पहले दो मृतक पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले के मेमारी के रहने वाले थे। मृतक व्यक्तियों की पहचान फोरे सिंह (64) और उनके बेटे तरूण सिंह (30) के रूप में की गई है। तीसरा मृतक उत्तर कोलकाता के बिबी बागान इलाके का निवासी था। उसकी पहचान मोहम्मद साजिब के रूप में हुई। एक जर्जर इमारत की दीवार का एक हिस्सा गिरने से उसकी मौत हो गई। हाजरा ने कहा कि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप समूह से एक और मौत की सूचना मिली है, क्योंकि तेज हवाओं के कारण एक पेड़ उखड़कर रेणुका मंडल (80) पर गिर गया। उन्होंने कहा कि दुखद मौतों के अलावा क्षेत्र में कुछ मिट्टी के घर भी ढह गए हैं। मंत्री ने कहा कि हमने तिरपाल वितरित किए हैं और लोगों के पुनर्वास के लिए व्यवस्था की जा रही है। राज्य प्रशासन भी उनके लिए भोजन की व्यवस्था कर रहा है।

कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि कोलकाता नगर निगम नियमित रूप से जर्जर इमारतों के मालिकों और निवासियों को उनकी मरम्मत के लिए याद दिलाता रहा है लेकिन वे आसानी से हमारी सलाह को नजरअंदाज कर देते हैं।



## 15 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त

चक्रवात रेमल के प्रभाव से भले ही बंगाल में मौत कम हुई है लेकिन नुकसान कम नहीं हुआ है। 24 ब्लॉकों और 79 नगरपालिका वार्डों में लगभग 15 हजार घर, ज्यादातर पश्चिम बंगाल के दक्षिणी तटीय इलाके चक्रवात रेमल से प्रभावित हुए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम से कम दो हजार 140 पेड़ उखड़ गए और 337 बिजली के खंभे भी गिर गए। कम से कम 14 हजार 941 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से 13 हजार 938 आंशिक रूप से प्रभावित हुए जबकि 1,003 नष्ट हो गए। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि मूल्यांकन के एक और दौर के बाद आंकड़े संभवत: बढ़ेंगे। जिलों में हमारे अधिकारी काम कर रहे हैं और मूल्यांकन की प्रक्रिया अभी भी जारी है।

साधन सहकारी समिति पर लटका ताला

# खाद न मिलने से दर-दर भटक रहे है किसान

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला के मजरा सिंगहा खुर्द में बनी सहकारी समिति पर आये दिन लटकते तालों से समिति सम्बन्धित किसान काफी परेशान हो चुका है। सरकार ने समितियों को बनाया जिससे किसानों को खाद समय से प्राप्त हो सके और उनकी खाद से सम्बंधित परेशानी कुछ कम हो सके लेकिन किसान के लिए समिति हमदर्द कम दर्द ज्यादा बन गयी है, क्योंकि जो किसान समय निकाल कर खाद के लिए समिति पर आता वो हिलगता ताला देखकर वापस चला जाता। इन समिति से सम्बन्धित




किसानों को खाद के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

इस समिति का हाल बेहाल है। समिति भवन में अक्सर हिलगते ताले इस बात का गवाह हैं कि यहां का प्रबंधन घटिया किस्म का है। किसानों को न तो यहां डीएपी मिली न ही यूरिया मिल पा रही है। कुप्रबंधन के चलते कृषक प्राइवेट खाद बिक्रेताओं की मनमानी का शिकार हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस समिति के ताले कुछ तथाकथित लोगों के फोन पर

**किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगे दामो पर ख़रीदनी पड़ती है खाद**

खुल जाते और उन्हें व उनके मिलने वालों को मनमाफिक खाद वितरित करके पुनः ताला हिलगा दिया जाता। जिन तथाकथित लोगों के कहने पर ताला खुल कर मिलने वालों को खाद दे दी जाती है, उन्हें भी रेट से बढ़कर दी जाती।

अन्नदाताओं की आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन चुकी सहकारी समिति पर इस प्रकार के लापरवाह कार्य से किसान दिन प्रतिदिन परेशान होता जा रहा है।

> समिति के सचिव करुणा शंकर अवस्थी से जानकारी ली गयी तो उनका कहना है कि हमारे पास तिकुनिया के साथ सिंगहा कलां के ग्राम सिंगहा खुर्द में बनी साधन सहकारी समिति भी है, जिस कारण मुझे तिकुनिया सोसायटी पर भी आना पड़ता है,और यहां से लगभग शाम 5 बजे निकलते है यदि सिंगहा खुर्द से किसी किसान का खाद के लिए फोन आता है तो हम पहुंचकर उसको खाद देते है।

किसान सूखे,बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त है ही ऊपर से सहकारी समिति पर हिलगते ताले के कारण इधर उधर से महंगे दामों पर खाद खरीदना भी किसान की परेशानी का सबब बना हुआ है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चले लाठी डंडे

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नीमगांव थाना क्षेत्र की बेहजम चौकी के अन्तर्गत बाछेपारा गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनो पक्षों में कई लोगो को गंभीर चोटे आई। सूचना पर बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने घटना में घायल लोगो को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। एक पक्ष ने दूसरे नाजायज तमंचे से फायर करने का वीडियो भी पुलिस को सौंप कर तहरीर दी है, और विपक्षी के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बताते हैं कि बाछेपारा गांव में रास्ते में बालू रखकर रास्ता अवरूद्ध करने को लेकर विजय कुमार शुक्ला और घायल लवकुश के बीच मारपीट होने लगी। गीता देवी पत्नी शत्रोहन ने नीमगांव पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में



बताया कि हमारे लड़के लवकुश और हमारी बहू को विपक्षी लोगों ने जमकर मारा पीटा और हमारे घर में घुसकर तोड़फोड़ की वहीं नाजायज तमंचे से फायर कर हमारे बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल भेजवाया और आरोपी शोभित को नाजायज असलहे के साथ बरामद कर हिरासत में ले लिया। नीमगांव पुलिस ने घटना की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही

> मामले से संबंधित थाना नीमगांव प्रभारी श्रद्धा सिंह ने बताया कि ऐसा नहीं है कि एक ही पक्ष ने मारपीट की है। मारपीट दोनों पक्षों ने खूब बराबर की है। एक पक्ष की तरफ से असलहे की वीडियो वायरल हुई है। एक पक्ष की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है, जांच चल रही है। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। दूसरे पक्ष से तहरीर प्राप्त होते ही कार्यवाही की जाएगी।

है। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर नहीं दी गई। बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया रास्ते मे बालू लगी होने को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हुई है जिसमे आरोपी शोभित को नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

# नहर में नहाने गए युवक का नहीं लगा सुराग



**तीन बालक बहे, एक की मौत, दो को सुरक्षित निकाला**

थाना ईसानगर क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर निवासी सलमान उम्र 10 वर्ष )पुत्र महबूब हसन, शरीफ( 12) पुत्र महबूब हसन अपने दोस्त उमेर(9) पुत्र अलमीन के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के निकट स्थित घाघरा नदी में नहाने गए थे। जहां नहाते समय तीनों गहरे पानी में बह गए। तीनों को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों ने उमेर व शरीफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन सलमान की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर परिजनों के साथ भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। और परिजनों ने सलमान के डूबने की सूचना ईसानगर पुलिस को दी। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र कुमार व उनकी टीम ने गोताखोरों की मदद से सलमान के शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जहां सलमान की मौत के बाद गांव में दुख छा गया, वहीं परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे अपने दोस्तों के साथ गर्मी से निजात पाने के लिए नहर में नहाने गए युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। आशीष यादव पुत्र तारा सिंह निवासी प्रयागराज गेट नंबर 11 बलदेवता पर गेटमैन के पद पर कार्यरत था। रविवार की सुबह वह अपने दोस्त उज्जवल पुत्र नरेंद्र जिला हापुड, अंकित रामबाबू सत्यपाल के साथ उचौलिया बरनैया से निकली शारदा नहर में नहाने के लिए गया था। नहर में नहाते नहाते वह वह तेज बहाव के साथ गहरे पानी में चला गया देखते ही देखते वह पानी में डूबने लगा और बचाने के लिए वह दोस्तों को पुकारने लगा। लेकिन सभी दोस्त नहर की दूसरी बैंग पर होने के कारण उसको बचा नहीं सके और वह देखते ही देखते तेज धार में काफी दूर निकल गया।

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने उसे काफी देर खोजा। उसका कुछ पता नहीं चलने के बाद पुलिस ने मोहम्मदी से गोताखोरों को बुलाया इसके बाद काफी देर तक सर्च ऑपरेशन चला लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार को पीएससी फ्लड यूनिट बाढ़ इकाई की टीम भी शव को तलाशने के लिए आई और समाचार लिखे जाने तक सर्च ऑपरेशन शुरू नहीं हुआ था।

## भीषण गर्मी के चलते उल्टी दस्त के मरीज बढ़े

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी आम जन मानस पर भारी पड़ रही हैं। बड़ी संख्या में लोग बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। वर्तमान समय में प्रतिदिन डेढ़ दर्जन से अधिक मरीज सीएचसी पर भर्ती हो रहे हैं। उल्टी दस्त की शिकायत पर अस्पताल आए राकेश पुत्र रामसरन निवासी कनवा, राजकुमारी पत्नी शिवकेश निवासी बेलवा सहित कई लोग इमरजेंसी वार्ड में भर्ती होकर अपना उपचार करते नजर आये। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जयशंकर पांडे ने बताया कि आज भी लगभग एक दर्जन रोगी उल्टी दस्त के शिकार होकर आए जिनका उपचार किया जा चुका है या फिर किया जा रहा है। उन्होंने वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोगों से दोपहर में 11 से 4 बजे के बीच घर में रहने या फिर जरूरी होने पर भरपूर मात्रा में पानी पीकर और पानी साथ लेकर चलने की सलाह दी।

# बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से परेशान लगभग चालीस गाँवो के किसानों ने फरधान क्षेत्र के उपकेंद्र कैमहरा पहुंचकर प्रदर्शन किया। हंगामा करने पर मौके पहुचे बिजली विभाग के अधिकारियो द्वारा छह घंटे दिन और छह घंटे रात में बिजली देने के आसवाशन पर समझौता होने के बाद किसान माने और धरना प्रदर्शन ख़त्म हुआ।

कैमहरा बिजली उपकेंद्र से भदूरा फीडर क्षेत्र के लगभग चालीस गाँवो को बिजली डी जाती है। क्षेत्र गांव अटवा, बम्हनीयारपुर, शंकरपुर, रतसिया, किशुनपुर आदि किसानों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती की जा रही है। लो-वोल्टेज की समस्या बनी है। बिजली की समस्या से धान, गन्ने आदि फसलों की सिंचाई



नहीं हो पा रही है। किसानों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई देने की मांग की है। ललित, मुबारक, संदीप, राजकुमार, सोनी सरदार सोनू मिश्रा आदि किसानों का कहना है की रात के समय भदूरा फीडर के उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई शेड्यूल से नहीं मिल रही है। चौबीस घंटे में मात्र एक दो घंटे बिजली दे रहे है। उसमे भी लो वोल्टेज क़ी वजह से बिजली के कोई भी उपकरण नहीं चलते है। इस भीषण गर्मी में बच्चों को काफ़ी दिक्कते हो रही है। रामू पांडे का कहना है भदूरा फीडर के लाइन मैंन क़ी मनमानी के चलते बिजली नहीं मिलती है। सुबह दस बजे से शाम तीन बजे किसान हंगामा करते रहे उसके बाद मौके पर पहुचे एक्सइन अमित कुमार और जेई राकेश कुमार के समझाने पर किसान माने।

जेई राकेश कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया है कि भदूरा फीडर से जुड़े किसानों को शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई दी जाएगी। दिन में छह घंटे और रात में छह घंटे बिजली मिलेगी। इस शर्त पर किसान मान गए है।

# हाईवे पर अलग-अलग हादसे में दो की मौत

**मैगजगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते 24 घंटे में हाइवे पर अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में वकील समेत दो युवकों की दर्दनाक मौतें हो गईं। पहला हादसा मैगलगंज नैनीताल हाइवे पर हुआ। रविवार रात गस्त के लिए औरंगाबाद मार्ग पर निकली स्थानीय पुलिस टीम को एक युवक घायल अवस्था में मैगलगंज नैनीताल हाइवे पर स्थित डिग्री कॉलेज के पास पड़ा मिला था। पुलिस टीम ने एंबुलेंस बुलाकर उसे उपचार के लिए पसगवां सीएचसी भेजा था जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित



कर दिया। युवक की शिनाख्त मैगलगंज कस्बा के मोहल्ला रामनगर निवासी शीतल (30) पुत्र छेदालाल के रूप में हुई है। आशंका जाहिर की जा रही है कि युवक की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हुई है।दूसरा हादसा सोमवार दोपहर सीतापुर शाहजहांपुर नेशनल हाइवे पर हुआ। हाइवे के मैगलगंज बाईपास पर बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आस पड़ोस मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस बुलाकर उपचार के लिए पसगवां सीएचसी भेजा। बताते हैं कि चिकित्सक ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से नाक व सिर से रक्तस्राव हो रहा था। युवक की शिनाख्त विनीत मिश्रा (28) पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी मूड़ा बसही थाना मैगलगंज के रूप में हुई है। विनीत पेशे से मितौली तहसील में वकालत करते थे जिसकी मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# लंगूरी बंदर ने महिला पर हमला कर किया घायल

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव देविहाना में एक लंगूरी बंदर का आतंक लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है।बंदर के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार शाम एक महिला पर लंगूरी बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला देवी (60)पत्नी घुरई निवासिनी देविहाना अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी।अचानक छत से उतरकर आए बंदर ने महिला पर हमला बोल घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने बंदर को भगाया। बंदर के हमले से महिला घायल हो गई। आनन -फानन में



घायल महिला को इलाज के लिए भेजा गया । गांव में बंदर के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण हैप्पी सिंह ने बताया कि लंगूरी बंदर एक सप्ताह से गांव में आतंक मचाए हुए है। आये दिन यह बंदर गांव से होकर बाइक पर निकलने बाले लोगों पर पीछे से हमला कर देता है। दहशत का आलम यह है कि छोटे बच्चे घर से निकलने से डर रहे हैं।ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र ही इस लंगूरी बंदर को पकड़ने की मांग की है।

# खिलाड़ियों के लिए बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

27 मई 2024 रविवार को श्री रामलीला मैदान पर पलिया ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा खिलाड़ियों के कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा खिलाड़ियों के लिए गए टेस्ट में खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में स्टांस,फंडामेंटल,किक्स,पूमसे व अटैक डिफेंस का प्रदर्शन किया। चीफ कोच प्रदीप कुमार ने सर्वप्रथम वाइट बेल्ट का टेस्ट दे रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा पहली बार टेस्ट दे रहे खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग से शानदार प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। टेस्ट में अग्रिमा मौर्या, आरुष मौर्या,मयंक भास्कर, पूर्वीत खन्ना,मनिंदर सिंह, रवनीत कौर,वीर सक्सेना ने येलो बेल्ट,



अविका भास्कर,विश्वनाथ अरोड़ा ने ग्रीन बेल्ट के लिए,देवांशी वर्मा, शिवानी पाल,अयति पांडे,सचिन पांडे,चन्द्र प्रकाश मिश्रा,शौर्य गुप्ता,अव्यांश गुप्ता,स्तव्य बन्सल,भव्या गुप्ता,वरदान गुप्ता,अविरल मौर्या ने ग्रीन वन,अर्जित सिंह,अभिनव मौर्या ने रेड बेल्ट के लिए व गुनीत वालिया ने रेड वन बेल्ट के लिए टेस्ट दिए। इस कार्यक्रम में दिनेश वर्मा, बिंदु पांडे, त्रिपुरेश गुप्ता,विमल अरोड़ा,सौदामिनी सिंह आदि अभिभावकगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ खिलाड़ी करण कुमार,चन्दन निषाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# झूले से गिरे किशोर की मौत, झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ हुई शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जंपिंग झूले से गिरकर घायल हुए 12 वर्षीय किशोर की निजी क्लीनिक पर झोलाछाप चिकित्सक के इलाज के उपरांत मौत हो गई । ननिहाल वालों ने गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ स्थानीय पुलिस से शिकायत की है । घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक अमेठी जनपद के कस्बा इन्हौना निवासी राजेंद्र गौतम का पुत्र कुलदीप सुबेहा कस्बा के हसनपुर वार्ड स्थित अपनी ननिहाल आया हुआ था। कुलदीप सोमवार की सुबह मोहल्ले से कुछ दूरी पर स्थित मिया छावन शाह की दरगाह पर अन्य बच्चों के साथ जंपिंग झूला झूल रहा था की तभी तेजी से उछल कर नीचे गिरकर मामूली रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे नाना जियालाल ने आनन फानन में घायल बालक को इलाज के लिए डॉक्टर फारूक के यहां पहुंचा जहां पर डॉक्टर द्वारा इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सुबह लगभग 11 बजे उपचार के बाद घर लाया गया जहां कुछ समय बाद बालक की हालत बिगड़ गई परिजन पुनःबालक को लेकर डॉक्टर के यहां पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने उपचार करने से हाथ खड़ा कर लिया और अलग ले जाने की सलाह दी घर वाले जब तक कहीं अलग ले जाते तब तक बालक ने दम तोड दिया। बालक की मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई और रोना बिलखना शुरू हो गया।

## शकील शाह के उर्स में आयोजित हुआ मुशायरा

**बेलहरा बाराबंकी।** सूरतगंज के फूलपुर स्थित सैयद शकील शाह बाबा की मजार पर लगने वाले चार दिवसीय सालाना उर्स व मेले के मौके पर बीती रात ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व ब्लाक प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू ने फीता काट कर किया।मुशायरे की अध्यक्षता फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने की और संचालन हिलाल बदायुनी ने किया।

श्री कमर ने अपने संबोधन में कहा कि सूफी संतों ने हमेशा एकता और भाईचारे का संदेश दिया है हमे उसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।उन्होंने कहा बच्चो को तालीम के साथ तरबियत देना वालिदेन का फर्ज़ है। मुशायरे का आगाज़ क़ारी परवेज़ यजदानी ने नात पाक से किया।

# विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में अभियुक्त दण्डित, लगा अर्थदण्ड

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अपराध की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन कन्वेक्शन कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा

**गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाने की कार्यवाही की जा रही**

न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

थाना रामनगर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 59/2016 धारा 3/4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त शाह मोहम्मद उर्फ शान मोहम्मद पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम लोधौरा थाना रामनगर जनपद बारबंकी को उपरोक्त धाराओं में मा0 न्यायालय जिला एंव सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषसिद्ध करते हुए, अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अन्य जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है।

**छेड़खानी के अभियुक्त को तीन साल की सजा**

**बाराबंकी।** न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी के अपराध की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 03 वर्ष का कठोर कारावास व तीन हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।थाना कुर्सी पर नाबालिग के साथ छेड़खानी के अपराध के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 121/2017 धारा 354ए/506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त बब्लू पुत्र मो0 अनीश निवासी मोहसण्ड थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-46 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व तीन हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। तथा मो0 इस्तियाक पुत्र गुलाम हुसैन निवासी मोहसण्ड थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को दोषमुक्त किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

## एनसीसी कैडेट ने सड़क सुरक्षा के लिए राहगीरों को किया जागरूक

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** फतेहचंद्र जगदीय राय इंटर कॉलेज सफदरगंज के एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को फूल देकर जागरूक किया। सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर फतेहचंद्र जगदीय राय इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया।इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों, कार चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने के लिए जागरूक किया। इस दौरान कैडेट्स द्वारा फूल देकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य शिवराम ने एनसीसी कैडेट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी कैडटेस के छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के ब्लाक अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना हम सब के लिए बहुत जरूरी है।

# जिला अस्पताल में वितरित की गई बेबी किट



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला महिला अस्पताल मेंजागो री जागो संस्था ने फल और बेबी किट बांटकर जागरूक किया संस्था जागो री जागो की ओर से सरकारी अस्पताल में प्रसव करायें बेटी होने पर खुशी मनाएं सोमवार को जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं को मुख्य अतिथि नीरजा सिंह एवं अस्पताल अधीक्षक प्रतिनिधि डॉ.प्रेम दयाल के सयुक्त नेतृत्व में फल वितरण सहयोगी कृष्णा चौधरी, किरन तिवारी,मीनू सोनी, प्रियंका पाठक,नमिता अग्रवाल, पुष्पा त्रिवेदी बालिकाएं काजल,नेहा के साथ अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं एवं अन्य दिखाने आई अन्य जरूरतमंद महिलाओं को 90पैकेट फल सेब, अनार,केला, बिस्कुट, पैकेट में और नवजात कन्याओं को 30बेबी हाइजिन किट बेबी मैट्रेस,बेबी जैकेटबेबी कैप, बेबी डायपर,बेबी ब्लैंकेट,नहाने का साबुन,हैंड वाश निःशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं 6 माह तक स्वयं का दूध पिलाने के लिए प्रसूताओं को प्रेरित किया गया।

जागो री जागो कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश, कार्यक्रम सहयोगी प्रताप सिंह वर्मा, रमेश चंद्र, प्रभात कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार,दिनेश चंद्र वर्मा, डा.रामा नंद,आई. पी .सिंह की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मसौली बाराबंकी। रविवार की देर रात्रि ग्राम जवारीपुर मे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई जिसमे एक होमगार्ड सहित आठ लोग घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराते हुए दोनो ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि ग्राम ज्वारीपुर निवासी होमगार्ड सुरेश वर्मा व उनके चचेरे भाई कमलेश के बीच काफी अरसे से जमीनी विवाद चल रहा हैं रविवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर आमने सामने आ गये और देखते ही देखते दोनो ओर से लाठी डंडे एव धारदार हथियार चलने लगे जिसमे होमगार्ड सुरेश चंद्र वर्मा सहित पत्नी किरन पुत्री वर्षा उर्फ़ अंजू वर्मा, पुत्र प्रियांशु उर्फ़ अभिषेक व अम्बुज घायल हो गये वही दूसरे पक्ष से अमरदीप पुत्र राम प्रकाश, बहन खुशबू,जूही पुत्री स्वo कमलेश वर्मा घायल हो गए। मसौली पुलिस ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुलदीप , खुशबू ,अमरदीप ,सुरेश चन्द्र उम्र एवं वर्षा वर्मा को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। दोनों पक्षों की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एक साथ दस दम्पतियों को पुलिस ने किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र व काउंसलरों के प्रयास से पारिवारिक/वैचारिक मतभेद भुलाकर हंसी-खुशी रह रहे कुल 10 दम्पतियों को पुलिस लाइन सभागार में सम्मानित कर सुखी जीवन की कामना की गयी।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र व काउंसलरों द्वारा जनपद बाराबंकी के पारिवारिक/वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके




परिणामस्वरूप अभी तक कुल-2053 दम्पति जो बहुत समय से अलग रह रहे थे जिनको समझा-बुझाकर एक साथ हंसी-खुशी रहने को राजी किया गया एवं वर्तमान में उपरोक्त दम्पति आज भी प्रेमपूर्वक रह रहे है। ऐसे 10 दम्पति को सम्मानित करने हेतु सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में ÷परिवार परामर्श केन्द्र व दम्पति सम्मान समारोह का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके सुखी जीवन की कामना की गयी। साथ ही पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र व काउंसलरों को भी सम्मानित किया गया।

# राजनीति में उदासीनता लोकतंत्र के लिए खतरा : जेपी नड्डा

- जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है
- दस साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया




**समृद्धि न्यूज, वाराणसी/लखनऊ।**

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लक्सा स्थित मारवाड़ी भवन में काशी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बनके रह गई। 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था,उसका विश्वास टूट चुका था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव ने कहा कि भारत तो अनपढ़ है, यहां डिजिटल क्या करोगे, लेकिन मोदी भारत का सामर्थ्य जानते थे। आज यहां सब्जी बेचने वाला भी डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन आज भारत में होता है। गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, युवा, महिला मोदी के नेतृत्व में सबका सशक्तिकरण हुआ है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज 2 लाख पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। आज 2 लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। ये बदलते भारत के बदलते गांव है। आज दवाई मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवाएं भारत बना रहा है। 126 प्रतिशत एक्सपोर्ट बढ़ गया है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति का अर्थ था, फूट डालो राज करो और सबके नाम पर वोट मांगों और सरकार बन जाए, तो किसी जाति के बन जाओ। उत्तर प्रदेश इसका प्रमाण है।

# हर पार्टी के लिए अहम है उत्तर प्रदेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

केंद्र का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है।राज्य में लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं और यह लोकसभा की सीटों के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण रिजल्ट भी काफी अहम हो जाता है।एनडीए हो या इंडिया गठबंधन किसी की भी बिना यूपी की मर्जी के हुकमत नही बनने वाली है। यह बात खुले मंच से कई बार खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोल चुके हैं। उन्होंने कई बार कहा,यूपी की बदौलत हम प्रधानमंत्री बने हैं।इतिहास गवाह है, जिधर उत्तर प्रदेश झुका, झंडा बुलंद हुआ है। बीते चुनाव के रिजल्ट देखें तो यूपी केंद्र में सरकार बनाने वाली हर पार्टी के लिए अहम रहा है। उत्तर प्रदेश ने अब तक देश को नौ प्रधानमंत्री दिए हैं। अब एक चरण बाकी है जिसपर सबकी निगाहें जा टिकी हैं।सातवें चरण के लिए राजनीतिक दलों ने जोर लगा दिया है। आखिरी चरण में 13 सीटों पर पहली जून को मतदान होना है। इसमें वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी है जहां से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव मैदान में हैं लेकिन हर बार की तरह उत्तर प्रदेश के रिजल्ट बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए अहम होने जा रहे हैं। इस चुनाव में बीते चुनावों की अपेक्षा मुद्दे और समीकरण बदले हुए हैं।इस बार दलबदल भी खूब हुआ है।

चार जून को सब सामने आ जायेगा।



## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिहार में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 मई को गोरखपुर, मीरजापुर तथा बिहार में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:10 बजे बाबू इंटर कॉलेज का मैदान, कैम्पियरगंज, गोरखपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01 बजे महाशक्ति इंटर कॉलेज, बिहसड़ा के सामने, छानबे, मीरजापुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी दोपहर 03:10 बजे फ़ुहा, पटना, बिहार तथा दोपहर 04:30 बजे भोजपुर, बिहार में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 06 बजे पाटलिपुत्र, पटना, बिहार में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### पूर्व मंत्री विनय शाक्य की हार्ट अटैक से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा नेता पूर्व मंत्री विनय शाक्य की बीती रात हार्टअटैक से मौत हो गयी। पूर्व विधायक की मौत की जानकारी होते ही शोक प्रकट करने वालों की भटौरा स्थित फ़ार्म हाउस पर भारी भीड़ जुट गयी। भटौरा में ही पूर्व विधायक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पूर्व मंत्री विनय शाक्य को शनिवार को लगभग 9 बजे अचानक दिक्कत महसूस हुई तो उन्होंने बिधूना अस्पताल पहुंचकर अपना चौकअप कराया, जिसके बाद दवा लेकर भटौरा आवास वापस आ गये। इसके बाद रात लगभग 12 बजे विनय शाक्य को हार्ट अटैक के आने से सीने में दर्द उठने पर परिजन उन्हें पुन: सीएचसी बिधूना लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व विधायक की मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक ही लहर दौड़ गयी।

### ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए लगाए गए कूलर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर भारत प्रदेश में भीषण गर्मी का सितम जारी रही है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर पंखे का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन इस प्रचंड गर्मी में इंसान के साथ मशीनें भी त्रस्त दिखाई पड़ रही हैं। दरअसल, राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सहारा स्टेट पावर हाउस से कुछ तस्वीरे सामने आई है जहां पर ट्रांसफ़ार्मर को ठंडा करने के लिए जगह-जगह बड़े-बड़े कूलर लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी वजह से लगातार ट्रांसफ़ार्मर फुंकने व आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए पावर हाउस में चारों तरफ कूलर लगाए गए हैं।

### बुजुर्ग का पारा पुलिस ने किया अंतिम संस्कार, दिया कंधा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के देवपुर पारा में एक बुजुर्ग की मौत के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार किया है। पैसों की कमी के चलते मृतक की बेटी ने पुलिस से मदद मांगी थी। देवपुर पारा निवासी महिला ने सोमवार को डायल 112 पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता की मृत्यु हो गई है। उसके परिवार में कोई पुरुष नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए उसके पास पैसे भी नहीं है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया। पारा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया, सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जलालपुर चौकी इंचार्ज दिग्विजय यादव और पीआरवी के समस्त कर्मचारी तथा चौकीदार ने आर्थिक मदद करते हुए शव को कंधा देकर दाह संस्कार कराया।

### भूपेन्द्र सिंह चौधरी आज चंदौली व मिर्जापुर में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 28 मई को चन्दौली व मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय, चन्दौली में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे तथा सायं 03:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय, मीरजापुर में संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे।

### श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री चन्द्रप्रभु भगवान जैन मंदिर गोमती नगर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में आयोजित गुरु उपकार श्रावक संस्कार शिविर के अंतर्गत सोमवार को पंडित अनुज जैन शास्त्री एवं पंडित अरिहंत शास्त्री द्वारा जैन धर्म के बारे में श्रावक एवं श्राविकाओ को बताया गया कि आज के समय में जैन धर्म और संस्कार कितने ज्यादा महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार जीने के लिए पानी की आवश्यकता होती है उसी प्रकार आज सुख और शांति के लिए संस्कार की आवश्यकता होती है, दिन प्रतिदिन हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं और पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहे हैं जिस प्रकार सूर्य पश्चिम में जाता है और अस्त हो जाता है उसी प्रकार हमारे संस्कार भी जैसे-जैसे पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ेंगे संस्कार विहीन होते जाएंगे , पौराणिक समय में भारत को संस्कार का केंद्र कहा जाता था परंतु आज वही संस्कार खत्म हो गए हैं, जिनको पुन: जागृत करने के लिए यह संस्कार शिविरों का आयोजन हुआ हैं। जिसमें हमने बच्चों एवं बड़ों को जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों के बारे में बताया और सिखाया ,जिनमें कुछ प्रमुख सिद्धांत थे कि कौन पूज्य है और कौन अपूज्य आदि विषयों के समझाया गया। शिविर में महिलाएं,बच्चे,युवा एवं बड़े सभी भाग लें रहें हैं, अल्पना, आशा, अनीता, नीलम, लता, दीपिका, जूली, रज्जो जैन, आरूषी, मोना, जया, श्वेता, अंजु, कुसुम जैन, आलोक, अमित, राकेश, महावीर गंगवाल, पीयूष, संजू,अक्षय, नीतीश, पंडित पीयूष, प्रकाश चंद्र आदि उपस्थित रहे। मंदिर के अध्यक्ष पी के जैन, मंत्री आलोक जैन, संजू, निकांत का सहयोग शिविर में प्राप्त हो रहा है, शिविर का समापन दिनांक 30 मई को होगा।

# अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त : रिणवा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को यह बताया कि राज्य में 26 मई तक अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। 766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में लागू आदर्श संहिता का सख्ती से पालन हो रहा है। सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट और 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त करते हुए 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया है। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत 26,76,546 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 10057 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10210 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 595 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 5252 केन्द्रों पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने 188 केन्द्रों को सीज किया है। उन्होंने बताया कि 26 मई को पुलिस ने सीआरपीसी के तहत 4629 लोगों को पाबन्द किया है। बिना लाइसेंस के 37 शस्त्र व 44 कारतूस बरामद कर सीज किए गये।

# राजधानी में 44 डिग्री पहुंचा तापमान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



यूपी में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं, सड़कों पर सुबह दस बजे के बाद से लोग निकलने से बच रहे हैं। तेज लपट जैसी हवाएं जिस्म को झुलसा रही हैं। दोपहर में राजधानी का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पहुँच गया। इसके एक-दो दिन में 46 डिग्री तक जाने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो जून तक मौसम में किसी तरह का परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। गौरतलब है कि बीते कई वर्षों से मई के महीने में भीषण गर्मी के बीच कई बार आंधी आने और पानी बरसने से कुछ हद तक राहत मिलती थी लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार देश के दक्षिणी राज्यों में भी जो बारिश हो रही है वो लम्बे समय तक जारी नहीं रहेगी। राजधानी लखनऊ और उससे सटे इलाकों में प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी इतनी बढ़ गई है कि लोगों ने इवनिंग वाक पर जाना ही छोड़ दिया है।

# उप्र में चुनाव आयोग ने दो अधिकारियों को हटाया

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के दो अधिकारियों को हटा दिया है। इनमें एक फिरोजाबाद जनपद के एडीएम और दूसरे सीओ रैंक के अधिकारी हैं। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान सात मई को जनपद में हुआ था। इस दौरान इससे जुड़ी कुछ शिकायतें चुनाव आयोग से की गई थी। इसके बाद आयोग ने मामले को संज्ञान में लेकर फिरोजाबाद के एडीएम अभिषेक सिंह और जनपद में तैनात एक सीओ का तबादला भी किया गया है। अभिषेक सिंह को हटाने का आदेश नियुक्ति विभाग को मिल गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इन दोनों पदों पर नए अधिकारी तैनात कर दिए जाएंगे।

# इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार: अजय

- स्मृति की हार तय क्योंकि 13 रूपये किलो नहीं दे पाई चीनी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



इंडिया गठबंधन यूपी की सभी 80 सीटों पर जीतने जा रहा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। चार जून को जब रिजल्ट आयेगा तो हम अमेठी भी जीतेंगे क्योंकि स्मृति ईरानी 13 रूपये किलो चीनी नही दे पाई हैं। बयानबाजी नही जनता काम चाहती है। बनारस से कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय ने कहा कि वाराणसी में समस्या ही समस्या है, मोदीजी ने 10 साल में किसी समस्या का समाधान तो किया नहीं। बनारस में पीने के पानी और सीवरेज की समस्या है। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्या भी है।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार सारे काम गुजरातियों को दे रही है जबकि वोट हमारे प्रदेश से ले रही है। वोट हमारा, राज तुम्हारा अब चलने वाला नहीं है। 10 साल से मोदीजी प्रधानमंत्री हैं लेकिन वाराणसी में कल-कारखाने नहीं लगे, कोई स्कूल नहीं बना। गंगा में आज भी नाले का पानी गिर रहा है। पीएम पर तंज कसते हुए अजय राय ने कहा, काशी में मेरा घर है और यहीं से चुनाव लड़ रहा हूं, मैं कभी गुजरात चुनाव लड़ने नहीं जाऊंगा। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले मुझे खरीदने की कोशिश की गई, राज्यसभा का टिकट तक ऑफ़र किया गया लेकिन मैं जमीनी आदमी हूं, बिकाऊ नहीं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस जीत रही है। अमेठी में भी कांग्रेस ही जीत रही है क्योंकि स्मृति ईरानी 13 रुपए प्रति किलो चीनी दे नहीं पाई। इस बार यूपी में श्इंडियाश् का डंका बजेगा और यूपी की हम 80 में 80 सीटें जीतने वाले हैं।उन्होंने कहा कि मैं भले ही दो बार चुनाव हारा लेकिन इस बार का चुनाव धुआंधार होगा। बनारस की जनता समझ गई है,मैं काशी छोड़ने वाला नहीं।

# आज बदला रहेगा लखनऊ का यातायात मार्ग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह की 28 मई, 04 जून, 11 जून और 18 जून को बड़ा मंगल पर्व मनाया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात मार्ग में परिवर्तनत किया है। यातयात पुलिस के मुताबिक, ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को लखनऊ के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। मुख्य रूप से नया एवं पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज तथा हनुमान सेतु मंदिर में विशाल मेला का आयोजन होता है। भक्त भंडारे का अभी आयोजन करतें हैं। इस अवसर को ध्यान में रखते हुए इन चार दिनों में शहर की यातायात मार्ग में परिवर्तन रहेगा।

एसीपी यातयात ने बताया कि सीतापुर रोड की ओर से आने वाले भारी वाहन,रोडवेज एवं सिटी बसें पुरनियॉ रेलवे क्रासिंग एवं डालीगंज रेलवे क्रासिंग से कपूरथला तथा आईटी चौराहा की ओर नहीं जा सकेगें। बल्कि यह यातायात मड़ियांव ओवरब्रिज से पुरनियां रेलवे क्रासिंग, डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के नीचे से पक्का पुल, शाहमीना या इन्जीनियरिंग कालेज चौराहे से टेढ़ी पुलिया, विकास नगर मोड़, रहीम नगर, वायरलेस चौराहा महानगर, बादशाहनगर, संकल्प वाटिका, सिकन्दरबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

कैसरबाग व हजरतगंज की ओर से आने वाले वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर नहीं जाएंगे। बल्कि सुभाष चौराहे से क्लार्क अवध, शहीद स्मारक, डालीगंज पुल, शाहमीना, पक्कापुल से दाहिने डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, पुरनियां रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के नीचे से मड़ियांव, चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, निशातगंज, महानगर होते हुये निकलेंगे।

ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल आज

कुर्सी रोड की ओर से आने वाला सामान्य यातायात विष्णुपुरी कालोनी व हीवेट पालीटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात हीवेट पॉलिटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकन्दरबाग होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

इसी तरह आईटी चौराहा से रोडवेज,सिटी बसे विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक निराला नगर से विवेकानन्द ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुये अलीगंज की ओर की ओर नहीं जा सकेंगे। यह यातायात अयोध्या रोड, सेन्ट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्निक से विष्णुपुरी होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेगा।




सहारा टावर (नगर निगम जोन-तीन कार्यालय) तिराहे से अलीगंज की ओर से आने वाला सामान्य यातायात कपूरथला चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। वहीं, बल्कि यह यातायात सहारा टावर तिराहे से दाहिने 50 मीटर आगे तिराहे से बायें सहारा टावर के पीछे से साईं मन्दिर तिराहा से दाहिने निरालानगर ओवरब्रिज होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

आईटी-निरालानगर की ओर से आने वाले कामर्शियल वाहन आटो, विक्रम, चार पहिया एवं दो पहिया वाहन आदि निरालानगर तिराहे से कपूरथला चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात निरालानगर तिराहे से बांये चौराहा नम्बर-08 से डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेगा।

छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात वायरलेस चौराहा व सेन्ट्रल बैंक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। सांई मंदिर अलीगंज तिराहे की ओर से कोई भी यातायात कपूरथला चौराहा की ओर नहीं आ सकेगा बल्कि यह यातायात तिराहे से बांयें प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टावर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

अल्कापुरी तिराहे से कपूरथला चौराहा की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात अल्कापुरी ओबरब्रिज, चौराहा न0 8 होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। सुशीला देवी स्मृतिका से शालीमार कटिंग से हनुमान सेतु की तरफ सामान्य यातायात नही जा सकेगा बल्कि यह यातायात शालीमार कटिंग से दाहिने होते हुये गन्तव्य को जा सकेगी किन्तु हनुमान सेतु पेट्रोल पम्प तिराहे से शालीमार व सुशीला देवी स्मृतिका तिराहे की तरफ सामान्य यातायात जा सकेगी। आईटी चौराहा की तरफ से सामान्य यातायात हनुमान सेतु मंदिर की तरफ नही जा सकेगा बल्कि यह यातायात डालीगंज पुल चौराहा व निशातगंज होते हुये अपने-अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

# भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ श्री रामकथा का समापन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



मोहनलालगंज कस्बे के कालेबीर बाबा मंदिर प्रांगण में चल रही श्री रामकथा में नवें दिन सोमवार को समापन पर कथा व्यास मारुति नंदन जी महाराज ने श्रीराम के पंचवटी निवास, सीता हरण, हनुमान जी द्वारा माता सीता की खोज, लंका दहन राम-रावण युद्ध और राम राज्याभिषेक की कथा का रसपान करायाघ्श्री रामकथा के समापन पर मगंलवार को मंदिर परिसर में हवन पूजन व कन्याभोज के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कथा व्यास मारुति नन्दन जी महाराज ने सीता हरण और उसके बाद राम विरह की कथा सुनाते हुए हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी, तुम देखी सीता मृग नैनी और गीधराज सुनि आरति बानी, रघुकुल तिलक नारि पहिचानी, गाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने हनुमान जी द्वारा लंका दहन से सम्बंधित कथा को सुनाते हुए कहा कि रावण ने यह कहते हुए कि बंदरों को अपनी पूंछ से बड़ा प्यार होता है, इसलिये इसकी पूंछ पर कपड़े लपेट कर, तेल डालकर आग लगा दो। जब यह बिना पूंछ का होकर अपने स्वामी के पास जाएगा, तब फिर उसे भी साथ लेकर लौटेगा। रावण का आदेश पाकर राक्षस हनुमान जी की पूंछ पर तेल से भिगो-भिगोकर कपड़े लपेटे और हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी। पूंछ में आग लगते ही हनुमान जी फुर्ती से उछलकर एक ऊंची अटारी पर जा पहुंचे। वहां से चारों ओर कूद-कूद कर वह लंका को जलाने लगे। देखते ही देखते पूरी नगरी आग की विकराल लपटों में घिर गई। सभी राक्षस, राक्षसियां जोर-जोर से रोने और चिल्लाने लगे किन्तु हनुमान जी ने केवल विभीषण का घर छोड़कर पूरी लंका जलाकर नष्ट कर दी। संगीतकार यज्ञ शरण मिश्रा, रितेश मिश्रा और हर्ष द्विवेदी ने विभिन्न भजनों को गाकर भक्त जनों को आनन्दित किया।




राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सह कुलाधिपति ने डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, में विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों को नैक एक्रेडिटेशन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला 'नैक संकल्प' का शुभारंभ किया। *फोटो- समृद्धि न्यूज*

# अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज ने निकाली पिस्टल ड्राइवर पर बट से किया हमला, गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



लखनऊ में एक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज ने एक मामूली कार डेंट पर अपना आपा खो दिया। कार की टक्कर पर उसने पिस्तौल निकालकर पीछे से आ रही कार ड्राइवर को उसके बट से मारा। लखनऊ में दिनदहाड़े एक अजीब घटना घटी है। एक अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज ने कार में मामूली टक्कर हो जाने पर अपनी पिस्टल निकाल ली। उसने पीछे से आ रही कार ड्राइवर को पिस्टल के बट्ट से मारा। इस दौरान पूरी सड़क पर जाम लग गया और लोग वीडियो बनाने लगे। गोमतीनगर के विवेक खंड में रहने वाला विनोद मिश्र अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज है। सोमवार दोपहर फैजाबाद रोड वह गुजर रहा था। तभी उसने अचानक ब्रेक लगा दी। अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रही कार उसकी एसयूवी से टकरा गई। इस मामूली बात पर विनोद ने अपना आपा खो दिया। वह अपनी एसयूवी से बाहर निकला और और सरेराह कार चालक सतीश पर पिस्टल की बट्ट से वार किये। इस दौरान पूरे सड़क जाम हो गई। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक मामले को जांच की जा रही है।

**समस्या** — विकास के नाम पर अवैध निर्माण को हटाने के लिये दायर पीआईएल से मचा हड़कम्प

# पुरातत्व विभाग की बिना हरी झण्डी के कराया गया था टीले वाली मस्जिद का विकास

- 29 मई को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी है इस मामले से जुड़ी सभी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में बनी टीले वाली मस्जिद में सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिये तत्कालिक उत्तर प्रदेश की अखिलेश सरकार ने न सिर्फ पुरातत्व विभाग के बिना अनापत्ति-पत्र के संरक्षित स्थल का 61 करोड़ से अधिक लागत से हरी-भरी पार्क और पेड़-पौधों को नष्ट कर विकास के नाम पर लक्ष्मण टीला की सुबूतों को मिटाने का भरकस प्रयास किया, बल्कि उसके उपरान्त हरकत में आये पुरातत्व विभाग के अवैध निर्माण को ढहाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के वर्ष 2016 में दिये गये आदेश को भी दरकिनार कर दिया। जबकि लार्ड शेष नागेस्था टीलेश्वर महादेव विराजमान व अन्य के मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर 19 मार्च 2013 को हुये स्थलीय निरीक्षण में मन्दिर के अवशेष ईट का चट्टा, सीढ़ी, कुआं आदि पाये गये थे। जो अपने आप में लक्ष्मण टीला परिसर में पूर्व में बने मन्दिर की स्थिति को बयां कर रहे थे। फिलहाल पुरातत्व विभाग ने अपने 2016 के आदेश का अनुपालन न होने पर एक बार फिर पुरातत्व विभाग ने एक बार फिर 6 दिसम्बर 2023 को विवादित परिसर में विकास के नाम पर हुये निर्माण को ढहाने को आदेश दिया। इस आदेश के अनुपालन के लिये ऋषि कुमार त्रिवेदी एवं अन्य की तरफ से हाईकोर्ट लखनऊ खण्डपीठ में दायर की गयी पीआईएल के बाद से टीले वाली मस्जिद के मौलाना एवं शासन-प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है। दायर याचिका के बाद अब तक हुयी सुनवाई के बाद आगामी 29 मई को राज्य सरकार से भी इस मामले में जानकारी मांगी गयी है, और सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है। बताया जाता है कि तत्कालिक प्रदेश की अखिलेश सरकार से लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में बनी टीले वाली मस्जिद में सुविधाओं के लिये मस्जिद के मौलाना ने विकास की मांग उठायी थी, जिस पर अखिलेश सरकार ने सक्रियता दिखाते हुये इस कार्य को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि 28 जनवरी 2016 जिओ मैप में भी बताया गया कि टीले वाली मस्जिद समेत पूरे टीला कैंपेक्स के भीतर गुलाबी पत्थर से जितना निर्माण हुआ है वह सब अवैध है टीले के पूरब और पश्चिम में जो भारी मात्रा में खनन हुआ है वह सब अवैध है। 2016 के पहले वहां राजकीय उद्यान विभाग का सुंदर सार्वजनिक पार्क था पेड़ों को काटकर वह पार्क को खुदवा कर यह सारा का सारा अवैध निर्माण कराया गया था एवं लक्ष्मण टीला की उतरी सफेद बाउंड्री वॉल 2016 में अवैध रूप से बनाई गई थी। जितना भी गुलाबी पत्थरों से निर्माण हुआ है वह सब अवैध है पुरातत्व एक्ट 1958 व नियम 1959 के विरुद्ध बिना एनओसी के निर्माण हुआ और इस पर जियो 28 जनवरी 2016 के अनुसार एलडीए के द्वारा 61 करोड़ 22 लाख का फंड एलडीए के द्वारा स्वीकृत किया गया जो निर्माण कार्य में लगा। लक्ष्मण टीला मामले में निरन्तर आन्दोलनरत रहने वाली अखिल भारत हिन्दू महासभा ने हाईकोर्ट पर भरोसा जताया है कि लक्ष्मण टीला परिसर के आसपास बने अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण के पक्ष में निर्णय देगी। पार्टी का आरोप यह सब कार्य अखिलेश सरकार के कार्यकाल में मुस्लिमों को खुश करने के लिये किया गया था। यदि वर्ष 2017 में अखिलेश सरकार की वापसी होती तो लक्ष्मण टीला का पूरी तरह से अस्तित्व ही मिटा दिया जाता।



# कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षित किये गये एआरओ व मास्टर ट्रेनर्स

- मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या न आये: सीडीओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में नियुक्त किये गये 88 मास्टर ट्रेनर्स का कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना के लिए नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्ज़र्वर व मतगणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे। सीडीओ ने सहायक रिटर्निंग आफिसर्स व मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि मतगणना के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर लें ताकि मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या न आये।सीडीओ ने कहा कि मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह बात ज़रूर बता दी जाये कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, संदिग्धता, संलिप्तता की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगे। सभी कार्मिक मतगणना समाप्ति के उपरान्त एआरओ से कार्य मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करके की मतगणना परिसर छोड़ेगे।

सभी कार्मिकों द्वारा मतगणना प्रारूप के समस्त कालम को स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरेंगे तथा तथा मतदेय स्थल का क्रमांक तथा जहां कहीं भी अंक लिखने की आवश्यकता होगी वहा अंग्रेज़ी का अंक लिखना अनिवार्य होगा।प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के वर्मा द्वारा ई.वी.एम. की मतगणना प्रक्रिया, ई.वी.एम. में दर्ज मतों की गणना, ई.वी.एम. मतों और वी.वी.पैट पर्चियों की गणना से सम्बन्धित विशेष मामलों में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपैट पर्चियों की गणना के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के साथ-साथ डाक मतपत्रों की गणना प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। डाक मतपत्रों की गणना के सम्बन्ध में डाक मतपत्रों का सत्यापन व डाक मतपत्रों की गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

# फॉर्महाउस से काट ले गए लोहे का एंगल, दो को भेजा जेल

## पुलिस ने चोरी का सामान किया बरामद, बीते दिन हुई थी चोरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के बेदौरा गांव निवासी एक ग्रामीण के फॉर्म हाउस से लोहे की आठ एंगल चोरी हो गई थी। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेदौरा निवासी लवकुश पुत्र मुल्कराज के फॉर्म हाउस में लगे लोहे की एंगल 26 मई को चोरी हो गई थी।पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने चोरी के खुलासे के लिए टीम गठित की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकी प्रभारी कुंडासर अमित गुप्ता, उप निरीक्षक सुधीर सिंह, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह की टीम ने चोरी के के आठ लोहे के एंगल बरामद किया।जिसका वजन 48 किलोग्राम है। जबकि चोरी के मामले में मनोज सिंह पुत्र लालता सिंह और चंद्र प्रताप विश्वकर्मा निवासी भकला फखरपुर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# मकान से चोरों ने पार किए साढ़े चार लाख की नकदी

- खेत बेचकर मकान बनवाने के लिए रखी थी नकदी
- चोरी हुए रकम से बनवाना था घर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जंगल से सटे विशुन टांडा ग्राम पंचायत निवासी एक ग्रामीण के मकान में रात एक बजे के आसपास चोर घुस गए। चोरों ने तीन लाख की नकदी समेत समेत साढ़े चार लाख की संपत्ति चोरी कर ली।

ग्रामीण ने नकदी खेत बेच कर मकान बनवाने के लिए रखा था। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुन टांडा निवासी निर्मल पुत्र महादेव किसान हैं। निर्मल ने कुछ दिन पूर्व मकान निर्माण के लिए खेत बेच दी। इसकी जानकारी आसपास के लोगों के माध्यम से अन्य को शायद हो गई। रात में अत्यधिक गर्मी के कारण घर के सदस्य आँगन मे सो गए। रविवार रात में लगभग एक बजे के आसपास चोरों ने घर मे घुसकर रुपये वाला बक्सा व जेवरात उठा लिया। बक्से को घर से 50 मीटर की दूरी पर रखकर उसमें रक्खे तीन लाख रुपये नकदी व जेवरात निकाल कर चोर फरार हो गए। चोरी की घटना के बारे में देर रात को लघुशंका के लिए उठने के दौरान ही पता चल गया। निर्मल ने अपने भाई को जगाया बाहर जाकर देखा कि आम के पेड़ पास बक्सा पड़ा है, लेकिन उसमें कुछ नही है। इन्ही पैसों से ग्रामीण बिल्डिंग मैटेरियल का सामान लाकर घर बनवाना चाहता था। रात में सूचना पर पहुंची सुजौली पुलिस ने मौके की जांच की। थानाध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज किया जायेगा। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।




# ईरान के राष्ट्रपति की याद में शहर में निकाला कैंडल मार्च

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर में ईरान के राष्ट्रपति और उनके सहयोगियों की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत में शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च मस्जिदे इमामिया पहुंचकर समाप्त हुआ। ईरान के राष्ट्रपति हयातुल्लाह इब्राहिम रईसी समेत अन्य लोगों की हेलीकाप्टर हादसे में मौत हो गई है। जिसको लेकर शहर मस्जिदे इमामिया अकबरपुरवा से कैंडल मार्च निकाला गया।कैंडल मार्च शहर के विभिन्न चौक चौराहों और मार्गों से होते हुए पुनः मस्जिदे इमामिया पहुंचकर समाप्त हुई। यहां पर सभी राष्ट्रपति और उनके साथियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

# खड़े ट्रक में घुसी बाइक, दंपति की मौत

- लखनऊ से बलरामपुर घर जा रहे थे बाइक सवार दंपती
- रविवार को पति और पत्नी बाइक से घर के लिए रवाना हुए

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में खड़े ट्रक से बाइक रात में टकरा गई। हादसे में दंपति की मौत हो गई।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक लखनऊ से बलरामपुर घर जा रहे थे। बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के खगईजोत गांव निवासी रोशन लाल (25) लखनऊ में रहकर काम करते थे। साथ में रोशन लाल की पत्नी (21) पुष्पा भी रहती थी। रविवार को पति और पत्नी बाइक से घर के लिए रवाना हुए। बाइक सवार दंपति लखनऊ बहराइच मार्ग पर कोतवाली कैसरगंज के बढ़ौली गांव के पास पहुंचे। रात नौ बजे के आसपास खड़ी ट्रक में बाइक पीछे से जा घुसी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात को पत्नी की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बहराइच के लिए बलरामपुर से परिवार के रवाना हुए हैं।

# अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए चुनाव में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों की सूची तलब की थी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा चुनाव ड्यूटी से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गैरहाजिर रहने वाले कर्मियों के खिलाफ उनके विभागाध्यक्षों को रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया था? लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 20 मई को जिले भर से करीब 16000 कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। इनमें से कई कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे और मतदान प्रक्रिया से किनारा कर लिए थे। ऐसे में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिन प्रशासन को अनुपस्थित कर्मचारियों के स्थान पर दूसरे कर्मियों की ड्यूटी लगानी पड़ी थी। इससे पोलिंग पार्टियों की रवानगी में अनावश्यक देरी हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए चुनाव में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों की सूची तलब की थी। डीएम की पड़ताल में विभिन्न विभागों के 234 कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर पाए गए?।

इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर गैरहाजिर कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था। डीएम को आदेश पर रविवार को सभी 234 कर्मचारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 134 के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। इस बाबत नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# गुटखा न देने पर सगी बहनों से छेड़छाड़ व मारपीट

- पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस-डीआईजी को भेजा शिकायती पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मटेरा थाना क्षेत्र के बाजार निवासी एक महिला गुमटी में परचून की दुकान का संचालन करती है। 18 मई को महिला की गैर मौजूदगी में कुछ दबंग गुटखा लेने के लिए दुकान पर गए। यहां पर दुकान पर मौजूद सगी बहनों ने गुटका न होने की बात कही तो दबंगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। शिकायत की बात पर सभी ने जमकर पिटाई की। तहरीर के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।मटेरा थाना क्षेत्र के बाजार निवासी एक महिला घर के सामने परिवार का भरण पोषण करने के लिए गुमटी में परचून की दुकान का संचालन करती है। डीआईजी को भेजे गए शिकायती पत्र में महिला का कहना है कि 18 में को वह बाजार सब्जी लेने के लिए चली गई। दुकान पर उसकी बेटियां मौजूद थी। तभी रिंकू, टिंकू और पांच अज्ञात लोग उसकी दुकान पर आए। सभी ने बेटियों से सिगनेचर गुटका की मांग की। गुटका न होने की बात कहते हुए आगे जाने की बात बहनों ने की। लेकिन सभी दूसरे दुकान पर जाने के बजाए सगी बहनों से अश्लील हरकतें करने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। इस पर सभी चले गए। मां के आने पर बेटियों ने सारी घटना बताई। मां ने बेटियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना का विरोध करते हुए शिकायत की बात कही। इस पर सभी ने घर में घुस कर मारपीट करने के साथ बेटियों से दोबारा छेड़छाड़ की। घटना के दिन ही थाने में तहरीर दी। लेकिन मटेरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर महिला ने डीआईजी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने की आवाज उठाई है। इस मामले में थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि छेड़छाड़ नहीं हुई है। मारपीट हुई है, लेकिन मारपीट का केस क्यों दर्ज नहीं हुआ है। इस पर कुछ नहीं बोले।

# फूफा ने 12 वर्षीय छात्रा की 35 साल के युवक से कराई शादी

- चोरी से घर पहुंची बालिका ने पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका और उसकी मां को फूफा ने डरा धमकाकर एक वर्ष पूर्व 35 वर्ष के युवक के साथ विवाह करवा दिया गया। इसके बाद बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। चोरी से घर पहुंची बालिका ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीय बालिका जो कक्षा 6 की छात्रा है। बालिका के फूफा कोतवाली नगर के वजीरगंज मोहल्ला निवासी खेलावन पुत्र टेढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर छात्र का कहना है कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। इसका नाजायज फायदा फूफा खेलावन उठा रहे हैं। बालिका ने बताया कि फूफा ने मां को जान से मारने की धमकी देते हुए हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सहसलमपुर गांव निवासी पंकज पुत्र जोखू के साथ उसका विवाह तय कर दिया। इसके बाद बाद मां को धमकी देकर विदाई भी करवा दी। लेकिन ससुराल सहसलमपुर में उसके पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। विरोध करने पर मां और बालिका को जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह बालिका वहां से चोरी छिपे अपने घर आ गई। इसके बाद थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। एसपी के निर्देश पर फखरपुर थाने की पुलिस ने पंकज, भाई विनोद, हनुमंत, पिता जोखू और फूफा खेलावन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# एसपी के आदेश पर क्रेता समेत तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**तरबगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तरबगंज क्षेत्र के ब्योंदा माझा स्थित एक ही भूमि दो लोगों को बेचने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तरबगंज थाने में विक्रेता समेत तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के दत्तनगर निवासिनी संजू पत्नी दुखहरण ने बीते फरवरी माह में आरोपियों के खिलाफ एसपी से शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि ब्योंदा माझा निवासी अयोध्या ने 10 बीघा जमीन का बैनामा मई 2020 में उसके पक्ष में किया था और नवंबर 2020 में संजू का नाम खतौनी में दर्ज भी हो गया था। इसी बीच पति दुखहरण को पता चला कि अयोध्या ने इसी भूमि का बैनामा जुलाई 2012 में दत्तनगर निवासी इंदरपता पत्नी मोती के पक्ष में भी कर रखा है और उसका भी नाम खतौनी में दर्ज है।

पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक की, जिसके बाद एसपी के आदेश पर विक्रेता अयोध्या निवासी ब्योंदा माझा व दो गवाहों अनंतराम यादव निवासी दत्तनगर माफी नवाबगंज व प्रभाकर पांडेय निवासी जमथा तरबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

# गौवंशों को मृत्यु के नजदीक ले जाती है आश्रय केंद्रों की अव्यवस्था



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

मुजेहना विकास खण्ड के ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में स्थित गौ आश्रय केंद्र की बदइंतजामी का आलम ये है कि भूख और प्यास से करीब 39 मवेशी भीषण गर्मी में काला पानी जैसी सजा काट रहे हैं।आश्रय केंद्र में कैद मवेशियों को सूखा भूसा खिलाया जाता है जो बिना पानी के भीषण गर्मी में हलक से उतरना मुश्किल हो जाता है, यही कारण है कि लाखों रूपये महीने की खर्च के बावजूद केंद्र में रह रहे मवेशियों की चमड़ी उनकी हड्डियों में चिपकी दिखाई देती है।आश्रय केंद्र में रहने वाले मवेशियों से बेहतर उनकी हालत है जो खुले में घूम रहे है। इसलिए कहना गलत नही होगा की सरकारी धन की खर्च के बाद भी आश्रय केंद्र मवेशियों की कब्रगाह बनती जा रही है। इन आश्रय केंद्रों की ब्यवस्था में सुधार न आना पूरे सिस्टम व जिला प्रशासन की नाकामी कही जा सकती है जिसमे जिला अधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ग्राम प्रधान सेक्रेटरी खण्ड विकास अधिकारी जैसे महानतम लोगों की महती भूमिका होती है।

## गर्मी में बदइंतजामी की मार झेल रहे बेजुबान मवेशी

आश्रय केंद्र की देखभाल में काम कर रहे एक मजदूर से बात की गयी तो उसने बताया की नाद पूरी तरह टूट चुकी है जिसमे पानी की एक भी बूँद नही टिकती इसलिए मवेशियों को सूख भूसा खिलाना पड़ता है। मरम्मत के लिए कई बार ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी से कहा गया लेकिन कई महीनो बाद भी किसी ने सुधि नही ली, भूसा पर्याप्त है कम संसाधनो में जितना देख भाल हो पाता है किया जाता है पशुओं के लिए कोई पौष्टिक आहार की ब्यवस्था नही है।एक बहुत ही कमजोर गाय जो कड़ी धूप में पड़ी हांफ रही थी उसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया की कई दिनों से बीमार पड़ी है।तीन दिन पहले डॉक्टर आये थे देख कर चले गए तब से कोई नही आया।अब्यवस्थाओ पर खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कमियां ठीक कराई जायेगीं,अब्यवस्था सुब्यवस्था में कब तब्दील होगी इसका अनुमान नही लगाया जा सकता है।यही हाल पूरे नेवल पहड़वा में भी देखने को मिला,अमूमन सभी आश्रय केन्द्रो का यही हाल है। जिस पर ना तो कोई बड़ी कार्यवाही देखने को मिलती है और न ही ब्यवस्थाओं को सुधारने में कोई रूचि लेता दिख रहा है।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने पढ़ी रचनायें, श्रोताओं ने बजाई ताली



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

उ प्र राज्य कर्मचारी एसोसिएशन एवं भारतीय मजदूर संघ बाराबंकी के तत्वावधान में एक विराट कवि सम्मेलन डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक बाराबंकी में आयोजित किया गया। कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा मजदूर संघ के जिला मंत्री कमल किशोर मिश्र तथा मेरे संचालन में कार्यक्रम का श्रीगणेश गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना से हुआ। दोनों संगठनों के समस्त प्रांतीय,मण्डलीय , जनपदीय पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लगभग डेढ़ दर्जन पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में कवि सम्मेलन अपेक्षित ऊंचाइयों से कहीं अधिक ऊंचाई तक पहुंचा। शिव कुमार व्यास ने मजदूरों के सम्मान में दहाड़ा अपनी जिम्मेदारियों से दूर नहीं हूं। हूं स्वाभिमानी लेकिन मगरुर नहीं हूं। मेहनत का हौंसला है फैलाता नहीं मैं हांथ,मजदूर भले हूं मगर मजबूर नहीं हूं।

राम किशोर तिवारी किशोर ने गुनगुनाया -हर महल झोपड़ी का करजदार है। उसकी समृद्धि का वह ही आधार है। भूल मत जाइए नींव की ईंट को, सह रही जो महल का सकल भार है। साहब नारायण शर्मा का मधुर कंठ यूं गूंजा -त्याग संसार को राम में खो गया दाग दामन सब के सब धो गया। राम मंदिर से ऐसी है लागी लगन, देखो सारा जगत राम मय हो गया। अजय प्रधान ने श्रमिकों के सम्मान में पढ़ा -दुविधाओं में पल रहा, सुविधाओं से दूर। नर्माता हूँ राष्ट्र का, कहलाता मजदूर।।हमीं बनाते राष्ट्र को हमसे ही छल छन्द ।

खुद की दस-दस पेंशने, मेरी कर दी बन्द ।।

# ग्रामीण पत्रकार एसो. के संस्थापक की मनायी गयी पुण्यतिथि

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**




सोमवार को तरबगंज तहसील के अमदही स्थित श्री अष्टांवक्र मुनि आश्रम श्री राम घाट अमदही में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल की 37 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील तरबगंज इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार पाण्डेय ने उपस्थित सभी लोगों को स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी के बारे में विचार प्रस्तुत किया। महामंत्री दीपक कौशल ने बताया कि संस्थापक स्व0 बाबू बालेश्वर लाल ने 8 अगस्त 1982 को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की नींव रखी थी। उपाध्यक्ष राम कुमार कौशल ने कहा कि इस संगठन की एक अलग सी पहचान इसलिए है नाम से ग्रामीण पत्रकारों का एक वर्ग तो माना जाता है किन्तु शहर और ग्रामीण दीवार से मंच पर लाने में हमेशा प्रयासरत है। इस दौरान तरबगंज तहसील अध्यक्ष शिवकुमार पाण्डेय गुरूजी, महामंत्री दीपक कौशल, उपाध्यक्ष रामकुमार कौशल, सयुंक्त संगठन मंत्री रियाजुद्दीन, कोषाध्यक्ष मोहन लाल चौहान, श्री अष्टांवक्र मुनि आश्रम ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष अरुण कुमार सिँह, राम सिँह अध्यापक, अमित सिँह अध्यापक, बाल मुकुंद पाण्डेय अध्यापक, हनुमान गढ़ी मंदिर महंथ ब्रजेश कुमार पाण्डेय,विशाल सिँह, राहुल सिँह,शिवा जी सिँह,विमलेश पाण्डेय,सुधीर सिँह,प्रवीण सिँह, रजनीश सिँह,गुड्डू गुप्ता,कमलेश सिँह, बृजेश पाण्डेय,धर्मेंद्र प्रताप सिँह, जग राम सिँह,विकास सिँह, अवधेश सिँह आदि लोग उपस्थित रहे।

# तीसरी बार ब्रांड एम्बेसडर बने अविनाश सिंह

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



स्वच्छ भारत मिशन ने इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह को समाजसेवा व स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पालिका परिषद गोंडा का स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया है अविनाश को लगातार तीसरी बार स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है अभी कुछ महीने पहले ही उन्हें नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा स्वच्छ योद्धा भी चुना गया था। सोमवार को नगर पालिका परिषद गोंडा के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने नवनियुक्त ब्रांड एम्बेसडर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर को और अधिक स्वच्छ बनाना है नगर के सभी लोगो को कूड़ेदान का प्रयोग करना होगा सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन इसके लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगी सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में ऑल इंडिया रैंकिंग मे शीर्ष स्थान प्राप्त करना हम सभी का दायित्व है अविनाश सिंह ने नगर पालिका परिषद गोंडा की अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी का आभार जताया इंकलाब फाउंडेशन ने बैठक करके सभी वर्गो युवा, महिला, छात्र, व्यापारी, डॉक्टर, कर्मचारी, स्कूलों के प्रबंधक, स्काउट गाइड के लोगो से भी अपील की है कि इस बार गोंडा को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे हम और बेहतर कर सके अविनाश सिंह को ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने पर चेयरमैन उजमा राशिद, डॉ राशिद इकबाल, डॉ अनिता मिश्रा, डॉ समीर गुप्ता, डॉ घनश्याम गुप्ता, डॉ सादिर खान, डॉ अतुल सिंह, प्रोफेसर आरबी सिंह बघेल, प्रोफेसर श्याम बहादुर सिंह, अधिवक्ता अजेय विक्रम सिंह, व्यापारी जसपाल सिंह सलूजा, प्रबंधक अजय प्रकाश सिंह, रजनीश पांडेय नंदन, प्रबंधक नीता सिंह, क्रांति सिंह, प्रबंधक अतिरेक कमल, अभय श्रीवास्तव, संदीप तिवारी, डीपीएम नितेश राठौड़ आदि ने बधाई दी है।

# मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

**मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 30 मई को व मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण 03 जून को**

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिकों/माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया है कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम हॉल में 30 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार समस्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम हॉल में 03 जून 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली 11:00 से 01:00 बजे तक द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे तक मतगणना कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतगणना कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल पर समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ एवं शुद्ध शीतल पेयजल तथा पानी हेतु पर्याप्त संख्या में गिलास व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त कुर्सी और मेज की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि से एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराये जाये। मतगणना कार्मिकों की उपस्थिति लेने हेतु आडिटोरियम के सामने बरामदे में 10 काउंटर, जिसमें 01 मेज व 02 कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। मतगणना कार्मिकों/माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी कोई निर्देश अथवा निर्देश पुस्तिका उपलब्ध करायी जानी हो, तो प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराये जाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराया जायें। प्रशिक्षण तिथियों में प्रशिक्षण स्थल पर ध्वनि रहित जनरेटर (ईंधन सहित) की व्यवस्था हो जिससे प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित होने में कोई गतिरोध उत्पन्न न हो सके। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक स्टेशनरी आदि पर्याप्त मात्रा में आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान/सहायक प्रभारी अधिकारी-प्रशिक्षण को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।

## डीईओ ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



रायबरेली,समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने रविवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को निष्पक्ष निर्भीक भय रहित व शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए गोरा बाजार स्थित आईटीआई परागण व 6 विधानभागार बने मतगणना कक्ष सहित बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से सम्बन्धित मतगणना का कार्य 04 जून को प्रातः 08:00 बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक आईटीआई कैम्पस में बनाये गये मतगणना कक्षों में सम्पन्न होना है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु मतगणना स्थल पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, खानपान व्यवस्था की चेकिंग, दूर संचार, अग्निशमन आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लेते हुए निर्देश दिये कि की मतगणना कार्य में किसी भी की शिथिलता न बरती जाये। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि सुरक्षा व्यवस्था व शान्ति व्यवस्था के लिए पुख्ता इन्तेजाम किये गये है।

# सड़क को एनएचआई ने किया बन्द, किया प्रदर्शन

- सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों ने सड़क के अवरोध को हटा दिया है



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

ऊंचाहार क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग में बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है। यह मार्ग पट्टी रहस कैथवल गांव के पास से निकल रहा है।

जिसके बीच में पड़ने वाले कैथवल कल्याणी पक्की सड़क को स्थाई रूप से बंद करने का निर्णय एनएचएआई ने लिया है। जिससे क्षेत्र के गांव कोल्हौर , जब्बारीपुर, खंधारीपुर, बरसवां, पूरे तेवराइन , निरही का पुरवा आदि गांवों के लोगों के आवागमन का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। एनएचएआई द्वारा इन गांवों के हजारों ग्रामीणों के आवागमन के लिए कोई विकल्प भी नहीं दिया है। मामले की जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब सड़क मार्ग के बीच में खंभा खड़ा करके आवागमन रोका गया। उसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पट्टी रहस कैथवल गांव के प्रधान प्रतिनिधि अनुज उपाध्याय के नेतृत्व में ग्रामीण एकजुट हुए और बंद किए गए सड़क पर जमकर नारे बाजी की। सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों ने फिलहाल सड़क के अवरोध को हटा दिया है। उसके बाद ग्रामीणों ने एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।

# दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल, वीडियो वायरल

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

रविवार देर मारपीट में घायल हुए युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। घायल का वीडियो को देखने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बन गया। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी की गई तो युवक निवासी ग्राम पश्चिम गांव थाना क्षेत्र बछरावां का बताया गया है और यह घटना 20 मई की रात की बताई गई। जिसमें युवक को घर के बाहर निकलते ही, गांव के ही तीन लोगों ने राड से मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में युवक के परिजनों के द्वारा अस्पताल में इलाज करवाया गया तथा मारपीट की घटना की सूचना बछरावां थाने में भी तहरीर के माध्यम से दी गई। जब घायल



युवक से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। तथा मारपीट करने वाले तीन युवक गांव में घूम रहे हैं। जिनसे आए दिन खतरा बना रहता है। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने से नाराज युवक के द्वारा पुलिस अधीक्षक रायबरेली को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं, कि युवक के सिर पर पीछे काफी लंबा व गहरा घाव देखने को मिल रहा है।

## दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला, पांच घायल

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर निवासिनी रामदुलारी पत्नी रतिराम ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही विपक्षी शिवा,बुदुन्नू ,पुत्र राम सुमेर होरीलाल, ओमप्रकाश,भगौती, शनि,आदि लोगों ने बीते रविवार को रात लगभग 8:00 बजे घर में घुस आए उसे समय प्रार्थिनी घर पर खाना खा रही थी विपक्षी पुरानी रंजिश के चलतै एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे प्रार्थिनी ने जब विरोध किया तो विपक्षी गणों ने मारपीट शुरू कर दी प्रार्थिनी के घर में रखा हसिया और कुल्हाड़ी से सर पर हमला किया जिससे सर पर गंभीर चोट और घाव हो गए प्रार्थी के गिरते ही उसके नाक से सोने की कील और ब्लाउज में रखें दो हजार रुपए छीन ले गए और चलते-चलते जान से मारने की धमकी दे गए।

# बेखौफ दबंगों ने लड़की से जबरन रचाई शादी

- मां बाप की सहमति के बिना लड़की को घर के अंदर से उठा ले गए थे दबंग
- पीड़ित मां-बाप दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

बेखौफ दबंगों ने मां बाप की सहमति के बिना उनकी नाबालिक लड़की को घर के अंदर से उठाकर जबरन रचाई शादी पीड़ित मां-बाप दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर, मामला सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जाहापुर पूरे धमकी गांव का है जहां की रहने वाले छेदीलाल अपनी पत्नी के साथ खेत गए हुए थे बगल के गांव कमालपुर के रहने वाला दबंग युवक धर्मेंद्र उनके घर में घुसकर उनकी नाबालिग बेटी को जबरन उठा ले गया।

पीड़ित मां-बाप जब अपनी बेटी को खोजते खोजते आरोपी धर्मेंद्र के घर पहुंचे तो उसने कहा कि मैं तुम्हारी बेटी से शादी रचा ली है अब उससे तुम्हारा कोई वास्ता नहीं है और मां बाप को बेटी से मिलने नहीं दिया और गाली गलौज करते हुए घर से भगा दिया, थाने में सुनवाई ना होने से हताश पीड़ित मां बाप ने एक बार अपनी बेटी से मिलने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर भाई-बहन घायल

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कन्रावा गांव के पास मोटरसाइकिल सवार दो भाई बहन मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाद्य निगोहा थाने के मीरखनगर गांव के रहने वाले मनीष उम्र 22 वर्ष अपनी बहन एकता उम्र 20 वर्ष पुत्री राम मिलन के साथ किसी काम के सिलसिले में रायबरेली गए थे। जब वह वापस लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गहरी खाई में जा गिरेद्य इस घटना में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गएद्य राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बछरावां अस्पताल पहुंचायाद्य वहां पर प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया हैद्य इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दहेज लोभियों ने महिला को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

रायबरेली में दहेज लोभियों ने महिला को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी, मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीख गांव का है जहां के रहने वाले देशराज ने अपनी बेटी अनामिका का विवाह 1 वर्ष पूर्व गांव के ही सुधीर कुमार पुत्र अशोक कुमार के साथ किया था।

लेकिन शादी के बाद से भी ससुराल वालों ने दहेज को लेकर लड़की को पीड़ित करना शुरू कर दिया था और मायके से दहेज के लाने के नाम पर आए दिन मारपीट करते थे, आज सुबह मामूली कहासुनी के बाद ससुराल वालों ने




बहू की पिटाई कर दी ससुराल वालों की पिटाई से बहु गंभीर रूप से घायल हो गई जिसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य के लिए जाएगा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं लड़की पक्ष के लोगों ने पति सास ससुर देवर ललित व जेठानी को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है।

# एम्स में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का हुआ शुभारंभ


रायबरेली। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश के रायबरेली के मुंशीगंज स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एलोपैथी के अलावा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का भी शुभारंभ हो रहा है, जिसमे मधुमेह, मानसिक रोगों और नसों के रोगों (न्यूरोलोजी) में एलोपैथी और आयुर्वेद दोनों चिकित्सा पद्धतियों के समनव्य से उच्च स्तरीय शोध कार्य भी किये जायेंगे। एम्स के प्रवक्ता डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि अब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मे एलोपैथी के साथ- साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति- आयुर्वेद के माध्यम से भी मरीजो को स्वास्थ्य लाभ मिल पायेगा। जिसके लिए एक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि कृष्ण



पारीक की नियुक्ति की गयी है। इसी उद्देश्य से आयुष ओपीडी का शुभारंभ निदेशक अरविंद राजवंशी के कर कमलो द्वारा किया गया।

निदेशक प्रो. अरविंद राजवंशी एवं संकाय प्रमुख प्रो. नीरज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही मरीजो को भर्ती करने हेतु 30 बिस्तर के अंतरंग विभाग की शुरुआत होगी और मधुमेह, मानसिक रोगो और नसो के रोगो (न्यूरोलोजी) मे एलोपैथी और आयुर्वेद दोनो चिकित्सा पद्धतियों के समनव्य से उच्च स्तरीय शोध कार्य भी किये जायेंगे कर्नल यू. एन. राय ने बताया की जल्द ही आयुष हॉस्पिटल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा, जिससे आयुष सेवाओ का विस्तार होगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुयश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनो चिकित्सा पद्धतियों के सम्मिलित सहयोग से हम गंभीर बीमारियों मे और खराब जीवन शैली जनित रोगो मे और कोरोना पश्चात उत्पन्न रोगो मे मरीजो को लाभांवित करेंगे और विभिन्न नवीन शोध भी दुनिया के समक्ष रखने के लिए अथक प्रयासरत रहेंगे। डॉ. हरि कृष्ण पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा मे अब नाड़ी परीक्षा के माध्यम से अब त्वचा के रोग,सफेद दाग, मधुमेह, पुरुषो और महिलाओ के रोग, लकवा, जोड़ो के दर्द,पेट , लिवर, फेंफड़े, किडनी के रोगो मे चिकित्सा व्यवस्था का लाभ मिलेगा। शुरुआती दौर मे ओपीडी व्यवस्था के बाद जल्द ही आयुर्वेदिय पंचकर्म द्वारा भी इलाज शुरू किया जायेगा।



## बदमाशों ने सर्राफे दुकान से की लाखों की लूट

**सलोन रायबरेली।** बाइक सवार बेखौफ चोंरो ने ज्वैलर्स की दुकान से लाखों का माल पार दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से हडकंप मच गया।घटना को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गये।पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पडताल में जुटी हैं।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के ऊंचाहार रोड स्थित अमर ज्वैलर्स नाम की दुकान का हैं। जहां सोमवार दोपहर दो युवक दुकान के अंदर आये और लॉकेट दिखाने को कहा। दुकानदार ने दिखाया तो युवक ने लॉकेट खरीद लिया।इसके बाद दुकानदार उठकर काउंटर के दूसरी तरफ गया।इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने सोने से भरा डिब्बा उठाया और बाइक से फरार हो गए।दुकानदार ने बताया डिब्बा में सोने के आभूषण थे।जो लगभग साढे चार लाख के आसपास था।वहीं दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरा में घटना की पूरी वारदात कैद हो गई।इसी के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# खाले गांव में नर कंकाल बरामद, ग्रामीणों में दहशत

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

थाना क्षेत्र के खाले गांव मजरे शेषपुर समोधा गांव में एक नर कंकाल खोपड़ी मिलने से गांव में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आनन -फानन पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। आशंका जताई जा रही है कि यह खोपडी गांव में गायब हुए एक वृद्ध की हैद्य क्षेत्र के खाले गांव मजरे शेखपुर समोधा गांव में सोमवार को एक तालाब से नर कंकाल खोपड़ी बरामद होने से गांव में दहशत व्याप्त हो गई। सूचना पाते ही घटनास्थल पर गांव वालों का तांता लग गया। मौके पर पहुंचे लोग तरह-तरह की बातें कर रहे थे, तमाम



तरह की कयास भी ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहे थे ।इसी बीच गांव के रहने वाले तिलक शर्मा भी पहुंचे और उन्होंने आशंका जताई कि उनके मामा माता प्रसाद शर्मा उम्र 82 वर्ष जो की 25 अक्टूबर वर्ष 2022 की शाम को 5:00 बजे घर से अचानक लापता हो गए थे, यह खोपड़ी उन्हीं की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तिलक शर्मा के भी बयान लिए तिलक शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके मामा माता प्रसाद शर्मा उनके साथ लगभग 7 वर्षों से रह रहे थे और अचानक कहीं गायब हो रहे गए थे काफी खोजबीन के बाद उनका कहीं भी पता नहीं चल सका है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा का कहना है कि मौके पर पहुंच कर मानव खोपड़ी को बरामद कर कब्जे में लिया गया है।

फोरेंसिक टीम की भी मदद ली गई है ।जांच की जा रही है आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ताइक्वांडो टेक्निकल समर कैम्प प्रारम्भ

- 150 खिलाड़ी ले रहे है ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

तीन दिवसीय ताइक्वांडो टेक्निकल समर कैम्प प्रारम्भ जिले के 150 खिलाड़ी ले रहे है ताइक्वांडो का प्रशिक्षण। कस्बे के डाश रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो का तीन दिवसीय टेक्निकल समर कैम्प आज शुरू किया गया यह कैम्प 29 मई तक चलेगा।इस कैम्प में हिमाचल प्रदेश के ताइक्वांडो ट्रेनर सुभाष ठाकुर सिक्स डान ब्लैक बेल्ट धारक एनआईएस कोच इंटरनेशनल रेफरी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में खिलाड़ियों का हौसला देखते बन रहा




है इस कैम्प में दो बार प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमे सुबह और शाम साढ़े चार बजे से सात बजे तक खिलाड़ियों को फाइट की और पूमसे की ट्रेनिंग कराई जाती है। इस समर कैम्प में डिम्पी तिवारी,पूनम यादव, अखण्ड दीप सोनकर,सलमान खान, महताब आलम, जितेंद्र प्रजापति, अनुराग यादव,दीक्षा,हर्ष शेर बहादुर, दिव्या कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# देवांगन परिसर में भागवत का प्रवचन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

देवांगन परिसर गजियापुर में भक्तों को भागवत का प्रवचन सुनाते हुए षष्टम दिवस पर दिगंबर आश्रम असनी के संत सूर्य प्रबोधाश्रम (स्वात्मानंद ) महाराज ने कहा कि सनातन धर्म जीवंत तथा प्रमाणिक है; सार्वजनिक और सर्वकालिक है। इसमें धर्मांधता का लेश मात्रा भी समावेश नहीं है। वेद उपनिषद और पुराण ऐसे आर्ष ग्रंथ हैं ,जो जीवन में समाधान प्रस्तुत करते हैं ।ये विश्व मानवता की संहिताएं हैं । व्यास पीठ से कथा को विस्तार देते हुए संत श्री ने गोपी उद्धव संवाद का वर्णन किया - भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव से कहा कि आप सगुण और निर्गुण, ब्रह्म के दोनों रूपों को भली भांति जानने वाले हैं। भोले- भाले ब्रज वासियों को निर्विशेष शुध्द चेतन ब्रह्म% का उपदेश देकर निर्गुण भक्ति का निरूपण करना। कृष्ण एक क्षण भी ब्रज को बिसार नहीं पाते और कहते हैं-भक्त दुःखी हों, तो कृष्ण सुखी नहीं रह सकते।उद्धव से मिल कर विरह व्यथा से व्याकुल गोपियों ने कहा ब्रह्मा को हमारा सुख अच्छा न लगा, तभी तो हमें कन्हैया से विछोह दिया,कृष्ण मेरा है, कृष्ण ने ही इंद्र -कोप से ब्रज को बचाया



कालिया नाग से रक्षा की,किन्तु,लगता है कि,समस्त ब्रज अब कृष्ण विरह से,हमारे आंसुओं से ही डूब जाएगा ।-विधाता ने देवकी के लाल को हम सभी से छीन लिया।उद्धव ने निर्गुण ब्रह्म का उपदेश दिया, जिसे गोपियों ने धैर्य से सुना, प्रतिकार न किया।नन्द बाबा उनकी बाल लीलाओं के बार -बार स्मरण करते।उद्धव ने कृष्ण का संदेश दिया-हे गोपियों, आप प्रेम- सयानी हैं। वेदत्रय तो संसार तक ही हैं, आप उससे परे -वेदपार निस्सीम और निष्काम हैं।हे गोपांगनाओ !सकल सृष्टि मुझसे है, मुझसे तुम अलग हो ही नहीं।यह सृष्टि जो लहरा रही है,वह ब्रह्म की ही लहर है। मेरा संदेश सुनकर मेरा ही सदा स्मरण करना। इस संवाद के उपरांत, बलदाऊ (शेष)तथा वासुदेव (अवशेष) द्वारा रुक्मिणी विवाह की मनोरम झाँकी और आरती के साथ स्वामी जी ने कथा को विश्राम दिया।

**समस्या**

**पुलिस चौकी मेन तिराहा पर बैठने वाले सिपाही भी केवल मूक दर्शक बने ही नजर आते हैं**

# चौधरी बस सर्विस की बसें व ई रिक्शा वालों की वजह से लगता है भीषण जाम

महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

बसों और बैट्री से चलने वाले रिक्शो ने थाम रखी है महराजगंज की रफ्तार जाम के झाम से नहीं मिल रही है राहगीरों को निजात। महराजगंज कस्बा जाम की समस्या से वर्षो से परेशान है लोगों को 1 किलोमीटर पार करने में ही घंटो का समय जाता है। वही तहसील गेट से लगने वाला भीषण जाम बैंक ऑफ़ बड़ौदा तक वाहनों को रेंगने पर मजबूर कर देता है तो वही मेन तिराहा पर बछरावां रोड पर जब से चौधरी बस सर्विस शुरू हुई है चौधरी बस सर्विस की बसें लाकर



सड़क पर ही खड़ी कर दी जाती है और वहीं से यात्रियों को बैठाया जाता है सड़क पर खड़े होते ही बसों से भीषण जाम कस्बे में लग जाता है चौधरी बस सर्विस क्षेत्र के लोगों को दिल्ली तक पहुंचाने का कार्य करती है लेकिन सड़क पर जिस तरह बस खड़ी की जाती है।

उससे आने जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कभी कभार तो एंबुलेंस भी फसी हुई नजर आती है। वहीं अगर हम बात करें बैटरी से चलने वाले रिक्शा की तो मेन तिराहा पुलिस चौकी के सामने ही रिक्शा खड़े कर दिए जाते हैं। जहां दुकानदारों की दुकान में ग्राहकों को आने जाने में परेशानी होती है तो वही रिक्शा सड़क पर खड़े होने से जाम की स्थिति भी बन जाती है रिक्शा वाले इधर-उधर ना देख कर केवल इनको जहां पर जगह मिलती है वहीं पर रिक्शा पार्क करने लगते हैंऔर जहां से सवारियां मिलती है वही तो सवारियां उठने लगते हैं राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है अन्य वाहनों को परेशानी हो रही है इन रिक्शा वालों को इससे जरा भी मतलब नहीं रहता और पुलिस चौकी मेन तिराहा पर बैठने वाले सिपाही भी केवल मुक दर्शक बने ही नजर आते हैं।

बछरावां रोड पर तहसील गेट के सामने चौधरी बस सर्विस का कार्यालय बनाकर बसें खड़ी की जाती है और लोगों को बैठाया जाता है सड़क पर जब बस खड़ी हो जाती है तो भीषण जाम लग जाता है और मिनटों का सफर तय करने में लोग घंटों लगा देते हैं।

बैट्री वाले रिक्शे सड़कों पर बेतरतीब खड़े होते हैं यहां तक की पुलिस चौकी मेन तिराहा पर भी रिक्शा खड़ा कर देते हैं व्यापारियों की दुकानों के सामने भी खड़ा कर देते हैं जिससे दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और आने जाने वालों को भी परेशानी होती है लेकिन रिक्शा वालों पर इस बात का जरा भी फर्क नहीं पड़ता।

रोगन अल्सरीन
शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर ऑत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।
सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)




## स्वाहा हुई मासूम जिंदगियां

आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए दो अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते राजकोट के गेमजोन में हुए अग्निकांड में बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर जिंदगी की उम्मीद को लेकर बेबी केयर होम में रखे सात बच्चे असमय काल-कवलित हो गए। हरियाणा के बहुचर्चित डबवाली अग्निकांड में भी आपराधिक लापरवाही से सौ से अधिक बच्चों के मरने का जो सिलसिला देखा गया था, वह अब भी खत्म नहीं हुआ है। विडंबना देखिए कि गुजरात के राजकोट स्थित जिस गेम जोन को चार साल से चलाया जा रहा था, उसके पास फायर विभाग की अनुमति नहीं थी। लापरवाही की इंतहा देखिये कि गर्मी के मौसम में तेज हवा के दौरान वहां बच्चों व अभिभावकों की उपस्थिति के बीच वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। जिसे आग लगने की वजह बताया जा रहा है। परिस्थितियां इतनी भयावह थी कि मृतकों के शव पहचानने मुश्किल हो रहे हैं और शवों के डीएनए नमूने लेकर उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। भयावह हादसे के बाद सख्त कार्रवाई, जांच, दंड, संवेदना और मुआवजे की घोषणा की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। लेकिन यह कभी नहीं कहा जाता कि जिन अधिकारियों व विभागों की जिम्मेदारी इन लापरवाहियों पर नजर रखने की थी, उनके खिलाफ कौन सा सख्त कदम उठाया जा रहा है। बहरहाल, राजकोट में गेम जोन में हुए हादसे के बाद एक मैनेजर व अन्य व्यक्ति समेत दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हर बार की तरह एसआईटी का गठन हुआ है। कोई आयोग भी बैठ सकता है। लेकिन सवाल वही है कि समय रहते फायर एनओसी क्यों नहीं लिया गया? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी देर से पहुंची। राजकोट के सिविल अस्पताल के बाहर अपनों के शवों की तलाश में खड़े लोगों की आंखों के आंसू व आक्रोश व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बताते हैं कि गेम जोन से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। बता दें कि मोरबी सस्पेंशन ब्रिज त्रासदी में मरने वालों में एक तिहाई बच्चे थे। सूरत में तक्षशिला कांप्लेक्स आग त्रासदी में 22 छात्रों की मौत हुई थी। लेकिन इन घटनाओं से भी कोई सबक प्रशासन ने नहीं सीखा। लगता है मासूमों व निर्दोष लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ की अनदेखी करना सिस्टम की आदत बन गई है। वडोदरा की हरणी झील में भी जीवन रक्षक जैकेट के बिना नाव में सवार 12 बच्चों व दो शिक्षकों की मौत इस साल जनवरी में हुई थी। वहीं दिल्ली स्थिति विवेक विहार के बेबी केयर सेंटर में सात नवजातों की मौत ने हर किसी को रुलाया। मां-बापों को अपने जिगर के टुकड़े खोने का समाचार सुबह टीवी व अखबारों से पता चला।

# हर समस्या का समाधान करते है हमारे भगवान प्रभु श्रीराम व श्री हनुमान

ऋषि सैनी

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार सात देवता अमर हैं, जिसमें हनुमान जी महाराज श्री है।कलयुग के ऐसे देवता जिनके द्वारा मानव जीवन का कल्याण किया जा रहा है।हिन्दु धर्म में प्रत्येक दिन का अपना अलग महत्व है और हर एक दिन किसी न किसी भगवान की पूजा करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि यदि प्रत्येक दिन में ईश्वर की भक्ति की जाती है तो पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्हीं शास्त्रों में मंगलवार के दिन को भगवान हनुमान जी को समर्पित है लेकिन ज्येष्ठ महीने में पड़ने वाले सभी मंगलवारों को बड़ा मंगल कहा जाता है और इनमें विशेष रूप से सभी राम भक्त और हनुमान भक्त बजरंगबली जी की पूजा करते है। बड़े मंगल को बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है और ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान हनुमान की पूजा करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के मंगलवारों को जो भक्त हनुमान जी की पूजा और व्रत करते हैं, उनके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस दिन पूजन करने से जीवन की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और घर में खुशहाली आती है। आइए जानते है इसका महत्व क्या है और इसकी शुरुआत कहां से हुई थी।सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान हनुमान जी अपने प्रभु श्री राम जी से पहली बार ज्येष्ठ महीने के मंगलवार के दिन ही मिले थे। तभी से यह मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार के दिनों को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इन खास दिन मंदिरों में सुन्दरकांड, बजरंगबाण,हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति आदि के साथ-साथ भजन कीर्तन होते हैं तथा भक्तों के लिए भंडारे होते हैं और जगह-जगह पर प्याऊ लगवाए जाते हैं।ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल की शुरुआत लगभग 400 साल पहले नवाबी शासन के दौरान अवध क्षेत्र में हुई थी। कहानियो के अनुसार एक बार नवाब मोहम्मद अली शाह के पुत्र बहुत बीमार पड़ गया, तब उनकी पत्नी ने अपने पुत्र का इलाज कई जगह करवाया परंतु कोई लाभ नहीं हुआ।इसके पश्चात लोगों ने उनकी पत्नी को अपने पुत्र की कुशलता के लिए वर्तमान लखनऊ के अलीगंज में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाने और वहां हनुमान जी की पूजा करते हुए मन्नत मांगने की सलाह दी।नवाब ने वैसा ही किया और उनका बेटा भी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गया। इसके बाद नवाब और उनकी पत्नी ने हनुमान मंदिर की मरम्मत करवाई।मंदिर की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद ज्येष्ठ महीने के हर मंगलवार को शहर वासियों को पानी और गुड़ का शर्बत बांटा गया।तभी से बड़े मंगल की शुरुआत हुई।अवध क्षेत्र में सनातन हिन्दु धर्म के सभी व्यक्ति भगवान बजरंगबली जी को अपना ईष्ट मानते हैं,इसीलिए लखनऊ शहर के हर गली-मोहाने में पूज्य हनुमान जी के छोटे-बड़े मन्दिर देखने को मिलते हैं। यह बड़े मंगल का त्यौहार लखनऊ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में ही मनाया जाता है जिसे समस्त भक्तगण बहुत ही प्रेम व श्रद्धापूर्वक रूप से मनाते हैं। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में भक्त लोग सुबह से ही मंदिरों में लाइन में लगकर पूज्य हनुमान जी के दर्शन पूजन करते है एवं तत्पश्चात् दैनिक आहार में भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं।यद्यपि भगवान



**जब सब तरफ हो अंधियारा,न दिखे कोई प्रकाश,तब जपों हनुमान चालीसा और पढो बजरंगबाण,मिटेंगे कष्ट-होगा कल्याण। जयेष्ठ माह के बड़े मंगल की महत्वपूर्ण तिथियां- 28 मई 2024, 04 जून 2024, 11 जून 2024 व 18 जून 2024- अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः। कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविनः ।।**

हनुमान जी की महिमा की व्याख्या व विश्लेषण कर पाना किसी मनुष्य के वश की बात नहीं है,परन्तु अपने आराध्य पूज्य हनुमान जी की कृपा से उनके विषय में जो भी अनुभव हुआ उसका आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक विश्लेषण के उपरान्त यह कहा जा सकता है कि हर समस्या की निदान प्रभु हनुमान जी महाराज है।संसार का सृजन एवं संचालन पुरुष तत्व यानी भगवान शिव तथा प्रकृति यानी माता आदिशक्ति की ऊर्जाओं से होता है,आत्मा तत्व 'पुरूष' तथा शरीर तत्व प्रकृति' है,माया स्वरूप प्रकृति आत्मा की इच्छा से शरीर रूपी प्रकृति का सृजन, संरक्षण, संचालन एवं विनाशक कार्य करती है,चूंकि प्रकृति पंचतत्वों का स्वरूप है।इन पंचतत्वों में प्रमुख स्थान वायु का है जो कि गति,ज्ञान एवं गुणों को देने का कारक है,पूज्य हनुमान जी रूद्रावतार और वायुदेव के पुत्र प्राणवायु के रूप में संसार में प्रत्यक्ष है इसलिए संसार को सजीव एवं गतिमान बनाने का दायित्व पूज्य हनुमान जी महाराज के हाथ में है।प्राणवायु ही भगवान हनुमान जी की दिव्य ऊर्जा शक्ति है,संसार भले ही नष्ट हो जाता है परन्तु प्राणवायु के अजर एवं अमर होने के नाते ब्रहमाण्ड में अवशेष रह जाती है, इसीलिए हनुमान जी को भी अजर-अमर कहा गया है।पुराणों में कहा गया है कि 'यत् ब्रह्माण्डे तत् पिण्डे' अर्थात् जैसी ब्रह्माण्ड की रचना है उसी की प्रतिकृति मनुष्य का पिण्ड (शरीर) है,इस शरीर के हृदय में संसार के संचालक महाप्रभु श्रीमन नारायण अर्थात् प्रभु श्रीराम का अंश होता है,प्राणवायु के रूप में भगवान हनुमान जी महाराज प्रभु श्रीराम के सेवक बनकर बिना विश्राम किये अनवरत हृदय में स्पंदन करके प्रभु श्रीराम के सांसारिक संचालन अर्थात् शरीर के संचालन के दायित्वों की पूर्ति में बिना किसी स्वार्थ के समर्पित रहते है। विद्यावान गुनी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर।। प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लखन सीता मन बसिया।। बल बुद्धि एवं विद्या से परिपूर्ण श्री हनुमान जी महाराज की महिमा पर यदि ध्यान दें तो पायेगें कि हर माता शक्ति की पीठ पर लगे झण्डे-पताकों में श्री हनुमान जी की प्रतिमा दर्शित होती है, यहाँ तक कि अर्जुन के रथ में भी लगे झण्डे में श्री हनुमान जी की ही प्रतिमा थी,महाभारत के युद्ध में सीमित संख्या,सीमित बल के बावजूद महाप्रभु श्रीकृष्ण के परामर्श पर अर्जुन के रथ पर श्री हनुमान जी की उपस्थिति मात्र से ही पाण्डवों ने महाभारत युद्ध में जीत हासिल की।भगवान श्री हनुमान जी को माता सीता से अष्ट सिद्धियों एवं नौ निधियों के दाता का वरदान है यह प्राण वायु के संतुलित स्वरूप है अष्ट सिद्धियों में चार मन की शक्तियां की सिद्धि क्रमशः अणिमा, महिमा,गरिमा और लघिमा सिद्धियों के माध्यम से अपने शरीर को अदृश्य रूप में अणु के समान छोटा बना लेने,किसी सीमा तक बड़ा बनाने,अपने शरीर के भार के असीमित बना लेने तथा अपने भार को अत्यंत हल्का कर वायु के सहारे उड़ने योग्य बना लेने की शक्तियां तथा चार बल की सिद्धियाँ क्रमशः प्राप्ति,प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व के माध्यम से अपनी इच्छानुसार अदृश्य होना, बेरोकटोक किसी स्थान पर आवागमन,दूसरे के मन की बात को समझ लेना,ईश्वरत्व जैसा पद प्राप्त कर लेना और किसी दूसरे को वशीभूत कर अपना दास बना लेने की सिद्धियाँ ये कुल आठ सिद्धियाँ जो श्री हनुमान जी के पास है तथा नौ निधियों में पदम, महापदम, नील, मुकुंद ,नंद,मकर, कच्छप,संख और खर्च निधि है अर्थात् इन निधियों से सात्विक गुणों और दानक्षमता में वृद्धि, धार्मिक भावनाओं प्रबलता, धनवान होना,रजोगुण एवं तमोगुण का विकास होना,शस्त्रों का संग्रह होना,सम्पत्ति का सुखपूर्वक भोग करना,अतुलनीय सम्पत्ति का मालिक होना, विरोधियों और शत्रुओं पर विजय हासिल करना।प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के प्रति अगाध समर्पण, उनकी भक्ति की शक्ति तथा अपनी सिद्धियों के बल पर बजरंगबली जी ने न केवल अकेले लंका में जाकर माता सीता का पता लगाया और लंका का दहन किया अपितु लक्ष्मण जी के प्राण भी बचाये जिसके परिणामस्वरूप प्रभु श्री रामचन्द्र जी ने अंहकार के प्रतीक,अपार शक्तिशाली एवं ज्ञानवान रावण का संहार किया।

पवनपुत्र हनुमान जी महाराज वास्तव में प्राण वायु के रूप में सभी मानव शरीर एवं जीवन यात्रा के संचालक,बल,बुद्धि और गति सहित अष्ट सिद्धियों एवं नौ निधियों को देने वाले है।पूज्य हनुमान जी की कृपा पाने का अत्यंत ही सरल एवं सहज मार्ग है स्वंय के अंदर विद्यमान प्राणवायु की सिद्धियाँ प्राप्त करना जिसे योग,ध्यान एवं प्राणायाम की क्रियाओं के माध्यम से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। प्राणवायु की सिद्धियाँ प्राप्त कर शरीर को अत्यंत छोटा,अत्यंत बड़ा,अत्यंत बुद्धिमान,अत्यंत गुणवान, अत्यंत बलशाली,अदृश्य हो जाना,आयु सीमा से परे हो जाना,बिना बेरोक-टोक सूक्ष्म शरीर के रूप में कहीं भी आवागमन कर पाना अत्यंत सरल हो जाता है।इन्हीं समस्त बिन्दुओं को हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण में चौपाइयों के रूप में उल्लिखित कर ऋषियों-मुनियो ने समस्याओं के समाधान का साधन बताया है,जिसे हनुमान चालीसा की यह चौपाईया सिद्ध करते है-

नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बीरा।। संकट तें हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।। इसी प्रकार बजरंगबाण में की चौपाई में- यह बजरंग-बाण जेहि मारै। ताहि कहौ फिरि कवन उबारै॥ पाठ करै बजरंग-बाण की। हनुमत रक्षा करै प्रान की॥ यह बजरंग बाण जो जापैं। तासों भूत-प्रेत सब कापैं॥ धूप देय जो जपै हमेसा। ताके तन नहिं रहै कलेसा॥ व दोहा में- उर प्रतीति दृढ़, सरन ह्वै, पाठ करै धरि ध्यान। बाधा सब हर, करैं सब काम सफल हनुमान॥ सियावर श्री रामचन्द्र जी की जय, पवनपुत्र हनुमान जी की जय।।

## विचार

# अशिष्टता के शब्दकोष को नहीं अपनाएगी जनता

शकील अख्तर

कुफ्र टूटा खुदा खुदा करके! आखिर यह लंबा उकताने वाला चुनाव खत्म होने को आ ही गया। 6 दौर हो गए। सातवां और आखिरी एक जून को हो जाएगा।

मगर यह एक जून आने में इतनी देर क्यों कर रही है? सब चाहते हैं कि यह जल्दी आए। चुनाव निपट जाएं ताकि प्रधानमंत्री को आराम मिल सके। सबको डर है कि अभी बचे 5 दिन में प्रधानमंत्री पता नहीं और क्या बोल जाएं! खुद उनका चुनाव बचा हुआ है। प्रियंका गांधी और डिंपल यादव ने उनके चुनाव क्षेत्र वाराणसी जाकर माहौल गर्म कर दिया है। दोनों का संयुक्त रोड शो बहुत सफल रहा। वाराणसी के लोगों में जिस तरह का उत्साह था वह प्रधानमंत्री को और उकसा सकता है। अभी तक उन्होंने क्या क्या बोला यह बताना बेकार है। इतिहास में भी कहीं दर्ज नहीं होगा। क्या कभी किसी ने इतिहास में पढ़ा है- भैंस! अभी हाल में मुजरा कहा है। इसके आगे अभी क्या क्या कह सकते हैं किसी को नहीं पता। एक लंबी लिस्ट है। जिसमें टोंटी भी है। बाकी चीजें मंगलसूत्र, बिजली, बैंक अकाउंट मछली वगैरह हम सोच सकते हैं कि हमारी बातचीत में कभी न कभी आने वाले शब्द हैं। मगर यह



भैंस, मुजरा, टोंटी क्या आम बोलचाल में उपयोग होते हैं? भारत के प्रधानमंत्री जो कहते थे दुनिया उसे ध्यानपूर्वक सुनती थी। आज जो प्रधानमंत्री कह रहे हैं उसकी गांवों तक में हंसी हो रही है। सबसे ज्यादा मजा लोग भैंस खोल कर ले जाएंगे, का ले रहे हैं। कांग्रेस भैंस ले जाएगी! लोग हंस रहे हैं। कह रहे हैं कि सुना यह था कि कांग्रेस विदेशी कपड़े ले जाती थी। उसकी होली जलाती थी। अशिक्षा और गरीबी ले जाने की बात करती थी। बीमारियों को दूर करने की। पोलियो ड्राप की। गांव-गांव में प्राइमरी हेल्थ सेन्टर खुलवाए थे। मां और बच्चे का स्वास्थ्य देखा जाता था। स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) शुरू किया था। मगर ये भैंस ले जाएंगे? कहकर गांव वाले हंसते हैं। हमारे गांवों में हास्यबोध बहुत है। कामन सेंस भी। पहले भी शायद बताया कि कृषि के मामले में पहले नोबल पुरस्कार विजेता नार्मन बोरलाग ने कहा था कि- भारत के

**बीमारियों को दूर करने की। पोलियो ड्राप की। गांव-गांव में प्राइमरी हेल्थ सेन्टर खुलवाए थे। मां और बच्चे का स्वास्थ्य देखा जाता था। स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) शुरू किया था। मगर ये भैंस ले जाएंगे? कहकर गांव वाले हंसते हैं। हमारे गांवों में हास्यबोध बहुत है। कामन सेंस भी। पहले भी शायद बताया कि कृषि के मामले में पहले नोबल पुरस्कार विजेता नार्मन बोरलाग ने कहा था कि- भारत के किसानों में सहज ज्ञान बहुत है।**

किसानों में सहज ज्ञान बहुत है। वे कृषि की अपनी पारंपरिक पद्धति को बहुत सफलतापूर्वक नई पीढ़ी को हस्तांतरित करते रहते हैं और नया ज्ञान भी सीखते रहते हैं। इन्दिरा गांधी द्वारा की गई हरित क्रान्ति से बोरलाग बहुत प्रभावित थे।

तो भारत का ग्रामीण सब समझता है। उसमें जबर्दस्त सामान्य समझ है। जब इन्दिराजी ने हरित क्रान्ति की शुरुआत की तब यह कहा जा रहा था कि भारत का किसान नई खेती के लिए तैयार नहीं होगा। यह वे लोग थे जो भारत को यथास्थितिवादी बनाए रखना चाहते थे। किसी भी नए परिवर्तन से बचते थे। मगर भारत के किसान ने बहुत तेजी के साथ नई खेती में दिलचस्पी ली। और भारत के गोदाम अनाज से भर दिए। बोरलाग अमेरिकी थे। उसी अमेरिका के जिसके राष्ट्रपति निक्सन से यह कहते हुए इन्दिरा गांधी ने हरित क्रान्ति शुरू की थी कि ले जाओ अपने अनाज के जहाज वापस। अनाज के बहाने दबाव मत डालो कि हम पूर्वी बंगाल के लोगों की मदद न करें। पाकिस्तान उन पर अत्याचार कर रहा है। वे शरण लेने के लिए हमारे देश में आ रहे हैं। हम चुप नहीं रह सकते। पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। और वही हुआ। इन्दिरा ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। तो सोचिए पाकिस्तान में तो इन्दिरा गांधी के खिलाफ माहौल था ही उस अमेरिका में भी था जो इन्दिरा के सामने पाकिस्तान की मदद नहीं कर पाया। उस समय वहां के कृषि वैज्ञानिक नार्मन बोरलाग भारत की तारीफकरते हैं। यह बड़ी बात है और भारत का किसान इस तारीफ के काबिल भी था, अब भी है। खैर तो कभी हमारे देश के प्रधानमंत्री इस स्तर की बातें करते थे। अमेरिका को झुकाने वाली। उससे पहले नेहरू साइंटिफिक्र टेंपर ( वैज्ञानिक मिजाज) की बात करते थे। और केवल बात नहीं करते थे उसे बनाने के लिए देश भर में साइंस इंस्टिट्यूट स्थापित किए। आईआईटी खोले। एम्स खोला। उच्च शिक्षा से लेकर स्कूली शिक्षा तक एक माहौल बनाया। ऐसे हुआ करते थे देश के प्रधानमंत्री। लाल बहादुर शास्त्री जिनका जय जवान जय किसान अभी कुछ साल पहले तक जनता में ही नहीं सरकारों में भी मान्य था। अब जनता में तो बचा है। मगर सरकार ने जवान और किसान दोनों को तोड़ दिया। जवान अग्निवीर बनाकर। ठेके की नौकरी चार साल की और किसान जो आपके लिए खेत में अनाज उगाता है आपने उसके लिए सड़कों पर कीलें गाड़कर। अब जवान और किसान जब अपने लिए जय सुनता है तो उसे लगता है कि कितनी पुरानी बात है जब उसकी जय होती थी। आज तो क्षय (मिटाने) की बात हो रही है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे। सब तरफ से विरोध हो रहा था कंप्यूटर का। उस समय एक सदी आगे की सोची। कंप्यूटर क्रान्ति की। शिक्षा में ऐसा नवाचार (इनोवेशन) लाए गांवों के लड़के-लड़कियां शहर के अच्छे स्कूलों के बराबर खड़े हो गए। गांवों में नवोदय स्कूल खोलकर उन बच्चों को नए अवसर दे दिए जो कभी सोच भी नहीं सकते थे कि वे इस उच्च स्तर पर भी पढ़ सकते हैं।

# असुरक्षा में जीने को अभिशप्त भारतीय

भारतीय अपने जीवन में खतरों को झेलने और उनके प्रति स्थायी रूप से असंवेदनशील बने रहने के आदी हो गये हैं। आये जिन देश के किसी न किसी में कोई न कोई बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं लेकिन न तो नागरिक इस बात की मांग करते हैं कि उन्हें सुरक्षित जीवन जीने का माहौल दिया जाये और न ही सरकार- चाहे केन्द्र की हो या राज्यों की (किसी भी पार्टी की क्यों न हो), ऐसी परिस्थितियों को लेकर कोई गम्भीरता नहीं दिखाती। लोगों के जीवन को जिस तरह से सस्ता बना दिया गया है वह आधुनिक समय की भावना के एकदम विपरीत है। बाढ़, भूकम्प, बादल फटने, जमीन धसकने जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर इंसान का बस नहीं होता और वे आधुनिकतम देशों में भी आती हैं, पर मनुष्य निर्मित दुर्घटनाओं के लिये किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सख्त कानून व नियमों के जरिये एक सुरक्षित जीवन जीने के योग्य वातावरण बनाना सरकार का ही काम होता है जिसकी जिम्मेदारी से वह बच नहीं सकती, पर भारत में रोज होते हुए हादसे देखे जा सकते हैं- वह भी बहुतायत में। गुजरात के राजकोट में शनिवार को एक गेम जोन में भीषण आग लग गई जिससे 12 बच्चों समेत 28 लोगों की जलकर मौत हो गई। हालांकि 25 लोगों को बचा लिया गया। सप्ताहांत होने और 500 का टिकट 99 रुपये में मिलने के कारण भीड़ ज्यादा थी। बताया गया है कि वेल्डिंग की चिंगारी से यह आग लगी। यहां ज्यादातर सामग्रियां ज्वलनशील थीं, इसके चलते आग तेजी से फैल गई। असली बात यह है कि यहां आगजनी सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लिया गया था। बहुत से बच्चों और बड़ों के शव तो पहचाने भी नहीं जा रहे हैं। डीएनए के जरिये वे परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। रविवार को पूर्वी दिल्ली यानी यमुनापार के विवेक विहार में संचालित एक 2 मंजिला बेबी डे केयर में आग लगने से ही 7 नवजातों की मौत हो गई वहीं करीब इतने ही बच्चे झुलस गये हैं। यहां 12 बच्चों को किसी तरह से बचा लिया गया। उधर छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के एक गांव बोरसी में चल रही बारूद फैक्ट्री में शनिवार को विस्फोट हो गया जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। हालांकि एक की ही शिनाख्त हो सकी है और लगभग 7 शवों के फैक्ट्री के मलबे में दबे होने की आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि 15 किलोमीटर दूर तक सुनाई दिया और इससे न केवल कई मजदूरों के चिथड़े उड़ गये बल्कि फैक्ट्री का एक हिस्सा भी ढह गया। गांव वाले लम्बे समय से इस बारूद फैक्ट्री को हटाने की मांग कर रहे थे परन्तु उसके मालिक का सम्बन्ध मध्यप्रदेश के एक पूर्व मुख्यमंत्री से बताया जाता है इसलिये ऐसा हो न सका। ऐसी छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की लम्बी फेहरिस्त है जो कोई भी अपनी याददाश्त के बल पर बना सकता है। फिर वह चाहे गुजरात के मोरबी का पुल हो या कोलकाता का फ्लाईओवर जो निर्माण की अवस्था में ही ढह गयाय या फिर कोलकाता के एक अस्पताल में लगी भीषण आग अथवा कुछ साल पहले मुंबई लोकल रेलवे के एक स्टेशन का फुटओवर ब्रिज जो अपनी आयु पूरी कर चुका था। पीक अवर में यात्रियों की भारी भीड़ का वजन न सह पाने के कारण ढह गया था। देश की व्यवस्था कुछ ऐसी है कि दशहरे पर रेलवे लाइन के किनारे रावण दहन देखते हुए लोग दूसरी ओर से आती ट्रेन से कटकर मर जाते हैं या फिर स्मोग (भारी धुंध) के कारण ग्रांड ट्रंक रोड पर टकराते वाहनों में मारे जाते हैं। भोपाल के यूनियन कार्बाइड के कारखाने में गैस रिसाव से लेकर दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने की घटना को भला कौन भूल सकता है? सच तो यह है कि भारतीयों के जीवन में जितनी विविधता है, दुर्घटनाएं भी उतनी तरह की होती हैं। उनके मरने का अंदाज बहुत वैविध्यपूर्ण है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बेलगाम है तो मनोरंजन के लिये लगे झूले एकदम असुरक्षित, नावों में इतने लोग भर लिये जाते हैं कि वे बीच नदियों, जलाशयों में डूब जाती हैं। बच्चों को स्कूल ले जाती बसें या रिक्शे कभी सड़क पर पलट जाते हैं तो कभी आती ट्रेनों से पहले लेवल क्रॉसिंग पार करने के चक्कर में वे कई घरों के दीयों को बुझा देते हैं। न निजी जीवन में सुरक्षा है और न ही कार्य स्थलों पर।



# राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्र य हेतु प्रयत्न तीब्र अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# किसानों पर दोहरी मार की परम्परा बहुत पुरानी

पवन नागर

कई राज्यों में भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की खड़ी फसल को हाल में काफी नुकसान पहुंचाया है और मौसम विभाग के अनुसार अभी आगे भी मौसम के तेवर यूं ही सख्त बने रहने की संभावना है। भले ही किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्यश् (एमएसपी) का कानून न मिले, भले ही खराब हुई फसलों का मुआवजा न मिले, परंतु किसानों को सरकार और मौसम की मार मिलना तय है। किसानों पर दोहरी मार पड़ने की परंपरा बहुत पुरानी है। एक तो फसलों के सही दाम नहीं मिलते और ऊपर से अब तो लगभग हर साल ही मौसम की मार किसानों को झेलनी पड़ रही है। देश में महंगाई का बोलबाला है, परंतु किसानों की फसलों के दाम वैसे नहीं बढ़ते जैसे सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और सैलरी बढ़ती है, जैसे देश के माननीय सांसदों और विधायकों की सैलरी बढ़ती है? आखिर देश के करोड़ों लोगों का पेट और व्यापारियों के वेयर हाऊस भरने वाले किसानों को अपनी उपज का दाम मिलने में इतनी परेशानी क्यों है? क्या कारण है कि सरकार इनको एमएसपी भी नहीं दे पा रही है? एक तरफतो सरकार कह रही है कि किसानों की आमदनी दुगुनी हो गई



है, दूसरी तरफउन्हें 6000 रुपये सालाना किसान सम्मान निधि भी दी जा ही है। जब सरकार को किसानों की इतनी ही चिंता है तो फिर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी पर सी 250 फीसदी फॉर्मूले के मुताबिक एमएसपी क्यों नहीं दे देती? यदि इस हिसाब से किसानों को अपनी फसल के दाम मिलने लगेंगे तो किसानों को श्किसान सम्मान निधि की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को एमएसपी को उत्पादन की औसत लागत से कम-से-कम 50प्रतिशत अधिक बढ़ाना चाहिए। इसे सी 250 प्रतिशत फॉर्मूले के नाम से भी जाना जाता है। इस फॉर्मूले में किसानों को 50प्रतिशत रिटर्न देने के लिए पूंजी की अनुमानित लागत और भूमि का किराया (जिसे सी-2 कहा जाता है) शामिल है। यदि सरकार चौधरी चरण सिंह जी और स्वामीनाथन जी को भारतरत्न दे सकती है तो फिर किसानों को उन्हीं की रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी क्यों नहीं दे सकती? आश्चर्य की बात तो यह है कि चुनाव के समय में भी सरकार की तरफसे कोई नरमी नहीं बरती जा रही। इस बार के चुनावी अंतरिम बजट में सभी वर्गों एवं किसानों को बड़ी उम्मीदें थीं, परंतु किसी को कुछ हाथ नहीं लगा। उल्टा कृषि बजट में कटौती कर दी गई। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु बजट में कोई प्रावधान नहीं रखे गए।

**दूसरी ओर किसानों को भी प्रयास करना चाहिए कि वे एकल फसल पद्धति छोड़कर अन्य फसलों का भी रकबा बढ़ाएं, ताकि उत्पादन को नियंत्रित करके फसलों के सही दाम लिए जा सकें। इसे हम एक उदाहरण से समझते हैं। मान लेते हैं कि एक 5 एकड़ का किसान रबी सीजन में गेहूं की फसल से 100 क्विंटल उत्पादन लेता है, जबकि खरीफसीजन में धान लगाकर 75 क्विंटल उत्पादन लेता है। दोनों फसलों से किसान को 175 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। अब किसान के पास भंडारण की व्यवस्था नहीं है, इसलिए यह माल बेचना उसकी मजबूरी हो जाएगी। यदि किसान इस 5 एकड़ में रबी सीजन में सरसों, चना, मसूर,अलसी, जौ, धनिया इत्यादि फसलों का रकबा बढ़ा दे और गेहूं सिर्फएक एकड़ में लगाए तो उसको सिर्फ20 क्विंटल गेहूं मिलेगा। बाकी 4 एकड़ में दूसरी फसलों से उसे उसकी जरूरत का सामान भी मिलेगा और गेहूं की अपेक्षा अधिक दाम भी मिलेगा, खर्च भी कम होगा और मजबूरी में बेचने की समस्या से भी निजात मिलेगी। किसान ने हर फसल का सीमित उत्पादन किया है जिसे वह साल भर अपने हिसाब से बेच सकता है।**

प्रश्न उठता है कि देश के किसानों के हालातों में कैसे सुधार आएगा? एक तरफ किसानों की लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लागत के अनुपात में फसलों के दाम नहीं मिल रहे, वहीं दूसरी तरफ मौसम के कारण फसलों को जो नुकसान होता है उसका मुआवजा और बीमा भी समय पर नहीं मिलता। किसानों की परेशानी कम होने का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। किसानों को बीमा तथा मुआवजा समय पर मिलें, इसके लिए भी ठोस कदम उठाना चाहिए। दृढ़ निश्चय, ईमानदारी और सही नीयत के साथ यदि काम किया जाएगा तो इस कार्य को करने में कोई कठिनाई नहीं है। दूसरी ओर किसानों को भी प्रयास करना चाहिए कि वे एकल फसल पद्धति छोड़कर अन्य फसलों का भी रकबा बढ़ाएं, ताकि उत्पादन को नियंत्रित करके फसलों के सही दाम लिए जा सकें। इसे हम एक उदाहरण से समझते हैं। मान लेते हैं कि एक 5 एकड़ का किसान रबी सीजन में गेहूं की फसल से 100 क्विंटल उत्पादन लेता है, जबकि खरीफ सीजन में धान लगाकर 75 क्विंटल उत्पादन लेता है। दोनों फसलों से किसान को 175 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। अब किसान के पास भंडारण की व्यवस्था नहीं है, इसलिए यह माल बेचना उसकी मजबूरी हो जाएगी। यदि किसान इस 5 एकड़ में रबी सीजन में सरसों, चना, मसूर,अलसी, जौ, धनिया इत्यादि फसलों का रकबा बढ़ा दे और गेहूं सिर्फएक एकड़ में लगाए तो उसको सिर्फ 20 क्विंटल गेहूं मिलेगा। बाकी 4 एकड़ में दूसरी फसलों से उसे उसकी जरूरत का सामान भी मिलेगा और गेहूं की अपेक्षा अधिक दाम भी मिलेगा, खर्च भी कम होगा और मजबूरी में बेचने की समस्या से भी निजात मिलेगी। किसान ने हर फसल का सीमित उत्पादन किया है जिसे वह साल भर अपने हिसाब से बेच सकता है। इन फसलों के अलावा भी बहुत सारी फसलें हैं जिन्हें अपने खेत में लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर, यदि अधिक-से-अधिक फसलें अपने खेत में उत्पादित करें तो सरकारों और व्यापारियों के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# धांधली कर रहे चेयरमैन की डीएम से शिकायत

**कुरारा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

कस्बा कुरारा के नगर पंचायत सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र चेयर मैन द्वारा की जा रही धांधली की शिकायत जिलाधिकारी से की है।सभासदों ने सामूहिक इस्तीफा देने की धमकी दी है। नगर पंचायत के सात सभासदो ने जिलाधिकारी राहुक पांडेय को बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक की सूचना नियमानुसार न देकर एक दिन पहले दी जाती है। नगर पंचायत में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या अस्सी पंजीकृत हैं। जिसमे मौके पर पैंसठ कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। अस्सी कर्मचारियों का वेतन आहरित किया जाता है। नगर पंचायत टेंडर में वित्तीय



अनियमता की जाती है। नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की है। चेयर मैन द्वारा अपने निजी कार्य में गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य में नगर पंचायत की मशीनरी का प्रयोग किया जा रहा है। तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों से निजी कार्य कराया जा रहा है। इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराए जा रहे कार्य में जो सामग्री बचती हैं ईंट आदि अपने निजी कार्य में उपयोग किया जा रहा है। इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। विभागीय गोपनीय कार्य अपने नजदीकी रिश्तेदार से कराया जा रहा है।भवन नामांतरण की पत्रवलिया लंबित है। जिनका निस्तारण कराया जाए।सभासदों को दबाव बना कर प्रस्ताव पारित कराया जाता है। न करने पर मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी जाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रताड़ित करने से समस्त सभासद सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होगे। इस मौके पर अजय सिंह, सभासद प्रतिनिधि नफीस अहमद, सभासद मुकेश कुमार, सभासद अंकित पालीवाल, प्रशांत सिंह, अवधेश गुप्ता,वार्ड पांच सभासद प्रतिनिधि अवधेश कुमार, सभासद प्रतिनिधि मुकेश कुमार मौजूद रहे।

### जमीन से अवैध कब्जा न छोड़ना पड़े इसलिये कर रहे है विरोधः चेयरमैन

**हमीरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा आशारानी कबीर ने बताया कि विरोध करने वाले सभासद नगर पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा किये हुये है। इसकी शिकायत पहले की शासन व प्रशासन से की जा चुकी है। जमीन न छोड़ना पड़ा इसलिये सभासद पहले से ही विरोध करना शुरु कर दिया है। चेयरमैन ने बताया कि सभासद उनसे गैरकानूनी काम कराने प दबाव डालते है न करने पर विरोध करते है। इसको हवा देने के लिये एक भाजपा नेता शामिल है। चेयरमैन ने सभासदों के करतूतों की जानकारी शासन को दे दी है।

# लक्ष्मण परशुराम संवाद देख दर्शक हुए मंत्रमुग्द

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



विष्णु महायज्ञ की वर्षगांठ पर अयोजित दो दिवसीय रामलीला में दूसरे दिन धनुष यज्ञ की लीला हुई जिसमे राम जी का अभिनय पवन द्विवेदी एवम लखन लाल जी का सुंदर अभिनय कल्पेश द्विवेदी ने किया जिसमे धनुष भंग हो जाने के बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद में दर्शक सुबह सात बजे तक डटे रहे परशुराम जी का अभिनय कृष्णकुमा 'द्विवेदी भरुआ ने किया धनुष टूट जाने के बाद परशुराम जी का क्रोध देखने लायक था और उन्होंने कहा मूर्ख जनक ये भगवान शंकर का अजगव जिसने तोड़ा है वो सहस्त्रबाहु के समान मेरा दुश्मन है इतने में लक्ष्मण जी बोल पड़े की ऐसी धनुइया तो बचपन में हमने बहुत तोड़ी है लेकिन आज तक किसी ने इतना गुस्सा नही दिखाया जो आप इस धनुष के टूटने पर इतना नाराज हो रहे हो। परशुराम जी बोले है।

बालक ये नही जानते की ये धनुष भगवान शंकर का धनुष है जो महराज जनक जी के पास सुरक्षा के तौर पर रखा था जिसने भी तोड़ा है तो अपना नाम जल्दी बता दे नही तो यहां पर जितने भी राजा बैठे हुए है सभी मारे जायेंगे। कोमिक कलाकार राजन अकेला कानपुर ने भी पेटू राजा के रूप में कोमिक बनकर जनता को लोटपोट किया। डांसर चंचल रानी कानपुर एवम छोटी गुड़िया कानपुर ने भी अपने नृत्य से दर्शको का मन मोह लिया। संजय पहाड़ी ने बाड़ासुर के रूप में अभिनय किया और अपने तेज तर्रार अभिनय से रावण को सोयंबर से हटायाव्यास जी सोनू ,तबला पर प्रियांशु,एवम अंकित साउंड सर्विस ने भी अपना एक अलग कमाल दिखाया मंडला धीश तेजकुमार तिवारी रहे।

# बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) का प्रथम स्थापना दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम संस्थापक देवेन्द्र मिश्रा के निर्देश पर बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द कुमार तिवारी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार नायक के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने कस्बा स्थित बाल सेवा सदन अनाथालय में अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर एवम मिठाई व फल वितरण कर बड़े ही हरसोल्लास के साथ घूम धाम से मनाया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पूरे भारत में कार्य करता है और सभी जिलों में इसका गठन किया जा चुका है राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम संस्थापक देवेन्द्र मिश्रा द्वारा इस एक वर्ष में पत्रकार हित में कई पत्र राज्यपाल व सरकार को भेजे जा चुके हैं जिसमे पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की बात कही गई है।

इस बार लखनऊ में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में भी पत्रकारों के हितों में कई बिंदुओं पर लिखित पत्र दिए गए हैं। स्थापना दिवस पर आए हुए वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, शिवकुमार सोनी, राम जी गुप्ता, जुगुल किशोर दुवेदी, गोरेलाल कुशवाहा, हरिओम सोनी, कमल नयन चतुर्वेदी, रोहित चौबे, अखिलेश चौबे, राजकुमार त्रिपाठी, अनुज तिवारी, सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# अग्निकांडः जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

## गांवों में आग न लगे, इससे बचाव के लिए प्रचार-प्रसार के लिए लेखपालों को भी किया गया है निर्देशित : डीएम

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डों से बचाव को लेकर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनसामान्य को बचाव के टिप्स देते हुए सचेत किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि घास फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए।

आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं।

बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें। खेतों के पास लगे बिजली खंभे के फसल को पहले काट लें, जिससे चिंगारी से आग लगने की संभावना कम हो जायेगी। आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें। अगर कपड़ों में आग लगे तो जमीन पर लेटकर या लुढ़क कर उसे बुझाने का प्रयास करें। आग से बचाव हेतु जागरूक करते हुए बताया कि दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। फसल कटने के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगाएं। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न करें।

जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। हमेशा सूती कपड़े पहनकर ही खाना बनाएं। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। जिलाधिकारी ने बताया कि गांवों में आग न लगे, इससे बचाव के लिए प्रचार-प्रसार के लिए समस्त विभागों एवं क्षेत्रीय लेखपालों को भी निर्देशित किया गया है।

### आग से दुकान व गृहस्थी राख , युवक झुलसा

**मौदहा,हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के छिरका में बीती शाम मोमोज बनाते समय दुकान मे आग लग्गाई इस से दुकान के साथ ही घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग बुझाते समय गृह स्वामी का पुत्र बुरी तरह से झुलस गया है गांव छिरका निवासी आशादीन अपने घर पर ही परचून की दुकान किए है ।वह मामोज भी बामता है। शनिवार की देर शाम आशादीन ने बताया है कि तभी अचानक आग लग गई। जिससे दुकान व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जिस से 50हजार रुपए से अधिक की छति हुई है। इस अग्निकांड में आशादीन का पुत्र भी बुरी तरह से झुलज गया है। ग्रामीणों ने बड़ी मश क्कत से आग पर काबू पाया है। लेकिन तब तक दुकान और गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया था।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत विभाग युद्ध स्तर पर कर रहा कार्य

**इटावा।** विद्युत उपभोक्ता को निरंतर रूप से मिल सके विद्युत सप्लाई इसलिए विद्युत विभाग कर रहा है लगातार प्रयास। इटावा मे 46 डिग्री टेंपरेचर के चलते बिजली विभाग के पावर हाउस में लगे बड़े ट्रांसफार्मर को किया जा रहा है कूलर व समर सेविल चलाकर ठंडा। ट्रांसफार्मर के पास विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं बड़े कूलर। बढ़ते तापमान के कारण ट्रांसफार्मर फुंकने व आग लगने की हो रही है घटनाएं। विद्युत कर्मी लगातार कर रहे हैं ट्रांसफार्मर को ठंडा जिससे ट्रांसफार्मर में आग न लग सके। आम जनमानस को राहत देने के लिए विद्युत विभाग युद्ध स्तर पर कर रहा है कार्य। विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए दोपहर व रात में कर रहे हैं काम। किसी भी विद्युत उपभोक्ता की शिकायत पर तत्काल विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश के निर्देशन में होती है कार्यवाही। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश के निर्देशन में शहर के तीनों उपखंड अधिकारी पीयूष मौर्य, आनंदपाल सिंह, गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में चल रहा है युद्ध स्तर पर विद्युत व्यवस्था सुचारु करने के लिए कार्य।आसमान से गिर रही है आज उसके बावजूद भी विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने के लिए काम कर रहे हैं।

### स्ट्रांग रूम ड्यूटी में तैनात दरोगा बेहोश

**भरुआ सुमेरपुर।** नवीन गल्ला मंडी में स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी में तैनात दरोगा हीट स्ट्रोक का शिकार होकर बेहोश हो गए। इनको उपचार के लिए आनन फानन में सदर अस्पताल भेजा गया। यहां से उन्हें कानपुर रेफर किया गया है। सदर कोतवाली में तैनात सबइंस्पेक्टर खालिद अहमद की ड्यूटी मंगलवार को नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम के बाहर लगी हुई थी। शाम को करीब 5:00 बजे यह बेहोश होकर नवीन गल्ला मंडी में गिर गए। इन्हें आनन फानन में एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें कानपुर रेफर किया गया है।

### एसपी से जांच कराने की मांग, सभासद व चेयरमैन क मामले ने पकड़ा तूल

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा के नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रताड़ित करने व झूठे मामले में फंसानेकी धमकी देने से परेशान सभासदों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने के बाद कार्यवाही करने की मांग की है।कस्बे के वार्ड सभासद अजय सिंह, अवधेश गुप्ता, मुकेश कुमार, प्रतिनिधि नफीस अहमद,अंकित पालीवाल, प्रशांत सिंह,प्रतिनिधि अवधेश कुमार, प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि हम लोग अपने अपने वार्ड में जन समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के पास जाते हैं तो उग्र होकर नाराज हो जाती है। तथा किसी प्रकार की शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देती है।15 मार्च को सभासदों द्वारा अनियमत्तता किए जाने की शिकायत की थी। जिसकी जांच चल रही है।इससे नाराज होकर चेयर मैन ने दो सभासद के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। सभासदों ने फर्जी शिकायत की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। तथा सभासदों का पक्ष भी सुना जाए।

### दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास व अर्थदंड की सजा

**हमीरपुर।** सोमवार को विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट कीर्तिमाला सिंह ने दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उसे 20 वर्ष की सजा व चालीस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। आरोपी को कड़ी सुरक्षा में जेल ले जाया गया है। विशेष लोक अभियोजक रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने सदर कोतवाली में तहरीर दी थी कि सात जुलाई 2020 की शाम साढ़े पांच बजे उसने अपनी 14 वर्षीय पुत्री को मोबाइल फोन करके नदी किनारे लगी बारी में पानी लगाने के लिए बुलाया था। जब उसकी पुत्री नरेंद्र प्रधान के नलकूप के पास पहुंची तभी पीछे से अमिरता गांव निवासी शेर सिंह उर्फ सुनील आया और उसकी पुत्री को पकड़ लिया और पास के सूखे नाले में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# नेत्र शिविर में मरीजों का परीक्षण कर आपरेशन के लिए भेजा

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



पूर्व से निर्धारित बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ फूलसिंह राजपूत पूर्व प्राचार्य ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट से आए डॉक्टर की टीम सफलता पूर्वक विकास खंड के ग्रामीण अंचलों से आए करीब एक दर्जन से अधिक मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया तथा मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत होने पर निशुल्क वाहन से जानकी कुण्ड चित्रकूट ऑपरेशन हेतु भेजा गया. महाविद्यालय के संरक्षक प्रो.डी.एस. परिहार द्वारा कहा गया इस प्रकार के कैंप का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो को लाभ पहुंचाना है।

नेत्र शिविर को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के मो.आफताब सिद्दीकी,दीपक ,भगत सिंह,देवेंद्र ने अपना सहयोग प्रदान किया है।

### चोंरो ने लाखों का सामान पार किया

**मौदहा,हमीरपुर।** नगर के सिचोली पुरवा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुस एक लाख रुपए से अधिक की नगदी पार कर दी। पीड़ित ने इस घटना की तहरीर कोतवाली मौदहा में देकर चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। गांव के अजीम खान पुत्र निजाम खां रविवार की रात परिवार सहित खाना खा पीकर सो गया तभी आधी रात अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुस कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ उसमें रखे 120000 रुपए पार कर दिए। सुबह बक्से का ताला टूटा देख गृह स्वामी को घटना की जानकारी हुई जिस पर उसने कोतवाली मौदहा में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। अजीम खान बताया कि उसने हाल में ही अपनी भैंस बेंची थी जिसका रुपया घर में रखा हुआ था।

# संस्थापक स्व.बाबू बालेश्वर लाल की मनी 37 वीं पुण्यतिथि

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

- श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार

ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्व.श्री बाबू बालेश्वर लाल की 37 वीं पुण्यतिथि मुख्यालय में मीनू आइस फैक्ट्री स्थित ग्रा.प.ए जिला कार्यालय में बड़ी सादगी के साथ मनाई गई। संस्थापक जी की आयोजित पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने स्व.श्री बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस खान,जिलाध्यक्ष जमाल अहमबद कादरी एवं कार्यक्रम की संयोजिका मंडल महासचिव रोली गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम जिला महासचिव देवेंद्र अरजरिया द्वारा संस्थापक जी के संबंध में बताते हुए कहा कि जिस प्रकार से संगठन को एक मजबूत स्तंभ के रूप में तैयार किया है उसका मुख्य श्रेय संस्थापक जी को जाता है उन्होंने ग्रामीण पत्रकारों के लिए एक ऐसा संगठन तैयार किया है जिसका आज हम सभी को लाभ प्राप्त हो रहा है इसी क्रम में उन्होंने आगे संस्थापक जी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी जी को आमंत्रित किया।

# हर तीन माह बाद खाद्य पदार्थों के भरे जाएंगे सैंपल

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

अब हर तीन माह बाद खाद्य पदार्थों की सघन सर्विलांस नमूने भर कर शासन ने पहली मर्तवा जांच कराने का फैसला लिया है। , जो नमूना जांच में फेल पाया जायेगा, उस पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। हालाकि व्यापारियों ने अभियान व सर्विलांस सैपल भरने पर व्यापार प्रभावित होने की आशंका जतायी है। जानकारी के मुताबिक शासन मिलावटी खाद्य पदार्थों के लेकर बेहद संवेदनशील है। समय समय पर अभियान चलाकर जांच करायी जाती है। मगर शासन ने पहली मर्तवा हर तीन माह बाद सर्विलांस जांच कराये जाने का फैसला किया है। सर्विलांस सैंपल में ज्यादा ध्यान नही दिया जाता है। सर्विलांस नमूनों की जांच के लिये हैदराबाद लैव निश्चित की गयी है। सर्विलांस सैंपल भरने व जांच किये जाने का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है। विभागीय निरीक्षकों का कहना है कि चालू माह में जिले की चारों तहसीलों से चालिस चालिस सैंपल भरे जायेगे चालिस सैंपल नगर पालिका क्षेत्र से भरे जायेगी सभी दो सौ नमूनों की जांच हैदराबाद भेजी जायेगी। इन दिनों सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में सैंपल भर रहे है। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा है। वही दुकानदारों का कहना है कि समय समय पर अभियान भरने का सैंपल इसके बाद सर्विलांस नमूने भरने का सैंपल भरे जायेगे जिससे व्यापार प्रभावित होगा।खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त दिवतीय रामअवतार यादव का कहना है कि जैसा शासन का आदेश होगा उसी के अनुसार काम किया जायेगा।

### जांच मे गुटखा के सैंपल पाये गये मिलावटी

**हमीरपुर।** छह माह पहले बिवार क्षेत्र के उमरी गांव में दुकान से छापा मारकर पकड़ा गया गुटखा के दोनो नमूने फेल पाये गये है। रिपोर्ट दर्ज कराने की अनुमति आयुक्त खाद् सुरक्षा विभाग से मांगी गयी है। जानकारी के मुताबिक छह माह पहले उमरी गांव के मुन्ना लाल यादब की दुकान से लौंग श्री व आरके मिश्रित गुटखा पकड़कर उसका नमूना लखनऊ भेजा गया था जिसमे मिलावट पायी गयी है। गुटखा बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। विभाग के सहायक आयुक्त दिवतीय रामअवतार यादव ने बताया कि जैसे ही शासन से अनुमति मिलती है तभी एडीजे कोर्ट बांदा में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। इस मामले में काफी दांव पेंच फंसे है।

# वृद्धा का आधा धड़ पुलिस ने किया बरामद,हत्या की आशंका

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सुमेरपुर क्षेत्र के विदोखरमेदनी गांव में सोमवार को छह दिन से गायब वृद्धा का आधा शव गांव के किनारे तालाब के पास बरामद किया है,हत्या की आशंका जतायी गयी है। पुलिस के मुताबिक गांव की सुरजी(75) बीस मई को अचानक गायब हो गयी थी वह अपने चौथे बेटे संतोष कुमार के साथ रहती थी। संतोष ने 22 मई को सुमेरपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सोमवार को वृद्धा का आधा धड़ गांव के बाहर मिला जिससे सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने डाग



वृद्धा की फाइल फोटो

स्कावायड को लेकर मौके पर जाकर छानबीन की। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस का मानना है कि वृद्धा की हत्या कर आधा धड़ लाकर यहां फेका गया है। जहां पर आधा धड़ मिला है वहा पर खून की एक बूद नही मिली है। जिससे साफ जाहिर होता है कि वृद्धा की हत्या कर लाश यहां फेकी गयी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही शुरु की जायेगी।

### दबंग ने राजीनामा न करने पर जान से मारने की दी धमकी

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र की एक महिला को गांव के दबंग पिता पुत्र द्वारा एक मुकदमे में राजीनामा न करने पर घर में चढ़कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम भैंस्ता का निवासिनी शिवकुमारी पत्नी अल्हू वर्मा ने पुलिस को कि 22 मई की दोपहर गांव के मैया दिन व उसके बेटे कुंदन ने उसकी बहू गुड्डी पत्नी मुन्ना के साथ गाली गलौज व मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिस पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए उसने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था लेकिन पुलिस द्वारा दबंग पिता पुत्र के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने पर वह लगातार उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं।

# दो बाल अपचारी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले दो बाल अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वादी अंकित विशाल गौड पुत्र राकेश कुमार गौड निवासी छिपैटी इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी गयी कि वादी का मकान ग्वालियर रोड पर निर्माणाधीन है जिसमें 14 मई 2024 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गयी एवं 23/24 मई 2024 की रात्रि को भी चोरों द्वारा



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

घर का सामान चोरी कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर अजहर पुत्र इदरीस निवासी गाडीपुरा इटावा व 2 बाल अपचारी को आजाद होटल के पीछे से एवं असद अहमद उर्फ कल्लन पुत्र साबू निवासी नयी बस्ती टीला आजाद नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा को आजाद नगर पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 पानी की मोटर, 19 रिंग लोहे की, 4 कैसिल लाइट, डाटा केबल, मोटरसाइकिल की बैट्री व 1350 रुपये नकद बरामद हुए। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली इटावा, उ.नि. शकील अहमद, का. योगेश कुमार, का. निवेश कुमार, का. अक्षय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस लाइन में आनंद अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

एसएसपी व उनकी पत्नी नीलम राय वर्मा द्वारा आनंद अनुभूति शिविर आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को ध्यान व योगाभ्यास कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार एवं उनकी पत्नी नीलम राय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा स्थित बहु-उद्देश्यीय हॉल में आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा एवं उनकी पत्नी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को बेहतर



मानसिक व उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य के दृष्टिगत योग, ध्यान, प्रणायाम की सरल व आसानी से अपनाई जाने वाली पद्धति का परिचय देते हुए ध्यान/योगाभ्यास कराया गया एवं साधकों को सुदर्शन क्रिया, उपनयन सहित योग, ध्यान, प्राणायाम को जीवन में प्रयोग में लाने का संदेश दिया गया।

# डीएम-एसएसपी ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा नवीन मण्डी स्थित मतगणना स्थल, ईवीएम स्ट्राँग रूम का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मतगणना के दृष्टिगत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित नवीन मण्डी स्थल पहुंचकर मतगणना स्थल/ ईवीएम स्ट्राँग रुम का निरीक्षण किया गया। डीएम, एसएसपी द्वारा सुरक्षा गार्द को चेक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को परिसर के



निरीक्षण करते डीएम, एसएसपी।

अंदर किसी भी व्यक्ति/ वाहन को बिना चेकिंग अकारण प्रवेश न करने तथा परिसर के आसपास लोगो को भीड़ न लगने देने आदि के संबंध मे निर्देशित किया गया तथा सभी को सावधानीपूर्वक ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, श्रेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह एवं पुलिस /प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# हमारी सरकार ने गुंडाराज का किया खात्मा: योगी

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**लोकसभा व** उपविधान सभा चुनाव को लेकर बीजेपी के स्टार प्रचारक व प्रदेश के मुख्यमंत्री आज सोमवार को दुद्धी स्थित टाउन क्लब क्रिकेट (रामलीला) मैदान पहुंचे और चुनावी जनसभा किए ।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में बनी है उसके बाद से एक-एक गुंडे और माफियाओं का खात्मा किया जा रहा है ।कहा की आज प्रदेश में गुंडे माफिया बदमाशों की कोई मंशा काम नहीं करती, कार्रवाई के डर से कहां पर हैं एक समय था कि सपा की सरकार में गुंडे सरकार चला रहे थे और गरीब असहाय जनता के जमीनों व मकानों पर कब्जा कर लिया करते थे। गरीब व्यक्ति अपने न्याय की भीख मांग रहे थे उसके बाद भी प्रदेश की सरकार गरीबों की एक भी ना सुनी उन दिनों माफिया का राज था जिससे गरीब काफी त्रस्त और परेशान हाल थे आज भाजपा के सरकार में गरीब खुशहाल हैं और माफिया बेहाल हैं अपनी जान की भीख मागते नजर आते है। हर घर नल योजना के तहत पूरे जनपद वासियों के घरों तक पानी पहुंचाने का काम भारत सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कहां से कहां आ गई है ।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्य अंतरराष्ट्रीय जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है ।आगे उन्होंने कहा कि गरीब की झोपड़ी और उनके आवास की पूरी व्यवस्था सरकार जल्द ही पूरा करेगी गुंडे माफियाओं की काली कमाई व अवैध भूमियों को उनके कब्जे से सरकार मुक्त कराकर गरीबों के लिए भव्य मकान बनाकर उनको देगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र के आदिवासी गिरिवासी गरीब लोगों को भूमियों का पट्टा भी दिया जाएगा जिससे उनको भूमि का मौलिक अधिकार मिल सकेगा और वह अपने खेती के जरिए जीवन यापन कर स्वालंब बन सकेंगे ।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में एनडीए गठबंधन गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रिंकी कॉल को कब प्लेट पर मोहर लगाकर लोकसभा चुनाव में विजई दिलाने की अपील किया ,ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत किया जा सके वहीं उन्होंने दुद्धी विधानसभा के उप चुनाव के प्रत्याशी श्रवण सिंह गौड़ के चुनाव निशान कमल के फूल पर मोहर लगाकर उनको लखनऊ भेजे जाने की आम जनता से अपील किया है ताकि दुद्धी क्षेत्र के विकास से जुड़ी कार्यो को आगे बढ़ाया जा सके और क्षेत्र में समुचित सुविधा लोगों को प्रदान किया जा सके ।उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के पूर्व राम भक्तों पर समाजवादी पार्टी की सरकार ने गोलियां चलाई और खून की नदी बहाई थी आज राम मंदिर को भव्य बनाकर देश में कीर्तिमान स्थापित किया । अयोध्या काशी और मथुरा के दर्शन के लिए लोग आगे बढ़ रहे हैं और दिन प्रदिन वृद्धि देखी जा रही है ।कहां की पिछले सरकार में देश में आतंकवादियों का बोलबाला था आए दिन विस्फोट हुआ करती थी ,जबसे केंद्र में मोदी की सरकार बनी है तब से आंतकवादी घटना समाप्त हो गए हैं, नक्सली समाप्त हो गए हैं और पाकिस्तान भी डर के मारे थर-थर कापते है ।इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी रिकी कॉल विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण सिंह गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री संजय गौड़ ,सांसद राम सकल एमएलसी विनीत सिंह सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य ,भानु प्रताप सिंह, रमेश मिश्रा, रूबी प्रसाद, सोना बच्चा अग्रहरि, ईश्वर प्रसाद निराला सुरेंद्र अग्रहरि राम नरेश पासवान भूपेश चौबे रूबी प्रसाद रामेश्वर राय सूरज देव प्रसाद सेठसहित काफी संख्या पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण के अलावा हजारों की संख्या में जनताजनार्द मौजूद रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैली को लेकर जोर शोर से तैयारी शुरू

- 29 मई को लोकसभा एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल के पक्ष में करेंगे रैली को संबोधित

चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**स्थनीय** नगर के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को लोकसभा के चुनावी समर में एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व विधानसभा उपचुनाव दुद्धी के भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के पक्ष में रैली को संबोधित करने के लिए अमीत शाह गृह मंत्री भारत सरकार के चुनावी सभा को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही है जहां चोपन भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह अपनी पूरी टीम के साथ देखरेख में लगे हुए हैं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि रेलवे इंटर कालेज में हेलीपैड काम अब लगभग बन गया है वहीं सभा स्थल पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है साफ सफाई को लेकर रैली में आने वाली जनता को कोई असुविधा न हो इसको लेकर विषेश ध्यान दिया जा रहा है वहीं आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली अपनी पूरी टीम के साथ व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हुए हैं। सोमवार की सुबह राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़, प्रभारी अनिल सिंह, संजीव त्रिपाठी आदि ने भी तैयारी के बाबत जानकारी ली वहीं दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह भी गृहमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, रामसुंदर निषाद, सत्यप्रकाश तिवारी, लिपीक अंकित पाण्डेय, विकास सिंह, अमित सिंह अमर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आर्य सिंह ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में जीता कांस्य पदक




**अयोध्या।** तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी,चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग पुरूष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी आर्य सिंह ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।इस पावर लिफ्टिंग टीम के कोच प्रमोद कुमार रहे। खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बधाई दी।कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ी को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।इस उपलब्धि पर वित्त अधिकारी पूर्णेंद शुक्ला,कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो.एस.एस.मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ,प्रो. नीलम पाठक,साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह,प्रो.जसवंत सिंह,विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.शैलेंद्र वर्मा,उपाध्यक्ष डॉ.संग्राम सिंह,महामंत्री डॉ.राना रोहित सिंह,क्रीड़ा उप सचिव डॉ. अनुराग पाण्डेय, प्रो.अमूल्य कुमार सिंह,डॉ.विनय सिंह,डॉ. मनीष सिंह,डॉ.प्रवीन सिंह,डॉ. सन्तोष गौड़,डॉ. सीमा पाण्डेय, डॉ.नागेंद्र सिंह,डॉ.पूनम जोशी, डॉ.अनिल मिश्रा,डॉ.दुष्यंत सिंह, डॉ.कपिल राणा,डॉ.त्रिलोकी यादव,डॉ.अर्जुन सिंह,सुरेश सिंह, मो.अयूब सिद्दीकी,स्वाती उपाध्याय सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### पत्नी से पीड़ित पति पहुंचा पुलिस की शरण में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सिरौली निवासी मुकेश कुमार पुत्र राजबहादुर ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह लगभग 6 वर्षो से दिल्ली में अपनी पत्नी सुमन देवी के साथ रहकर अपना जीवन यापन करता कर रहा है। उसक एक पुत्र है। जिसकी उम्र करीब 05 वर्ष है। जब पीड़ित ड्यूटी पर चला जाता है, तो उसकी पत्नी सुमन देवी किसी दूसरे व्यक्ति से फोन पर बात करती है। जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई, तो पीड़ित लगभग 2 महीने पहले अपनी ससुराल फर्रुखाबाद गया और यह सारी कहानी अपने सास और ससुर को बताई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़ित 25 मई 2024 को सुमन के घर फर्रुखाबाद गया और अपने पुत्र को अपने साथ सिरौली ले आया, तो पीड़ित की पत्नी सुमन धमकी देती है कि तुम्हारे ऊपर मुकदमा करूंगी। पहले जमीन और खेत मेरे नाम करवा दो। इसके बाद हम सिरौली में आएंगे। पत्नी से परेशान होकर व्यक्ति ने आज थाना पुलिस से गुहार लगायी।

### दबंगों ने भाइयों को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी विश्व प्रकाश उर्फ रवी पुत्र महेश सिंह ने गांव के ही दबंग मुकेश यादव पुत्र रूपराम, हरदीप पुत्र खुशीराम, रोहित, मोहित पुत्रगण खुशीराम तथा आरोपियों के परिजनों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा वह छोटे भाई के साथ खेत पर तंबाकू के बंडल बांध रहा था। उसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जिससे मैं घायल हो गया। जब मेरा भाई मुझे बचाने आया, तो उस पर भी धारदार हथियार दरांती से हमला कर दिया। चीख पुकार करने पर आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए फरारो हो गये। पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग। गंभीर रूप से घायल का सीएचसी शमसाबाद में मेडिकल कराया गया।

### पिता की डांट से क्षुब्ध छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिता की डांट से क्षुब्ध होकर छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम अर्रापहाड़पुर निवासी महेश जाटव का 21 वर्षीय पुत्र अमित जाटव बीएससी का छात्र था। महेश चन्द्र ने बताया की पुत्र अमित का एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसका हमने विरोध किया और उसे डांट दिया। जिसके बाद उसने पंखे के कुंडे में फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी होने पर उसे लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहाँ उसे 2.56 बजे मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

### आला अधिकारियों ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था परखी



**उरई (जालौन)।** प्रतिदिन की भांति सोमवार भी अचानक रूप से जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने विशिष्ठ मंडी कालपी रोड उरई स्थित वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा के सभी इंतजाम पुख्ता पाये गये। ईवीएम सीसीटीवी कैमरे से निरंतर निगरानी की जा रही है, सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुँचकर देखा सभी कैमरे संचालित मिले। ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट और पुलिस तैनात थे तथा अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों को भी ड्यूटी पर मुस्तैद पाया। राजनीतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी निगरानी करते पाये गये। उल्लेखनीय हैं कि 45 जालौन-भोगनीपुर-गरौठा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान सम्पन्न हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को विशिष्ठ मंडी कालपी रोड उरई में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं, यहां अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं। एक कंट्रोल रूम 24'7 कार्यरत है, जिसमें एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, समस्त एआरओ आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 59वीं पुण्यतिथि पर पंडित नेहरू को दी गई श्रद्धांजलि

अयोध्या। समृद्धि न्यूज




**भारत के** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 59वी पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी,उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत हमेशा रहेगी। पंडित नेहरू सच्चे समाजवादी और लोकतंत्र के प्रणेता थे।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित नेहरू एक महान स्वतंत्रता सेनानी तथा एक दूरदर्शी प्रधानमंत्री थे।वह एक ऐसे लोकतांत्रिक शख्स थे जिन्होंने हमारे गणतंत्र की नींव रखी। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला व सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष शीतला पाठक तथा अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत ने कहा स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू दुनिया भर में सम्मानित राजनेता थे।पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने सभी उत्तराधिकारियों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा पंडित नेहरू भारत के विचार और स्वतंत्रता,लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता के उन मूल्यों पर मशाल की तरह प्रकाश डालती रहेगी,जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फ्लावर नकवी, राम बहादुर सिंह, रामेंद्र त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश पांडेय,अशोक कुमार राय, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, चंचल सोनकर, राहुल मौर्य, मो आरिफ आदि उपस्थित रहे।

### किशोर से दुष्कर्म प्रयास मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जालौन (उरई)।** रुपयों का लालच देकर किशोर के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनका 10 वर्षीय बेटा अपने साथी के साथ खेलने के लिए खेत पर गया था। इसी दौरान गांव का ही राजेश कुमार वहां पर पहुंच गया। राजेश उनके बेटे कोा रुपयों का लालच देकर अपने घर ले गया। घर पहुंचकर उसने कमरा बंद कर लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। इतना ही नहीं उसने बेटे को अपना मोबाइल नंबर देकर उसे मां को देने के लिए कहा और मां से बात करवाने की बात कही। किसी तरह बेटा वहां से भागकर घर आ गया और उन्हें सारी बात बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफसुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पेयजल संकट का कारण बन रहा अंधाधुंध जल दोहन



उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**क्षेत्र** में घट रहे भूमिगत जल स्तर के बीच बड़े तालाबों व पोखरों का पानी नाली में बहाने से जहां जलस्तर में और कमी आनी तय है वहीं बेसहारा व जंगली पशुओं पक्षियों को भी पीने का पानी न मिलने की समस्या हो रही है। नगर क्षेत्र के सुभाष नगर के कटिया डीह के सबसे बड़े क्षेत्रफल वाले तालाब का पानी को ट्यूबवेल से निकालकर उसे खाली कर दिया गया है। इसी तरह सुभाष नगर शव दाह स्थल के बगल स्थित हाटन ताल को सुखाने के लिए दिन रात पंपिंग सेट चल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में जल दोहन के बाद उनके घरों में लगे हैंडपंप दिन भर में कई बार सूखने लगे हैं। इन बड़े तालाबों पर पशुपालक अपने गोवंश व भैंसों को नहलाने का काम करते आ रहे थे। इसके अतिरिक्त पक्षी व बेसहारों पशुओं की पेयजल की जरूरतें भी पूरी हो रहीं थी। इस संबंध में एसडीएम अवधेश कुमार से पूछे जाने पर उनका कहना था कि सार्वजनिक तालाबों का पानी केवल आखेट के लिए बरबाद करना गैरकानूनी है। राजस्व टीम को भेजकर स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा।

# चार जून को प्रातः 8 बजे से शुरू होगी लोकसभा चुनाव की मतगणना

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी, रिटर्निंग ऑफीसर 45-जालौन (अ.जा.) राजेश कुमार पाण्डेय ने समस्त उम्मीदवार 45-जालौन (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना हेतु गणना अभिकर्ता की नियुक्त के संबंध में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन के मतों की मतगणना, स्थान व दिनांकध्समय एवं टेबिल संबंधी विवरण निम्नवत है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 45-जालौन (अ.जा.), लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा क्षेत्र 219-माधौगढ़, 220-कालपी, 221-उरई (अ.जा.), मतगणना का 4 जून 2024 व समय प्रातः 8 बजे से, मतगणना का स्थान विशिष्ट मण्डी कालपी रोड उरई गोदाम संख्या-1, टेबिलों की संख्या कुल 15 टेबिल (एक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबिल सहित विधान सभावार) एवं पोस्टल बेलेट पेपर हेतु 8 टेबिल स्कैनिंग सहित है। उक्त के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि आप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रारूप 18 (गणना अभिकर्ता की नियुक्ति पत्र) आवश्यक मात्रा में प्राप्त कर 31 मई 2024 तक आवेदन संबंधित एआरओ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक गणन अभिकर्ता की दो टिकट साइज फोटो उपलब्ध कराना आवश्यक है। आयोग के निर्देशानुसार गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु जारी निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि गणन अभिकर्ता को उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (जिस विधानसभा में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा है) का मतदाता होना आवश्यक है तथा प्रारूप 18 के साथ अपना आधार, फोटो पहचान पत्र संलग्न करना भी आवश्यक है। अतः कृपया आप स्वयं अथवा आपके निर्वाचन अभिकर्ता 31 मई 2024 तक अपना आवेदन पत्र (प्रारूप-18) उपरोक्तानुसार संबंधित सहायक रिटर्निंग आफिसर, उप जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

# काजल निषाद के रोड शो में रेला, आइएनडीआइए ने दिखाई ताकत

सहजनवां गोरखपुर। समृद्धि न्यूज



**देश** की सबसे हाट सीट गोरखपुर पर गठबंधन से सपा प्रत्याशी काजल के पक्ष सहजनवां विधानसभा में वोट की अपील की 100 किलोमीटर के दायरे में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ और उत्साह से विभोर नजर आई और ऊर्जान्वित कर गई।

सहजनवां सपा केंद्रीय कार्यालय से रोड शो की शुरूआत हुई। यहां से सपा प्रत्याशी काजल निषाद के साथ पूर्व विधायक सहजनवां यशपाल सिंह रावत सज्जित वाहन पर सवार हुए। पहले से यहां गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ थी। कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी समेत विभिन्न आइएनडीआइए घटक दलों के झंडे लहरा रहे थे तो ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर कार्यकर्ता झूम रहे थे। गाड़ी जैसे-जैसे आगे बढ़ी लोग रोड शो का हिस्सा बनते गए। राहुल-अखिलेश जिंदाबाद के खूब नारे लगे। इस बीच काजल निषाद जगह-जगह रास्तों में खड़े लोगों का हाथ जोड़ कर तो कभी हाथ हिलाकर अभिवादन करती रहीं। बच्चों को स्नेहिल भाव से दुलारा तो यशपाल सिह रावत ने बड़ी विनम्रता से बड़ों का हाथ जोड़कर तो बच्चों को हाथ हिलाकर दिल जीतने में जुटे रहे। नेताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और नौजवान अपने घरों की छतों पर परिवार सहित खड़े नजर आए। जगह-जगह लोगों ने गुलाब की पंखुड़िया बरसाकर अभिनंदन किया। उमड़ी भीड़ से काजल निषाद काफी उत्साहित नजर आई और जगह-जगह दोनों हाथों से तालियां बजा बजा कर रोड शो में चल रहे लोगों में जोश भरती रहीं। रास्ते में सपा, कांग्रेस समेत विभिन्न संगठनों की ओर से नेताओं का स्वागत किया गया।

इस मौके पर प्रदेश सचीव मुरारी मौर्य जिला उपाध्यक्ष रामनाथ यादव गिरिश यादव जिला अध्यक्ष महीला सभा अनारकली जिला पंचायत सदस्य पासवान जिला पंचायत सदस्य बलवंत निषाद विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो दुधनाथ मौर्य प्रेम यादव मोहन प्रजापति सोनू जायसवाल ताज मोहम्मद मजनू बद्री प्रसाद शुक्ला संजय सिंह दिलीप मौर्य सुशील विश्वकर्मा सरवन पांडे गब्बू प्रजापति बृजेश मौर्य बाबूराम विश्वकर्मा रामबचन चौरसिया जितेंद्र शर्मा अखिलेश कनौजिया मेराज खान रामदयाल यादव प्रदिप यादव जाहिद मोहम्मद अली पंकज पासवान जितेन्द्र शर्मा सृष्टि सिंह अंकिता बाभी आज लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सभा नन्दावरी निवासी नाव के सहारे पार करते हैं नदी

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**तहसील** क्षेत्र के ग्राम सभा नंदौरी और उसके मजरा भरवलिया के बीच बह रही राप्ती नदी दोनों गांव के बीच दीवार बनकर खड़ी है। भरवालिया वासियों ने नदी पार करने के लिए अपने निजी खर्चे से नाव की व्यवस्था कर रखी है। आवागमन के लिए रस्सी एवं लग्गे के सहारे नाव से रोज नदी पार करना पड़ता है। तहसील, कचहरी, स्कूल ,कालेज, अस्पताल पहुंचने के लिए यहां के लोग रोज अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। नदी पार करने के बाद इन्हें लगभग एक से दो किलोमीटर कच्चे, उबड़ ,खाबड़ रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए नदी पार कर नंदौरी जाना पड़ता है।

गांव नदी कटान के मुहाने पर खड़ा हुआ है। अगर नदी ने इस साल कटान किया तो गांव के कई घर नदी में समा सकते हैं। पिछले वर्ष कटान को रोकने के लिए नदी पर ठोकर लगाने का काम शुरू हुआ था। थोड़ा सा ठोकर लगाने के बाद काम छोड़ दिया गया।

सबसे अधिक समस्या गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को होती है। टीकाकरण व उपचार के लिए नाव से नदी पार कर कच्चे, उबड़ खाबड़ रास्तों से होते हुए नंदोरी एएनम सेंटर पहुंचना होता है। एएनम भी नदी पार कर गांव में महिलाओं और बच्चों का हाल-चाल जानने पहुंचा करती हैं। गांव में मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। विकास के नाम पर कोई काम हुआ ही नहीं। अधिकतर सड़कें कच्ची या बहुत पुरानी खड़ंजा लगी हुई हैं। कच्चे फूस के मकानों में रह रहे मजलूमुन निशा, मुन्ना बेगम, मोबीन, तौफीक, इश्तियाक, इसराइल, तकदीरुन, नसीम आरा, सबरुननिशा, रफीकुननिशा, जुगरा बानो, हदीकुननिशा आदि पात्र परिवारों को आवास योजना, उज्जवला गैस आदि योजनाओं का लाभ नसीब नहीं हुआ। लगभग 3000 आबादी वाले भरवलिया गांव में प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल बना हुआ है। ग्रामवासी सलीमुउल्ला खान कहते हैं कि इस गंभीर समस्या का सामना पूर्वजों से चला आ रहा है। नदी पर स्थाई या अस्थाई पीपा पुल बनाने की मांग करते तमाम ग्रामवासी परलोक सिधार गए। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। शबीउर्रहमान कहते हैं इस आधुनिक युग में भी हमारे ग्राम सभा के लोग लकड़ी की पुरानी नावं से नदी पार करने को मजबूर हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों से नदी पर पक्का या अस्थाई पुल बनाने की मांग की गई लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने ठोस प्रयास नहीं किया। कादर खान कहते हैं कि हमारा गांव अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार होकर रह गया है। चुनाव के दौरान तमाम नेता आते हैं और लंबे चौड़े खोखले वादे कर चले जाते हैं। मुरतुजा कहते हैं कि सबसे अधिक समस्या बाढ़ के समय होती है जब नदी से नाव हट जाती है। ग्राम वासियों को तहसील, कचहरी, अस्पताल, ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए 30 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। शमशेर कहते हैं की नदी पर पुल ना होने के कारण गांव में बारात आने या ले जाने में बेहद दुश्वारियां का सामना करना पड़ता है। शाम के समय नाव का संचालन बंद हो जाता है इसलिए शाम होने से पहले आए हुए नाते रिश्तेदारों को घर भेजना पड़ता है। और हम लोगों को भी संध्या से पहले घर पहुंचना होता है। ग्रामवासी व समाजसेवी कृष्ण कुमार गुप्ता कहते हैं कि नदी पर पुल बनवाने के लिए सांसद एवं विधायक से प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में मुलाकात कर वार्ता की जाएगी। आशा है कि जनप्रतिनिधि हमारी समस्या को गंभीरता से लेकर नदी पर पुल बनवाने कराने का प्रयास करेंगे।

### वाटर कूलर की टंकी में ढक्कन लगवाने की एसडीएम से मांग

**जालौन (उरई)।** थोक फ्ल व सब्जी मंडी के पास वाटर कूलर की टंकी का ढक्कन हट जाने से बंदर टंकी में घुस जाते हैं। जिससे पानी पीने लायक नहीं रहता है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने एसडीएम अतुल कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि थोक फ्ल व सब्जी मंडी के पास स्थित वाटर कूलर में जिस टंकी से पानी आता है उसका ढक्कन हवा में या किसी अन्य कारण के चलते उड़ गया है। टंकी का ढक्कन न होने से बंदर टंकी में घुस जाते हैं और दिन भर पानी में छलांग लगाकर उसे खराब कर देते हैं। ऐसे में पानी पीने के लायक नहीं रहता है। मंडी में आने वाले किसानों और व्यापारियों को ठंडे पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। उन्होंने डीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पारदर्शिता के साथ कराई जायेगी मतगणना: जिला निर्वाचन अधिकारी

- जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, मतगणना के संबंध में दी जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**आगामी** 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेंटों की बैठक संम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा कि मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पारदर्शिता के साथ कराई जायेगी। कहा कि आगामी 4 जून को जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में मतगणना प्रारम्भ होगी। मतगणना में 196 छिबरामऊ ईवीएम हेतु 21 टेबिल एवं 197 तिर्वा ईवीएम हेतु 14 टेबिल तथा 198 कन्नौज ईवीएम हेतु 14 टेबिल और पोस्टर बैलेट पेपर हेतु 12 टेबिल व ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु 15 टेबिलों का निर्धारण किया गया है, जिसमें प्रत्याशी व प्रतिनिधियों द्वारा सहमति प्रकट की गयी। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टर बैलेट हेतु उम्मीदवार प्रति टेबिल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है, तथा ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु पाण्डाल में उम्मीदवार केवल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 202-विधानसभा बिधूना की मतगणना नवीन मण्डी स्थल औरैया तथा 205-विधानसभा रसूलाबाद की मतगणना अकबरपुर डिग्री कालेज अकबरपुर कानपुर देहात में प्रारम्भ होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि गणन अभिकर्ताओं को 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति को नियुक्त किया जाये। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के मंत्री/ससंद के सदस्य/या राज्य विधानसभा सदस्य, महापौर/चेयरमैन/जिला पंचायत अध्यक्ष केन्द्रीय उपक्रमों/राजकीय उपक्रमों के अध्यक्ष व सदस्य सरकार से किसी भी प्रकार का मानदेय या अनुदान प्राप्त संस्था में कार्य करने वाले व्यक्ति, शासकीय कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, उचित मूल्य दुकान डीलर्स, आंगनवाडी कर्मचारी कोई भी ऐसा व्यक्ति जो केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा सुरक्षा घेरा प्रदान किया हो, को गणन अभिकर्ता के रूप मे नियुक्त नही किया जा सकता है। कहा कि उम्मीदवार एक ही नियुक्ति फार्म 18 में अपने 7 गणन अभिकर्ताओं को नियुक्त कर सकते है। फार्म 18 पर गणन अभिकर्ता के हस्ताक्षर अवश्य हो। गणन अभिकर्ता के पास फोटो पहचान पत्र होना अनिवार्य है। एक बार मतगणना प्रारम्भ होने के पश्चात् नये गणन अभिकर्ता की नियुक्ति नही की जा सकती है। रिर्टनिंग आफीसर को गणना हॉल में प्रवेश से पहले किसी भी गणन अभिकर्ता की छानबीन का अधिकार होता है। गणन अभिकर्ता अपना पहचान पत्र टेबिल संख्या के साथ बैच अवश्य लगायें। उन्होनें कहा कि गणना अभिकर्ता कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस, जैसे मोबाइल फोन, आई पॉड, ब्लुटूथ, इयर-पॉडस, स्पाई पेन, कैलकुलेटर, पेनड्राइव इत्यादि को अपने साथ नही ले जा सकते है। इस बात का विशेष ध्यान रखाना होगा । गणना अभिकर्ता केवल पेन, पेंसिल, प्लेन पेपर और प्रारूप 17 सी ही ले जा सकते है। मतगणना स्थल पर धूमपान पूर्णतया वर्जित रहेगा तथा स्वच्छ पेयजल, शौचालय की व्यवस्था मतगणना स्थल पर रहेगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेन्ट मौजूद रहे।

# अधिवक्ता पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्र व परिचय पत्र सौंपा




**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन छिबरामऊ** के सम्मानित सदस्य रावेन्द्र सिंह चौहान के पुत्र प्रतीक चौहान को अधिवक्ता पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्र व परिचय पत्र बार एसोसिएशन के महासचिव ने अधिवक्ताओं के साथ परिचय पत्र सौंपा। इस अवसर पर महामंत्री ललित प्रताप सिंह एडवोकेट ने प्रतीक चौहान को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और उनका अधिवक्ता परिवार में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रावेन्द्र सिंह चौहान, संजय सिंह भदौरिया, विनीत कुमार चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बादाम कुशवाहा,संदीप सिंह चौहान, ओमेंद्र पाल, सुमित, स्नेहलता गुप्ता सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग ने चार दिन का समय और मांगा

- भाकियू टिकैत ने विद्युत विभाग को पॉच दिन का दिया था अल्टीमेटम
- मधु कश्यप को भाकियू जिला सचिव मनोनीत किया गया



मनोनीत जिला सचिव को मनोनीत पत्र देते एवं जेई से वार्ता करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**किसानों का** एक सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सोमवार को पावर हाउस पहुंचा जहां जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने प्रदर्शन के दौरान दिए गए अल्टीमेटम के मुताबिक कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों द्वारा बताया गया कार्य तीव्र गति से चल रहा है सिर्फ चार दिन का समय और लगेगा। सोमवार को इस्माइलपुर स्थित कार्यालय में भाकियू के पदाधिकारी की एक बैठक में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान ने जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी की संस्तुति पर वरिष्ठ अधिवक्ता मधु कश्यप को महिला मोर्चा का जिला सचिव मनोनीत किया है। मधु कश्यप को मनोनयन पत्र देकर पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि विद्युत आपूर्ति की बिगड़ी व्यवस्था के विरोध में विगत दिनों पूर्व धरना प्रदर्शन के दौरान 05 दिन के अल्टीमेटम विभाग को दिया गया था। समय बीतनें के उपरांत आज एक सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल पावर हाउस जाएगा इसके उपरांत जिलाध्यक्ष के साथ रिजवान अहमद, मुईन अहमद, डब्लू ठाकुर, शकील अहमद आदि पदाधिकारी विद्युत घर पहुंचे जहां मौके पर जेई विकास कुमार से उन्होंने 5 दिनों में विभाग द्वारा विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। जिस पर उन्हें बताया गया की समधन को इदुयागंज फीडर से जोड़ने के लिए लाइन खींची जा चुकी है। ट्रांसफार्मर लगाने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार होने में चार दिन लगेंगे। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने दूरभाष पर एक्सईएन रविंद्र कुमार से वार्ता की जिस पर उन्होंने फीडर से लाइन को जोड़ने के लिए चार दिनों का समय और मांगा है। इस दौरान अखिलेश यादव, दीपांशु यादव, राजीव कुशवाहा, सिद्धांत यादव, रजाउल अली, राजा सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 2 पटेल नगर रास्ते की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय किसान** यूनियन बलराज के जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को सौंपा गया। जिसमें वार्ड नंबर 2 पटेल नगर बहबलपुर में तालग्राम रोड से लेकर संत निरंकारी आश्रम तक अतिक्रमण हटवाने के लिए ज्ञापन सोपा गया जिसमें लोगों ने रोड पर जानवर बांध रखे हैं गाड़ियां खड़ी कर रखी हैं खूंटे गाड़ रखे हैं इसी को हटाने के लिए ज्ञापन सोपा गया और 7 दिन का समय दिया गया यदि 7 दिन के अंदर पूरा रास्ता नहीं साफ हुआ तो उसके बाद धरना प्रदर्शन होगा नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन बलराज कन्नौज के जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह जी प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरव यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवा अभिषेक यादव प्रदेश सचिव राजन यादव मंडल मीडिया प्रभारी कौशल यादव जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा जिला संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह जी जिला महासचिव जयप्रकाश सिंह जयचंद यादव प्रेमचंद यादव जुगल किशोर ग्राम अध्यक्ष कमालपुर आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में लापरवाही का आलम दर्द से तड़पती बच्ची ने तोड़ा दम

- मासूम मृतक बच्ची के पिता का आरोप, दर्द से तड़पती बच्ची के इलाज के लिए रात भर ढूंढता रहा जिला अस्पताल में चिकित्सक, नहीं मिला उचित उपचार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिला अस्पताल** के चिकित्सकों की लापरवाही का एक मामला सामने आया है। बीते रविवार की रात जिला अस्पताल में दर्द से तड़पती मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत पर परिजन बिलख-बिलख कर रोने लगे, जिससे अस्पताल परिसर में भीड़ लग गई। मृतक मासूम बच्ची के पिता ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जनपद हरदोई क्षेत्र के कस्बा राघवपुर निवासी विनोद की 8 वर्षीय पुत्री का कुछ समय पूर्व खेलते समय पैर टूट गया था। इसके बाद परिजनों ने बच्ची का इलाज कराते हुए पैर में प्लास्टर चढ़वा दिया था। परिजनों के अनुसार बच्ची के पैर में पस पड़ गया। जिससे वह परेशान थी। बच्ची के पिता विनोद उसका उपचार कराने के लिए रविवार की दोपहर पीड़ित बच्ची को लेकर कन्नौज के जिला अस्पताल पहुंचा। यहां उसने चिकित्सकों को बच्ची की समस्या से अवगत कराया। पैर की स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया और इस शाम को अस्पताल के दूसरी मंजिल के वार्ड में शिफ्ट कर दिया। रात होने पर बच्ची के पैर में दर्द होने लगा और वह दर्द से तड़पने लगी। मासूम बच्चे की तरफ से बेचैन पिता वार्ड से निकलकर चिकित्सक को ढूंढने के लिए अस्पताल में भटकता रहा, लेकिन उसे ड्यूटी पर न कोई चिकित्सक मिला और न ही कोई कर्मचारी। दर्द से तड़पती मासूम बच्ची ने सोमवार की भोर लगभग 4 बजे दम तोड़ दिया। उसकी मौत होते ही परिजन रोने-बिलखने लगे। परिजनों की चीख पुकार सुनकर सुनकर जिला अस्पताल चौकी प्रभारी राधा मोहन शर्मा मौके पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी ने किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। बच्ची की मौत से दुखी पिता बिनोद ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल में बिना पैसों के कोई इलाज नहीं होता। जबकि गरीब जनता को बेहतर इलाज देने के लिए ही सरकारी अस्पताल चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य कर्मी बिना पैसे कोई काम नहीं करते। उन्होंने बताया कि बच्ची को भर्ती करने के बाद एक चिकित्सक वार्ड में आया और मरीजों के आला लगाकर उन्हें देखने की खानापूर्ति करने के बाद चला गया। इसके बाद न कोई चिकित्सक वार्ड में आया और न ही अस्पताल परिसर में कोई ड्यूटी पर मौजूद मिला। बच्ची के पिता का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण उसकी मासूम बच्ची की मौत हुई है। हालांकि परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया, और बच्ची के शव को लेकर अपने घर चले गए। बताया गया है कि जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु छुट्टी पर हैं और जिला अस्पताल का चार्ज डॉ. रविन्द्र के पास है।

# इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों का होता है सर्वांगीण विकास: प्रबंधक

- प्रेमपुर स्थित विद्यापीठ इंटर कॉलेज में समर कैंप का हुआ आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**ग्राम प्रेमपुर** स्थित विद्यापीठ इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं प्रबंधक कानपुर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अवध दुबे ने कहा गांव के बच्चों को भी शहर के बड़े स्कूलों जैसे कार्यक्रम मिल रहे है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। प्रबंधक ने बताया कि रविवार को विद्यालय परिसर में समर कैंप का आयोजन किया, जिसमे बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ खूब बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों के द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं की भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही प्रधानाचार्य के नेतृत्व में अध्यापकों के द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की गई। जज के रूप में उपस्थित शुभा दुबे एवं इंद्रा दुबे ने विजेताओं को मैडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया और समय समय पर निरंतर ऐसे कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किए जाते रहेगें, जिससे की छात्रों की झिझक कम होगी। मेरा पूरा प्रयास है कि यहाँ के छात्रों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जायेगें। इस दौरान प्रधानाचार्य वेद प्रकाश पाल, प्रवक्ता प्रभाकर दीक्षित, शिक्षक योगेश चंद्र मिश्रा, सत्य कुमार, राजकुमार, अभिषेक शुक्ला व विशाल सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अब आधुनिक तकनीक से खराब फूलों से बनेगी अरबत्ती

- महिलाओं को स्वाबलंबन बनाने के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण
- फिक्की फ्लो एवं सीमैप संस्था ने शुरू की पहल

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



महिलाओं को अगरबत्ती के बारे में जानकारी देते वैज्ञानिक



कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं की भीड़ — समृद्धि न्यूज

**कस्बे के** एक निजी गेस्ट हाउस में सोमवार को लखनऊ की फिक्की फ्लो व सीमैप संस्था ने एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस प्रशिक्षक शिविर में वैज्ञानिकों ने महिलाओं को खराब फूल से अगरबत्ती बनाने की विधि समझाते हुए उनको स्वाबलंबी बनने की सलाह दी। तिर्वा स्टेट की राजकुमार श्रुति शाडिल्य ने बताया कि देव स्थलों पर भक्तों द्वारा प्रतिदिन चढ़ाए जाने वाले फूलों को एक समय के बाद गंगा जी व नदियों में फेंक दिया जाता है, लेकिन अब इन फूलों को फेंकने की जगह महिलाओं के रोजगार के काम में लाया जाएगा। उन्होने बताया कि लखनऊ की फिक्की फ्लों व सीमैप संस्था द्वारा इन फूलों से अगरबत्ती बनाई जाएगी। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं शामिल होगी। इससे महिलाओं को भी स्वाबंलबी बनाया जा सकेगा। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में फिक्की फ्लों की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल एवं वाइस चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल के अलावा लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय कुमार के सहयोग से 50 से अधिक महिलाओं को फूलों से अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। चेयरपर्सन वंदिता ने बताया कि उनकी संस्था पूरे प्रदेश में महिलाओं के लिए काम कर रही है। जिससे घर में रहने वाली महिलाएं भी अपने पैरों पर खड़ी हो सके। महिलाओं द्वारा बनाई गई अगरबत्ती को मार्केट में बेचने के लिए संस्था सहयोग रहेगी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हरदेव सिंह ड्यूक, बरिष्ठ सपा नेता अंशुल गुप्ता के अलावा संस्था से जुड़े दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बैंक से महिलाओं को मिलेगा रोजगार

तिर्वा। इस रोजगार को स्थापित करने के लिए महिलाओं को बैंक की भी मदद मिल सकेगी। उनको बैंक द्वारा लोन की सुविधा उपलब्ध है। जिससे महिलाओं को अपना रोजगार शुरू करने में आर्थिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर युवक के साथ मोहल्ले के ही एक अन्य युवक नें अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीडित नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मिरगावां निवासी ॠषि कपूर पुत्र राजेंद्र सिंह जोशी द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 24 मई को वह अपनें घर के बाहर खडा था तभी परिवार के ही रवि ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# नगरपालिका ने गौवंशों के लिए लगवाए चार कूलर



**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**इन दिनों** पड़ रही भीषण गर्मी और तपती दुपहरी से गौवंशों को बचाने के लिए नगरपालिका ने नगर के गौआश्रय स्थल में जहां चार कूलर लगवाए हैं वहीं टीनशेड के ऊपर मेट डलवाई गई है। पालिका प्रशासन की इस पहल से गौवंशों को गर्मी से काफी राहत मिल रही है। नगरपालिका का अस्थाई गौआश्रय स्थल आवास विकास कालोनी स्थित सीवर कुआं परिसर में है। फिलहाल यहां संविदा कर्मी प्रमोद कुमार, महेंद्र, योगेश और राजेश की देखरेख में 18 गाय व 80 सांड़ कुल 98 मवेशी हैं। योगेश कुमार ने बताया उनके लिए रोजाना 4 से 5 कुंतल भूसा और 50 किलो दाना की जरूरत पड़ती है। लगभग दो दिन के स्टाक में 40 कुंतल भूसा और 6 कुंतल दाना रखा जाता है क्योंकि इससे अधिक रखने की जगह नहीं है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर यहां मवेशियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए चार कूलर लगाए गए हैं जबकि टीन शेड पर मैट बिछाई गई है।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**इस्टाग्राम** आईडी पर मुस्लिम धर्म के पैगम्बर अल्लाह के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करनें के मामलें में सभासद प्रतिनिधि नें कोतवाली पुलिस को तहरी देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस पुत्र जैनुल आबदीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 26 मई को नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी युग गुप्ता पुत्र राहुल द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर मुस्लिम धर्म के अल्लाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। मामले के संबन्ध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में किया गया फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**फर्रुखाबाद/कन्नौज, समृद्धि न्यूज**




फेयरवेल पार्टी के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं

**कन्नौज जनपद** में संचालित साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सोमवार को बी0 फार्मा0 चतुर्थ वर्ष (वैच-2020) के छात्रों का विदाई समारोह बी0 फार्मा0 तृतीय वर्ष (वर्ष02021) के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। बी0 फार्मा0 तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

जनपद कन्नौज के छिबरामऊ में डॉ0 जितेंद्र सिंह तथा डॉ0 अनीता रंजन द्वारा संचालित साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आज बी0 फार्मा0 चतुर्थ वर्ष (बैच-2020) के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर डॉ0 जितेंद्र सिंह तथा डॉ0 अनीता रंजन ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 अर्पित कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं उन्हें शुभकामनायें दीं। साथ ही साथ प्राचार्य डॉ0 अर्पित कटियार ने कहा कि यह विदाई दिवस विद्यार्थियों में एक समारोह के साथ-साथ नई जिम्मेदारी को एहसास कराने वाला भी होना चाहिए। इस अवसर पर मिस फेयरवेल अंजली बाथम एवं मिस्टर फेयरवल मिस्टर प्रयांशू शुक्ला को चुना गया। अंजली बाथम एवं प्रयांशू अपने विचार व्यक्त करते हुए सबका मन मोहन के साथ सबको भावुक कर दिया।

इस अवसर पर बी0 फार्मा0 चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज मे बिताये गये गये अपने स्वर्णिम दिनों को याद किया तथा इस दौरान बी0 फार्मा0 तृतीय वर्ष (2020-21) एवं बी0 फार्मा0 चतुर्थ वर्ष (2020) के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनायें दीं और खट्टी मीठी यादों को शेयर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल से सभी अतिथिगणों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी शशिभूषण सिंह, साईं मीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के के प्राचार्य डॉ0 अर्पित कटियार, साईं मीर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य मनोज दुबे और इस कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी से रश्मी सिंह, खुश्बू वर्मा, उमान्श नारायण अवस्थी, अरुण कुमार, रोली साहू, शर्मिला मौर्या, सिमरन आर्या, देवेंद्र कुमार, राहुल, सौरभ सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, दीपक प्रजापति, नैन्शी, पारुल त्रिपाठी, काजल त्रिपाठी, रजत शाक्य एवं विकास पाल, रेहान अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# बाइक की भिड़ंत में डंपर से कुचलकर युवक की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाइकों की** भिड़ंत से बाइक सवार युवक की कुलचकर मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्यवाही करने का भरोसा दिया। जिसके बाद परिजन शव उठाने को राजी हुए।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम तुर्कीपुर निवासी 20 वर्षीय सुफियान पुत्र शमशाद गाँव में ही मिठाई की दुकान चलाता था। शनिवार को वह छिबरामऊ के मोहल्ला बिरतिया निवासी अपनी ननिहाल में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। जहाँ से सोमवार को सुभियान बाइक से लौट रहा था। थाना मऊदरवाजा के ग्राम गढ़िया ढिलावल रेलवे अंडर पास के निकट सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गयी। जिससे वह पास से निकल रहे डम्पर से कुचल गया गया। बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर भाग गया। सूचना पर मृतक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित गंगवार, बघार चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया। तब कहीं परिजन सड़क से शव उठाने को राजी हुए। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। मृतक की मां साधना बेगम की मौत पूर्व में हो चुकी है।



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

# बाइकों की भिड़ंत में छात्र घायल

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाइकों** की भिड़ंत में छात्र घायल हो गया। जबकि दूसरा बाइक सवार बाइक सहित फरार हो गया। घायल छात्र को सीएचसी शमशाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला दारूदगिराह निवासी मोहित कुमार जो जिले के महाविद्यालय में बीएससी फाइनल का छात्र है। घटना के संबंध में बताया गया है बाइक सवार छात्र परीक्षा देने के लिए फर्रुखाबाद गया था। जब वह परीक्षा देकर घर वापस आ रहा था, उसी दौरान रोशनाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित अमलैया आशानंद के पास से गुजरते समय बाइक सवार की एक अज्ञात बाइक से टकरा गई। इस दुर्घटना मे छात्र दूर जा गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने वाला अज्ञात बाइक चालक बाइक सहित फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ संभ्रांत लोगों ने एंबुलेंस बुलाने के लिए 108 नंबर पर कॉल की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस जिसके सहारे घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने छात्र की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।



घायल छात्र को ले जाते परिजन समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### चिकित्सा प्रभारी ने एएनएम व आशाओं की बैठक लेकर दिये दिशा-निर्देश



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चिकित्सा प्रभारी ने सोमवार को एएनएम व आशा की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर के स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य की देखरेख मे एएनएम व आशा कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें चिकित्सा प्रभारी के द्वारा एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं की जॉच रिपोर्ट, टीकाकरण कार्ड को भरने के लिए टिप्स दिए गये। उन्होंने कहा गर्भवती महिलाओ को गर्भावस्था के दौरान जल्दी से जल्दी टिटनेस टॉक्साइड (टीटी) के दो टीके लगाये जाने चाहिए। इन टीको को टीटी-1 एवं टीटी-2 कहा जाता है। इन दोनो टीको के बीच 4 सप्ताह का अन्तर रखना आवश्यक है। यदि गर्भवती महिला पिछले 3 वर्ष मे टीटी के 2 टीके लगवा चुकी है, तो उसे गर्भावस्था के दौरान केवल बूस्टर टीटी का टीका ही लगवाया जाना चाहिए। इन सभी जॉच को टीकाकरण कार्ड मे भरना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा गर्भवस्था प्रसव और शिशु देखभाल के बारे मे संदेश देकर उन्हे नवजात की देखभाल के लिए स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा इस दौरान वीसीपीएम विनय मिश्रा, वीपीएम मोहित गंगवार, डीएचओ के आतिफ, यूनीसेफ के राघवेन्द्र मौजूद रहे।

### संयुक्त आबकारी आयुक्त आगरा जोन आगरा ने की उठान एवं राजस्व की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को संयुक्त आबकारी आयुक्त आगरा जोन आगरा एस0पी0चौधरी द्वारा जनपद में जिला आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षकों एवं समस्त स्टाफ के साथ बैठक की। उठान एवं राजस्व की समीक्षा की गई एवं अधिकतम राजस्व प्राप्ति हेतु दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही जनपद में अवैध रुप से बेची जा रही कच्ची शराब पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता द्वारा मय आबकारी निरीक्षक कायमगंज क्षेत्र की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दुकानो पर स्टाक, स्टाक रजिस्टर, पीओएस मशीन, सीसीटीवी एवं मदिरा उठान आदि की गहनता से जांच की गई। इस दौरान अधिकांश पर दुकानों पर सब कुछ ठीकठाक पाया गया। इस दौरान सभी दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### बोलेरो पिकअप ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नवादा सिरौली निवासी अमर सिंह पुत्र कल्याण सिंह का पुत्र पुष्पेंद्र सिंह घर से प्रातः 7.40 पर सिरौली चौराहे पर खड़ा था। उसी समय बोलैरो पिकअप यूपी76के 9212 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर मेरे पुत्र के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरा पुत्र पुष्पेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फोन द्वारा मुझे दी। उसको राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां सुधार न होने पर उसका इलाज एक प्राइवेट हॉस्पिटल वृंदावन मथुरा में चल रहा है। पीड़ित ने लिखित सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### टेंपो चालक को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम कलौली महबुल्लापुर निवासी राजवीर पुत्र सुखराम सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया वह पेशे से टेंपो चालक है। रोज की तरह आज भी वह टेंपो लेकर नवाबगंज चौराहे पर सवारियां भर रहा था। उसी समय नन्हे पुत्र नामालूम निवासी खुम्मरपुर अपना टेंपो यूपी 76टी5571 लेकर आया और आकर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर मारपीट की। जिससे उसके काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# चोरी के मामले में एक अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस** ने एक अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना कादरीगेट पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ रॉकी उर्फ रामू पुत्र राजेश वाल्मीकि निवासी मसेनी थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैं मौका पाकर बंद पड़े मकानों में ताले तोड़कर नकब लगाकर चोरी करता हूँ। मैं पहले भी कई बार चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने के मामले में जेल जा चुका हूँ। वर्ष 2020 में मुझे फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास के आसपास के क्षेत्र में नकब लगाकर चोरी करने के आरोप में 06 मुकदमों में जेल भेजा गया था। जिसमें मुझे सजा हुई थी। मैं अभी जेल से बाहर आया हूँ। वर्ष 2017 में लूट के मामले में जेल गया था व एक बार थाना राजेपुर से शराब के मुकदमे में पकड़ा गया था। मैं चोरी करने का आदी हो गया हूँ। यह सामान जो आज मुझसे पकड़ा गया है वह दिनांक 22.05.2024 की रात में करीब 01.00 बजे धर्मनगरिया कालोनी के एक बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर चोरी किया था। मेरे पास जो लोहे की सरिया है इसी से मैंने उस दिन ताले तोड़े थे। जिस संबंध में थाना मऊदरवाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उसी के मामले में आज आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक व सीओ तथा पीछे खड़ा आरोपी समृद्धि न्यूज

# अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**अज्ञात** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को अज्ञात ट्रैक्टर चालक क खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम बैरमपुर निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र रामप्रकाश ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 26 मई की रात्रि 9.30 बजे के करीब छोटा भाई शिवम दिल्ली जा रहा था। जिसे छोड़ने के लिए पिता बाइक से फैजबाग आए थे। दिल्ली जाने वाली बस में शिवम को बिठाने के बाद वह बाइक द्वारा घर जा रहे थे। उनके साथ पारिवारिक चाचा हरिप्रकाश भी थे। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम दलेलगंज के निकट एक ईट भट्ठे के निकट गुजरते समय विपरीत दिशा की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर मोड़ दिया गया। जिससे बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई और खड्डु में जा गिरी। इस दुर्घटना में बाइक सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के अनुसार दुर्घटना पारिवारिक चाचा हरिप्रकाश ने मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। सूचना देने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल पिता को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उपचार ठीकठाक न होने पर एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये। जहां भर्ती कराया। पीड़ित ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# दूध गर्म करते समय झोपड़ी में लगी आग, गृहस्थी खाक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**थाना राजेपुर के** अंतर्गत गांव पट्टी दारापुर में बच्चे दूध गर्म कर रहे थे। उसी समय अचानक आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र पुत्र महाराम के मूंगफली के खेत में निराई का कार्य चल रहा था। वहीं परिवार के सदस्य खेत पर मौजूद थे। देवेंद्र की पत्नी पिंकी ने खाना बनाया और खाना देने के लिए खेत पर चली गई। इस दौरान घर पर मौजूद बच्चे दूध गर्म करने लगे। वहीं चिंगारी उड़कर झोपड़ी में जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। तब तक पीड़ित का पूरा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जिसमें बताया गया कि दो चारपाई, टेबल फैन, 17 किलो आटा, 9 किलो चावल, साइकिल, चारा की मशीन, रजाई गद्दा व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन मौके पर पुलिस नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों के द्वारा लेखपाल को सूचना दी गई। उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि अग्निपीड़ित की हर संभव मदद की जाएगी।



आग से हुई तबाही का दृश्य समृद्धि न्यूज

# चालक को नींद आने पर बोलेरो पेड़ से टकराकर पलटी, पांच घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**चालक को** नींद आने पर बुलैरो पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में पलट गयी। जिससे उस पर सवार दो महिलाओं से पांच लोग घायल हो गये। जिसमें दो महिलाओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जनपद कासंगज के थाना सोरो क्षेत्र के मोहल्ला तुलसी नगर बदरिया निवासी राजू पुत्र सहदेव बुलेरो से मोहल्ले के ओम प्रकाश व उनके परिजनों को बैठालकर थाना शमसाबाद क्षेत्र के गॉव सुल्तानपुर जा रहे थे। जैसे ही बुलैरो चालक कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव ब्राहिमपुर के निकट पहुंचा, तभी चालक राजू को नींद आ गई। नींद आने की वजह से बुलैरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराती हुई एक गड्डे में जाकर पलट गई। जिससे बुलैरो पलटने से उसमें बैठी सुधाकर की माँ ओमलता उम्र 65 वर्षीय पत्नी ओम प्रकाश, संगीता उम्र 26 वर्षीय पत्नी प्रमोद शर्मा, सुधाकर व प्रमोद पुत्रगण ओम प्रकाश व राजू उम्र 6 वर्षीय पुत्र प्रमोद बुलैरो में दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और बुलैरो में दबे हुए सभी घायलों को बाहर निकालकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर ओमलता व संगीता को फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में भर्ती घायल महिलायें समृद्धि न्यूज

# लकड़ी माफियाओं का खेल जारी, उजाड़ रहे धरती के श्रृंगार वृक्ष

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं का खेल बेखौफ जारी है। एक लंबे समय से हरे भरे वृक्षों को कटवाकर लकड़ी माफिया जहां एक ओर धरती की हरियाली उजाड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार के अरमानों पर पानी फेरते हुए हर महीने लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं। हकीकत को देखा जाए तो सरकार धरती की हरियाली बरकरार रखने के लिए प्रति वर्ष करोड़ों रुपए वृक्षारोपण अभियान के नाम पर खर्च करती आ रही है। समाज सेवी, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साए में वृक्षारोपण अभियान चलाती है। वृक्षारोपण अभियान के तहत धरती पर हरियाली बरकरार रहे तथा आम जनमानस का जीवन सुरक्षित रहे, लेकिन शमशाबाद क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं ने शायद कसम खा ली है कि धरती की हरियाली मिटाकर ही दम लेंगे। शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम मंझना परमनगर मार्ग पर शमशाबाद नगर निवासी लकड़ी माफिया राजू जादौन द्वारा ग्राम मंझना परमनगर गांव जाने वाले मार्ग के पास दो भारी भरकम हरे भरे नीम के वृक्षों का सौदा किया गया था। ग्रामीणों की मानें तो बताया जा रहा है नीम के पेड़ काफी भारी भरकम थे। जिसका सौदा करने के बाद लकड़ी माफिया द्वारा मजदूरों की मदद से कटवाया गया। इसकी सूचना मिलते की कुछ पत्रकार मौके पर पहुंच गये और घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियोंको दी। जिस पर वन रेंजर ने बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं दी गयी। उन्होंने यह भी कहा मौके पर विभागीय कर्मचारियों को भेजकर मामले की जांच कराकर लकड़ी माफिया के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।



लड़की माफिया द्वारा काटे गये नीम के वृक्ष समृद्धि न्यूज

हंगामा

## सूचना पर पहुंचे एसओ ने खरीद करवाने का दिया आश्वासन, तब किसान हुए शांत

# प्लांट मालिक द्वारा चकोरी न खरीदे जाने पर किसानों ने किया हंगामा

संकिसा, समृद्धि न्यूज

**रविवार देर** रात्रि फतेहपुर परिउली गांव के बाहर चकोरी प्लांट पर अचानक फसल खरीद बंद की सूचना आसपास के ग्रामों के किसानों में फैल गई, तो किसानों ने प्लांट पर एकत्र होकर प्लांट मालिक के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची मेरापुर पुलिस ने प्लांट मालिक से वार्ता कर पुनःखरीद किए जाने का भरोसा दिया। तब जाकर किसान शांत हुए।

फतेहपुर परिउली में संचालित चकोरी प्लांट मालिक ने किसानों की चकोरी फसल की अचानक खरीद बंद कर दी और जनरेटर आदि उपकरण अपने घर ले गए। इसकी सूचना आसपास के ग्रामों के किसानों में फैल गई। किसानों ने रविवार देर रात्रि प्लांट पर एकत्रित होकर प्लांट मालिक के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने जैसे तैसे किसानों को समझा बुझाकर शांत किया और उनकी चकोरी (फसल) की पुनःखरीद कराने का अस्वासन दिया। इस पर किसान मान गए। प्लांट पर बिक्री हेतु चकोरी से लोड कई ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हैं। किसानों ने बताया कि हम लोगों ने चकोरी प्लांट मालिक अमित मिश्रा पुत्र लक्ष्मीकांत मिश्रा निवासी फतेहपुर परिउली थाना मेरापुर से चकोरी का बीज खरीदा था। तब उनके व्दारा दी गई रसीद पर चकोरी खरीद लेने का 31 मई 2024 तक का समय दिया गया था। इसके बावजूद भी 31 मई से पहले ही अमित ने चकोरी प्लांट बंद कर दिया। हम किसानों की किसी भी प्लांट पर चकोरी की खरीददारी नहीं होगी,क्योंकि जिस प्लांट मालिक से चकोरी का बीज खरीदा जाता है उसी प्लांट पर हम किसानों की चकोरी की खरीद होती है। अगर हम लोग किसी अन्य प्लांट पर चकोरी लेकर जाएगे तो वहां उसकी खरीद नहीं होगी। ग्रामीणों ने बताया कि अमित मिश्रा का चकोरी प्लांट तालाब की भूमि पर संचालित है। अमित के जनपद एटा में भी अलग अलग जगहों पर चकोरी प्लांट संचालित हैं। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवरा, महसोना, जरहरी, वेहटा, हथौड़ा, नौगांव आदि ग्रामों के किसान चकोरी की खेती करते हैं। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि चकोरी फसल की खरीद शुरू हो गई है।



प्लांट पर मौजूद क्षेत्रीय किसान समृद्धि न्यूज

# सरदार पटेल युवा वाहिनी ने समाज के मेधावियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मसेनी स्थित** एक लॉन में सरदार पटेल युवा वाहिनी के द्वारा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कक्षा 10 की छात्रा इशिता गंगवार 99 प्रतिशत अंक, कक्षा 10 की छात्रा तान्या कटियार 97.6 प्रतिशत अंक, कक्षा 10 की छात्रा कृतिका कटियार 96.8 प्रतिशत अंक, कक्षा 10 की छात्रा तनीशा गंगवार 96 प्रतिशत अंक, कक्षा 12 के छात्र अरिन गंगवार 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, वरिष्ठ संरक्षक हर्ष वर्धन कटियार, संगठन के अध्यक्ष पवन कटियार, कुलदीप कटियार,



सम्मानित होते मेधावी व मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

गुड्डन कटियार, अशोक कटियार, संजय कटियार, शिव कुमार कटियार, अंशुल कटियार, धनंजय कनौजिया, अमित सरोज कटियार, गुरदीप कटियार, राजीव कटियार, विजय कटियार, आनंद कटियार, पियूष कटियार, हेमंत कटियार, विनीत कटियार, शिवम मोहन कटियार, हनी कटियार, आर्यान्श कटियार, सौरभ कटियार, अर्जुन कटियार, सत्यम कटियार, अंकुर कटियार आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड के तीन दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्काउट** गाइड का तीन दिवसीय द्वितीय सोपान कैम्प का समापन डा0 बी0पी0 अग्रवाल शिक्षा निकेतन कल्याणकुंज के याकूतगंज कानपुर रोड फतेहगागढ़ में हुआ। प्रबंधक डा0 बीपी अग्रवाल व निदेशक डा0 विशाल अग्रवाल ने सर्वधन प्रार्थना के साथ स्काउट गाइड के जन्मदाता लॉर्ड बिडेन पावेल व लेडी बिडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के स्काउट मास्टर व जिला संगठन आयुक्त एसके श्रीवास्तव के साथ साथ प्रशिक्षक मंडल में गजेंद्र सिंह चौहान एचडब्लूबी और स्काउट ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार बाथम एचडब्लू बी उपस्थित



सोपान शिविर में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

रहे। इसके साथ ही बच्चों ने टेंट लगाया। सुरक्षा अनुमान लगाना, एक्शन सॉन्ग भी कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह दिखाया। कैंप फायर, फूड प्लाजा, बिना बर्तन के भोजन, आउटडोर, एडवेंचर्स टेंट लगाना भी सिखाया गया।

# ईश्वर की प्राप्ति के लिए आयु व सांसारिक साधनों की आवश्यकता नहीं: बजरंगी महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सेवा परमो** धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर नैमिषारण्य से आये बजरंगी महाराज ने मनु शतरुपा के चरित्र पर वर्णन किया। शहर के पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में चल रही कथा के तृतीय दिवस पर मनु शतरुपा चरित्र, सृष्टि वर्णन, सती प्रसंग पर प्रवचन करते हुए कहा कि मनु सतरुपा ने नैमिषरण्य में हजारों दिव्य वर्ष तक तप करके भगवान के स्वरुप पुत्र रुप में प्राप्ती का वरदान प्राप्त किया। सृष्टि क्रम में 14 भुवन, सात दीप, सात लोको का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। सती चरित्र के बारे में उपस्थित



कथा का प्रवचन करते बजरंगी महाराज व मौजूद भक्तगण

माताओं को स्त्री धर्म एवं पतिव्रत धर्म की शिक्षा दी। ध्रुव चरित्र पर चर्चा करते हुए बजरंगी महाराज ने बताया कि ईश्वर की प्राप्ती के लिए आयु व संसारिक साधनों की आवश्यकता नहीं है। ध्रुव ने अपने बाल मन से परमात्मा की गोद में खेलने का संकल्प किया। कई बाधायें ध्रुव को लक्ष्य प्राप्ती में रोक नहीं सकी। ध्रुव चरित्र जीवन में सदकर्म की स्थिरिता का संकेत करता है। संस्कृत महाविद्यालय सीतापुर के व्याकरण विभागाध्यक्ष आचार्य नितिन एवं साहित्याचार्य नीरज दीक्षित ने विधान पूर्वक यजमान कृष्ण कुमार दीक्षित ने पूजन सम्पन्न कराया। संस्था अध्यक्ष केदार शाह ने व्यवस्था देखी। आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ।

# पर्यावरण मित्र पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट टीचर अवार्ड से पारुल जैन सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पर्यावरण शिक्षण** केंद्र लखनऊ व विप्रो की ओर से अर्थियन एवं पर्यावरण मित्र पुरस्कार समारोह एवं सह शिक्षक कार्यशाला का आयोजन 23 से 25 में को पंचमणि मध्य प्रदेश में किया गया।

जिले से विद्यालय श्रेणी में मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज को पर्यावरण मित्र विद्यालय राष्ट्रीय स्तर 2023 तथा शिक्षक श्रेणी में विद्यालय की ही इको क्लब प्रभारी पारुल जैन को पर्यावरण मित्र राष्ट्रीय स्तर बेस्ट टीचर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। समारोह में 8 प्रदेशों के 65 में से 51 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कुल चयनित में 48 अर्थियन रीजनल पुरस्कार,10 पर्यावरण मित्र विद्यालय पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर तथा 7 पर्यावरण मित्र शिक्षक पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर थे। उपनिदेशक गाइड गर्ल्स सुरेखा श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि निदेशक प्रो0 अमिताभ पांडे, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी शिक्षक व विद्यालय बधाई के पात्र हैं। राज्य समन्वयक जितेंद्र पटेल ने सभी के कार्यों की सरहाना की। विद्यालय के प्रबंधक सुनील अग्रवाल व प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने विद्यालय व शिक्षिका के चयन पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश उपाध्यक्ष सहित सपा नेताओं ने की ईवीएम की निगरानी



ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मतदान के बाद लगातार 13 मई से सपा नेता ईवीएम की रखवाली कर रहे है। सातनपुर मण्डी में सोमवार को ईवीएम की रखवाली करने पहुंचे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जनपद प्रभारी मौलाना इरफान उल हक कादरी, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव व जिला उपाध्यक्ष सुमित शाक्य आदि ने ईवीएम की निगरानी की। सीसीटीवी कैमरे को एलईडीपी पर देखा। पैरामिलेट्री फोर्स ईवीएम की निगरानी कर रहा है। साथ ही यूपी पुलिस के जवान भी गेट पर तैनात किये गये है। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि लगातार 3 जून तक ईवीएम की निगरानी की जायेगी। 4 जून को मतगणना है। तब तक पार्टी के पदाधिकारियों को रोस्टर के अनुसार ड्यूटी में लगाया गया है।

### हत्या के मामले में चार के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने मारपीट कर बच्चे की हत्या कर दी। मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों पर कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांधीनगर तकीपुर निवासी विमलेश पत्नी लालाराम ने न्यायालय की याचिका में दर्शाया कि पड़ोस के संजय पुत्र रामबाबू, नन्हे पुत्र प्रेमचन्द्र, रचना पुत्री रमेश, सीमा पत्नी मुकेश से पुरानी रंजिश चल रही है। 5 मई 2022 को दोपहर 1 बजे गर्मी होने के कारण पकरिया पेड़ की छाया में बैठी थी, तभी नन्हे शराब के नशे में आया और अश्लील हरकते करने लगा। जिसके बाद मैं घर चल गयी। 9 मई को पति के साथ मुकदमे के सिलसिले में कचहरी गयी थी। घर पर छोटे-छोटे बच्चे थे। नन्हे, संजय, निकित, मुकेश, राजू, जग्गा, सीमा, रीना, लीमा, नीलम ने गेट तोड़कर घर में घुसकर बच्चों को मारा पीटा जिससे वह घायल हो गये और धमकी दी कि विमलेश को घर लौटने पर मारेंगे और पीटेंगे। जिससे बच्चों और भी घबरा गये। उस घटना की पुलिस ने रिपोर्ट तक नहीं लिखी। 12 जून 2022 को मेरा नाती छोटू उम्र तीन माह दरवाजे पर पड़ी चारपाई पर लेटा था। मेरी पुत्री अंजली व पुत्रवधू समीना घर के अंदर थी। जब बच्चे की रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर निकली तो देखा कि संजय, नन्हे, रचना, सीमा बच्चे को मारकर भाग रहे थे। बच्चे के नाक व मुहं से खून निकल रहा था। उपचार के लिए चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किये जाने की रिपोर्ट आयी। कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन आज तक आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### बुरी नियत से दबोचने के मामले में पीड़िता ने दिया न्यायालय में प्रार्थना-पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तगणों को दण्डित करने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 156(3) सी.आर.पी.से. के तहत दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह निवासी ग्राम नगला अखैराज, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद की मूल निवासिनी है। पीड़िता अपनी बहन के घर ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा में आया है। दिनांक 21.05.2024 को शाम 7 बजे के लगभग पीड़िता शौच करने के लिए जा रही थी, तभी मक्का के खेत में पहले से घात लगाये बैठे प्रेमपाल, छोटे पुत्रगण लेजम सिंह निवासी ग्राम नगला अखरैज, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद, हाल निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा व तेज सिंह पुत्र हरिवंश सिंह निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा व दो अज्ञात व्यक्तियों ने पीड़िता को बुरी नियत से दबोच लिया और कहा कि तुझे शादी की ज्यादा जल्दी पड़ी है, तो आज मैं तेरी गर्मी निकालता हूँ और प्रेमपाल ने पीड़िता के कपड़े फाड़ डाले और जबरदस्ती पीड़िता से छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोरगुल पर उपरोक्त सभी लोग पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए धमकी देकर भाग गये। जाते-जाते कह गये कि अगर अगली बार यहां मिली तो तेरे चेहरे पर तेजाब फेंक देंगे। पीड़िता थाना हाजा पर रिपोर्ट लिखाने गयी, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। तब पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

# बैंक ऋण अदायगी के अब तक 38 मामले चिंन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में प्रथम बैठक अपर जिला जज की देखरेख में विश्राम कक्ष में बैंक मामलों की बैठक सम्पन्न हुई।



लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

संचालन सचिव अपर जिला जज संजय कुमार ने किया। बैंक ऋण अदायगी संबंधित तैयारी बैठक में अधिक से अधिक मामले चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैंक ऋण अदायगी के विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक कुल 38 मामले चिन्हित किये जा चुके है। तैयारी बैठक में एलडीएम वीडी वर्मा, प्रबंधक नीरज मौर्या, अमित कुमार, अमित चावला, ओमकार आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने शोकसभा कर कैंडिल जलाकर शहीद व्यापारियों को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अंबेडकर नगर** नरकसा स्थित एक पैलेस में शोकसभा का आयोजन हुआ। 26 मई को व्यापारी शहीद दिवस मनाया जाता है। व्यापारियों के हित में कार्य करते हुए व्यापारी शहीद हो गए। स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल एवं स्वर्गीय हरिशंकर अग्रवाल, स्वर्गीय नित्यानंद कौशिक, स्वर्गीय अशोक कुमार खंडेलवाल, स्वर्गीय शिव सिंह, स्वर्गीय अशोक राम, स्वर्गीय कमल जैन, स्वर्गीय रमेश जिंदल, स्वर्गीय अजय गुप्ता, स्वर्गीय अमित गुप्ता, स्वर्गीय राकेश पवार, स्वर्गीय गोपाल पोद्दार आदि को याद कर 2 मिनट का मौन रखकर तथा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, जीतू



कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि देते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

राठौर, अंकित कटियार, पंकज गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, प्रीति तिवारी, अर्चना द्विवेदी, अजय मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता राजू, राजकुमार गौतम, अजय मल्होत्रा, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# गंगा मइया स्वच्छता एवं दीप दान समिति ने किया भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा मइया** स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पांचाल घाट पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन किया गया। समिति के अधिष्ठाता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। समिति के अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय ने दुर्वाषा ऋषि आश्रम के प्रमुख के साथ पूजन अर्चना की। भक्तों ने गंगा तट पर पहुंचकर रेत से बने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया। 525वें आयोजन पर सभी ने जयकारे लगाते हुए सुख समृद्धि की



भगवान पार्थिवेश्वरनाथ की पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

कामना की। इस मौके पर संरक्षक मिथलेश कटियार व कन्हैया लाल ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

# पत्रकार को मातृशोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बड़े दुख** के साथ बताना पड़ रहा है चिकित्सक व युवा कवि प्रकृतिदेव शुक्ला की माता जी का स्वर्गवास हो गया है। जिससे परिवार व समाज में शोक की लहर दौड़ गयी। डाक्टर पीडी शुक्ला ने इस दुखद घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मेरी माता जी 80 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी सतीश चन्द्र शुक्ला निवासी बलीपट्टी रानीगांव



मुन्नी देवी की फाइल फोटो

सोमवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को रानीगांव के गंगा जी घाट पर पहुंचेगी। जहां अंतिम संस्कार किया जायेगा। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं समाज में शोक की लहर दौड़ गयी। जिस किसी ने सुना वह पंडित सतीश चन्द्र शुक्ला के घर की ओर दौड़ पड़ा। डा0 पीडी शुक्ला काफी समय तक हमारी संस्था में रहकर क्षेत्रीय समाचार भेजने में अहम योगदान दिया।

# कांग्रेसियों ने पं. जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फतेहगढ़** जिला कार्यालय पर कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 पंडित जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर उन्हे याद किया। शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में नगला दीना भोलेपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व0 पं0 जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया। अध्यक्षता करते हुए पुन्नी शुक्ला ने कहा कि पंडित जवाहर लाल




पं. जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी

नेहरु के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। अंग्रेजों से मोर्चा लेने के बाद देश आजाद हुआ और देश में प्रथम प्रधानमंत्री के रुप में नेहरु ने शपथ ली। आज सब हम कांग्रेसी उन्हें नमन करते है। इस मौके पर वरुण त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, प्रभात कटियार, अनुपम तिवारी, डालचन्द्र कठेरिया, अभिषेक सारस्वत, दीपक, कुलदीप, अनुज, मृदुल, करन, मोहित गुप्ता, फरहान, श्याम बिहारी, सुनीता, निक्की, पप्पो, अनवर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

**चिंतन** — तुलसीदास ने मानस के महाकाव्य में सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति का मूल ग्रंथ माना

# देवताओं की स्तुति गुरुजनों एवं संतों का सम्मान: डा. शिवओम अम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्री राधा** शक्ति श्याम मंदिर लोहई रोड में श्री रामचरितमानस के कथा विराम दिवस पर डा0 शिवओम अम्बर के गहन अध्ययन चिंतन के तात्विक विमोचन में गोस्वामी तुलसीदास ने मानस के महाकाव्य में सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति का मूल ग्रंथ माना। जिसमें वेदों की सूक्तियां नाना प्रकार के पुराण, शास्त्र, उपनिषदों की व्याख्या सरल हिंदी में की। सप्तम सोपान उत्तर काण्ड में श्रीलंका की विजय यात्रा, श्री राम जी का राजभिषेक, स्वास्तिक वचन मंगलाचरण, देवताओं की स्तुति गुरुजनों एवं संतों का सम्मान श्री राम द्वारा अपनी प्रजा को उपदेश, वनवासियों, नर नारी, बंदरो की विदाई, पुत्रों उत्पत्ति और अपने समय के अनुसार पूर्व जन्मों के अनुसार परमधाम को जाना, श्री रामचरितमानस के ग्रंथ में गूढ तत्वो का विमोचन किया। उत्तर काण्ड के सप्तम सोपान के फल श्रुति कलयुग में जो व्यक्ति श्रीरामचरितमानस का स्वाध्याय पाठ करता है। उसके जीवन के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। यह पवित्र पावन ग्रंथ सदा कल्याणकारी, मंगलकारी, ज्ञान विज्ञान, अध्याय ईश्वर



कथा में प्रवचन करते डा0 शिवओम अम्बर व मौजूद भक्तगण

की भक्ति देने वाला, मोह माया, क्रोध, लोभ, ईष्या का नाश करता है। परम निर्मल प्रेम रूपी जल से परपूर्ण तथा मंगलकारी है। संसार रूपी भव सागर में सूर्य के प्रचंड तप से जलते नहीं है। अर्थात परब्रहम श्री राम जी के कृपा पात्र बन जाते हैं अर्थात सदैव उनके कल्याण हो जाता है। उत्तर काण्ड कि यह फल श्रुति मानस के अंतिम चौपाई में इसका वर्णन मिलता है। डॉ0 शिवओम अंबर को राम भक्तों, श्रोताओ ने पुष्माला स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र से सम्मानित किया। आयोजन समिति ने भक्तों को जीवन में स्वयं चिंतन मनन के लिए रामचरितमानस को भेंट किया। सभी के मंगल में जीवन की कामना के साथ भगवान की श्यन आरती एवं प्रसाद वितण के साथ मानस की कथा का विश्राम किया गया। कार्यक्रम में अलका पांडे, राघव दत्त मिश्रा, अशोक मिश्रा, गरिमा पांडे, अनूप मिश्रा, अशोक गर्ग, रमेश चंद त्रिपाठी, सुरेंद्र सफ्फड़, इंदिरा पांडे, रेनू सिगतिया, हर्षित सिगतिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण : मुर्मु

▸ विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि लोगों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है।

श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं।


श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है। जब किसी धर्म या संप्रदाय के अनुयायी अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे कट्टरता का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं। ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तिकरण के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया है।

### आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देकर विश्व बंधुत्व को मजबूत करने का यह एक अमूल्य व अथक प्रयास

आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देकर विश्व बंधुत्व को मजबूत करने का यह एक अमूल्य प्रयास है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह सराहना का विषय है कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान संभवतः महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संस्थान है। उन्होंने कहा कि इस संगठन में ब्रह्माकुमारियां आगे रहती हैं और उनके सहयोगी ब्रह्माकुमार पृष्ठभूमि में काम करते हैं। ऐसे अनूठे सामंजस्य के साथ यह संस्था निरंतर आगे बढ़ रही है। ऐसा करके उसने विश्व समुदाय के समक्ष आध्यात्मिक प्रगति एवं महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# फिटनेस संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया धनखड़ ने

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पंचायत स्तर पर औषधीय पौधों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि कॉर्पोरेट नेताओं से कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के माध्यम से अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने चाहिए।

श्री धनखड़ ने कर्नाटक के बेलगावी में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन (एनआईटीएम) के 18वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एक फिटनेस संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय फिट और स्वस्थ रहे, और भारत के विकसित के अभियान में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और योग को शामिल करते हुए भारत की पारंपरिक चिकित्सा का समृद्ध भंडार पूर्वजों के गहन ज्ञान का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ये विज्ञान, दर्शन और आध्यात्मिकता का एक आदर्श मिश्रण हैं और मन, शरीर और आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर देते हैं।

# अंतरिम जमानत बढ़ाने की अरविंद केजरीवाल की नई याचिका को भाजपा ने बताया नौटंकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने के लिए जो याचिका दायर की है, उसे भारतीय जनता पार्टी ने नौटंकी करार दिया है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर सात दिन की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग महज नौटंकी है। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक रहा है, लेकिन जब जेल जाने का वक्त आया है तो उनका स्वास्थ्य खराब होने लगा है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सिर्फ बहानों और झूठ की दुकान चलाते हैं। इसलिए अब वह अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए नये बहाने बना रहे हैं। सचदेवा ने केजरीवाल से सवाल किया कि यदि उनको अपने स्वास्थ्य का इतना ही ध्यान था तो उन्होंने इंडी गठबंधन या आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार दिल्ली में क्यों किया। अभी फिलहाल पंजाब में 3 दिवसीय चुनाव प्रचार करने चले गए हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल का स्वास्थ्य चुनाव प्रचार के दौरान सही था, जब जेल जाने का समय आया तो उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव प्रचार करके अब अरविंद केजरीवाल पंजाब गए हैं और वहां वह कोई नौटंकी कर सकते हैं। वह पंजाब के किसी अस्पताल में भर्ती भी हो सकते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दो तीन दिन में अब संभव है केजरीवाल पंजाब में किसी मंच पर या रोड शो वाहन में बोलते बोलते गिर जायें और हमे बताया जाये कि उनका शुगर लेवल बहुत गिर गया है या उनकी कीटोन बिगड़ गई है। सचदेवा ने कहा की देश की जनता अब केजरीवाल की नौटंकीबाज़ी को भली भांति समझ चुकी है और जनता पंजाब में भी विकसित राष्ट्र बनाने के लिए वोट डालेगी।

### केजरीवाल को जेल जाना ही होगा

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि खुद की सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था को वर्ल्ड क्लास बताने वाले केजरीवाल आज तक कभी अपनी तबियत खराब होने पर दिल्ली के किसी सरकारी अस्पताल में नहीं गए हैं, जनता अब यह सब देख रही है। सचदेवा ने कहा कि अंतरिम जमानत को बढ़ाने के लिए केजरीवाल चाहे जितने भी बहाने बना लें लेकिन उन्हें जेल जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के खजाने और दिल्लीवासियों को लूटने वाले अब बचने वाले नहीं है।

# मालीवाल मामला : महिला आयोग ने तीन दिन में पुलिस आयुक्त से मांगी रिपोर्ट

▸ राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिखा पुलिस आयुक्त को पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर आरोपितों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने पुलिस आयुक्त से आरोपित के साथ मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित व्यक्तियों की कॉल डीटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करने को भी कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को ट्वीट करके कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले का आयोग ने संज्ञान लिया है। सोमवार को आयोग ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर मामले के आरोपित बिभव और मुख्यमंत्री केजरीवाल सहित सभी संबंधित लोगों की सीडीआर की जांच करने को कहा है और स्वाति मालीवाल के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियों की जांच करने के साथ आरोपितों के साथ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आयोग ने इस मामले में की गई सभी कार्रवाइयों की रिपोर्ट तीन दिन में सौंपने को कहा है। उल्लेखनीय है कि स्वाति मालीवाल ने रविवार को दावा किया कि आप नेता और इसके वॉलंटियर्स ने उनके खिलाफ जिस तरह से कथित तौर पर चरित्र हनन अभियान चलाया, इसके बाद अब उन्हें बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी पर उनके खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट करके नफरत भरे अभियान को और बढ़ाने का आरोप लगाया। स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है।

# सोनिया, खड़गे, राहुल ने पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर किया नमन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीमती गांधी और श्री खडगे ने सुबह पंडित नेहरू के समाधि स्थल शांति वन जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अपने कुशल नेतृत्व तथा सशक्त निर्णय से आधुनिक भारत की नींव रखने वाले पंडित नेहरू को शत्त-शत्त नमन।

श्री खडगे के कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक तथा विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एव हमारे प्रेरणास्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। हिन्द के जवाहर को पुण्यतिथि पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। देश उन्नत, प्रगति तथा एकता के लिए नेहरू को उदधृत करते हुए उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था, देश की रक्षा, देश की उन्नति, देश की एकता ये हम सबका राष्ट्रीय धर्म है। ये हम अलग अलग धर्म पर चलें, अलग- अलग प्रदेश में रहें, अलग भाषा बोलें, पर उससे कोई दीवार हमारे बीच खड़ी नहीं होनी चाहिए। सब लोगों को उन्नति में बराबर का मौका मिलना चाहिए। हम नहीं चाहते कि हमारे देश में कुछ लोग बहुत बड़े अमीर हों और अधिकतर लोग गरीब हों। आज भी कांग्रेस पार्टी उसी न्याय के रास्ते पर चल रही है।

श्री गांधी ने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन-स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र स्थापन, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया। उनके मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### पीएम मोदी ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# भाजपा आरक्षण, संविधान, चुनावी व्यवस्था खत्म करना चाहती है : केजरीवाल

**एजेंसी, अमृतसर।**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 400 सीट जीतकर आरक्षण, संविधान और चुनावी व्यवस्था खत्म करना चाहती है।

श्री केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कहते हैं कि उन्हें 400 सीट चाहिये। उन्होंने कहा कि मोदी जी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। हमने इसका कारण पता लगाया कि क्यों चाहिये, तो पता चला कि ये पिछड़े और अनुसूचित जातियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। लेकिन मैं इनसे लड़ रहा हूं, संघर्ष कर रहा हूं। हम किसी हालत में इन्हें आरक्षण खत्म नहीं करने देंगे।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी कभी भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि मुद्दों पर बात तक नहीं करते। काम की बात करने के बजाय, वह लोगों से मंगलसूत्र और भैंस के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

▸ मोदी कभी भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि मुद्दों पर बात नहीं करते

▸ पीएम लोगों से मंगलसूत्र और भैंस के नाम पर वोट मांग रहे हैं

श्री केजरीवाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब सरकार पर दिये बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि वह खुलेआम पंजाब सरकार को गिराने की धमकी देकर गये हैं। उनके कहने का स्पष्ट मतलब था कि चार जून के बाद हम आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदकर या तोड़कर पंजाब सरकार गिरा देंगे। उन्होंने श्री शाह से कहा कि पंजाबियों का दिल बहुत बड़ा है, इनसे आप प्यार से कुछ मांग तो जरूर दे देंगे, लेकिन पंजाबियों को धमकी मत दो। वे आपको पंजाब में घुसने नहीं देंगे।

श्री केजरीवाल आज यहां व्यापारी कारोबारी मिलनी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### उद्योग के बिना किसी भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती

श्री केजरीवाल ने पंजाब के आढ़तियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपको बिचौलिया कहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश के विकास के लिये किसान और मजदूर महत्वपूर्ण है, उसी तरह व्यापारी, कारोबारी और उद्योगपति भी महत्वपूर्ण है। उद्योग के बिना किसी भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। देश की अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान उद्योगपतियों का होता है। उन्होंने कहा कि अभी केंद्र सरकार पंजाब के करीब साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये रोक रखी हैं, जिसमें 5500 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास धन के है। इस पैसे से पंजाब के गांवों की सड़कें और अन्य ग्रामीण विकास के काम होने थे। इसके अलावा केंद्र सरकार नेशनल हेल्थ मिशन के पैसे रोक रखी है, जिससे पंजाब में मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों के सुधार के काम होने थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के परेशान करने के बावजूद हमने सिर्फ दो साल में अपने लगभग सभी चुनावी वादों को पूरा किया। हमारी सरकार ने पंजाब में भ्रष्टाचार खत्म किया, जिससे सरकारी पैसे की काफी बचत हो रही है। उस पैसे से हम पंजाब के लोगों को मुफ्त बिजली दे रहे हैं। आप संयोजक ने कहा कि भाजपा विपक्ष शासित राज्य सरकारों को परेशान करती है। अब वह खुलेआम तानाशाही और गुंडागर्दी पर उतर आयी है, जिस राज्य में वह हार जाते हैं, वहां राज्यपाल के माध्यम से राज्य सरकार को परेशान करते हैं। पंजाब के भी राज्यपाल ने हमारी सरकार के कई महत्वपूर्ण बिल रोक रखे हैं।

# उत्तराखंड : पूर्णागिरी दर्शन को आई उप्र के महिला की चक्कर आने के बाद मौत

**एजेंसी, टनकपुर (चंपावत)।** उत्तराखंड के पूर्णागिरि धाम क्षेत्र के हनुमानचट्टी के पास चक्कर आने से गिरी उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी एक महिला की मौत हो गई। यह महिला अपने परिजनों के संग मां पूर्णागिरि दर्शन को जा रही थीं। उत्तर प्रदेश के जिला कासगंज के गांव गंजुरवाला की रहने वाली 38 वर्षीय गुड्डी देवी पत्नी डालचंद अपने परिजनों संग मां पूर्णागिरि के दर्शनों को जा रही थीं। मृतक महिला की जेठानी सुनीली देवी ने बताया कि उनकी देवरानी गुड्डी ने हुनमानचट्टी के पास जलजीरा पानी पिया, जिसके बाद से उन्हें लगातार उल्टी होने लगी। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद ही वह बेहोश होकर जमीन में जा गिरी। परिजनों ने महिला को तुरंत उपजिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने बताया कि महिला की उपजिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है।

# बिहार के पालीगंज में जनसभा के दौरान धंसा राहुल गांधी का मंच




**एजेंसी, पटना।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर और पालीगंज में सोमवार को जनसभाओं को संबोधित कया। पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज में राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे मंच का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान पाटलिपुत्रा से आईएनडीआई गठबंधन से राजद की उम्मीदवार मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़कर उन्हें संभाला। राहुल गांधी ने कहा कि मैं ठीक हूं और मुस्कुराते हुए जनसभा की शुरूआत कर लोगों का अभिवादन किया।

राहुल ने पालीगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक इंटरव्यू में मोदी जी ने कहा था कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता परमात्मा लेते हैं। ये ऐसा ईडी से बचने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ईडी उनसे अडाणी पर सवाल करेगी। प्रधानमंत्री को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए और देश को बांटने की कोशिश मत करिए। इससे पहले राहुल गांधी ने बख्तियारपुर में कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए इस बात की गारंटी दी कि नरेन्द्र मोदी इस बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।


# खराब मौसम के कारण झारखंड के साहिबगंज में नहीं उतरा राजनाथ का हेलिकॉप्टर



**एजेंसी, साहिबगंज (झारखंड)।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य में कुल तीन सीटों पर मतदान होना है। इसके मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साहिबगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाले थे लेकिन खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। फिर उन्होंने फोन से भाषण दिया।

# जम्मू-कश्मीर ने 58.46 प्रतिशत मतदान के साथ रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।**





देश की चुनावी राजनीति में जम्मू-कश्मीर ने पिछले 35 वर्षों में अबकी बार सबसे अधिक मतदान कर इतिहास रच दिया। आम चुनाव 2024 में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर संयुक्त मतदाता मतदान (वीटीआर) 58.46 प्रतिशत था। यह महत्वपूर्ण भागीदारी क्षेत्र में लोगों की मजबूत लोकतांत्रिक भावना और नागरिक भागीदारी का प्रमाण है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ केंद्र शासित प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं को चुनाव आयोग की तरफ से बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि 2019 के बाद से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि की विश्वसनीय बुनाई पर आधारित है, सी-विजिल शिकायतें बढ़ी हुई नागरिक भागीदारी दिखा रही हैं और सुविधा पोर्टल रैलियों आदि के लिए 2455 अनुरोध दिखा रहा है। यह चुनाव और प्रचार क्षेत्र में झिझक से दूर और पूर्ण भागीदारी की ओर लगातार हो रहे बदलाव को दर्शाता है।

चुनावी लामबंदी और भागीदारी के इस परिणाम की तुलना प्रसिद्ध कश्मीरी कारीगर बुनाई की प्रसिद्धि और निपुणता की याद दिलाती है। यह सक्रिय भागीदारी जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात है ताकि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया चलती रहे।

### मतदान भागीदारी प्रतिशत में 2019 में अंतिम आम चुनाव से 30 अंक की बढ़ोतरी देखी गई


आयोग के अनुसार कश्मीर घाटी में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 50.86 प्रतिशत मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। मतदान भागीदारी प्रतिशत में 2019 में अंतिम आम चुनाव से 30 अंक की बढ़ोतरी देखी गई, जहां यह 19.16 प्रतिशत था। घाटी के तीन संसदीय क्षेत्रों श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग–राजौरी में क्रमशः 38.49 प्रतिशत, 59.1 प्रतिशत और 54.84 प्रतिशत वीटीआर दर्ज किया गया, जो पिछले 3 दशकों में सबसे अधिक है। केंद्र शासित प्रदेश के अन्य दो निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात् उधमपुर और जम्मू में क्रमशः 68.27 प्रतिशत और 72.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आयोग ने बयान में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में ऐतिहासिक भागीदारी का एहसास चुनाव और सुरक्षा अधिकारियों के प्रयासों से हुआ, जिन्होंने जम्मू–कश्मीर के लोगों, विशेषकर युवाओं को चुनाव में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास किया था। अधिकतर युवाओं ने अपनी आस्था व्यक्त की है और बड़े पैमाने पर लोकतंत्र को अपनाया है। एक और दिलचस्प परिप्रेक्ष्य 18–59 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाताओं का है, जो केंद्र शासित प्रदेश में मतदाताओं का प्रमुख हिस्सा हैं। आम चुनाव 2024 में उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र में उनके विश्वास को दर्शाता है, जो एक सकारात्मक और उत्साहजनक विकास है।

**उत्तराखंड आने वाले चारधाम यात्री रहें सतर्क**

# गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

▸ 31 मई तक मौसम विभाग ने जारी किया मौसम का पूर्वानुमान, बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, देहरादून।**



उत्तराखंड आने वाले चारधाम यात्री सतर्क रहें। चारधाम यात्रा रूट पर अगले चार दिन तक बारिश की संभावना है। ऐसे में यात्रियों को सावधानीपूर्वक यात्रा करने के साथ सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग ने चारधाम तीर्थयात्रियों को सलाह देते हुए आग्रह किया है कि तीर्थयात्री बारिश होने पर यात्रा करने से बचें। मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेने के बाद यात्रा करें। चारधाम यात्रा के दौरान रात होने से पहले अपने गंतव्य पर पहुंचे। खाने-पीने की चीजें यात्रा के दौरान साथ रखें। गर्म कपड़े और जरूरी दवाएं साथ लेकर यात्रा पर चलें।

उत्तराखंड में मई का महीना सबसे गर्म रहा। लेकिन अब मौसम करवट लेने वाला है। पहाड़ी इलाकों में अगले चार दिन मौसम का मिजाज बदला रहेगा। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। हालांकि मैदानी इलाकों में अब भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में अब प्रदेश में मौसम के दो रूप देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में इन दिनों गर्मी भरा मौसम है। लोग चिलचिलाती गर्मी से परेशान हैं तो वहीं अब पहाड़ी इलाकों में आफत की बारिश होने वाली है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने प्रदेश में 27 मई से लेकर 31 मई तक प्रदेश के 10 जिलों देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, टिहरी, पौड़ी और अल्मोड़ा में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

28 मई को उत्तराखंड के 11 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, चंपावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल, रुद्रप्रयाग और अल्मोड़ा में बारिश हो सकती है। साथ ही 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है तो वहीं हरिद्वार और उधम सिंह नगर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 31 मई तक उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है।

केदारनाथ धाम उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बद्रीनाथ धाम चमोली जिले में है। इस धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम उत्तरकाशी जिले में हैं।